CMYK

26 JANUARY HAPPY REPUBLIC DAY

# शाह टाइम्स

लखनऊ, सोमवार 26 जनवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 82 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com | माघ शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 6 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

### जश्न-ए-जम्हूरियत



गणतंत्र दिवस के मौके पर सभी देशवासियों को

दिली मुबारकबाद

- सम्पादक

### अवकाश सूचना

गणतंत्र दिवस के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 28 जनवरी 2026 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

# 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कारों का ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया। दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र समेत 5 हस्तियों को पद्म विभूषण सम्मान दिया जाएगा।

झारखंड के पूर्व सीएम दिवंगत नेता शिबू सोरेन और बॉलीवुड सिंगर अलका याग्निक समेत 13 हस्तियों को पद्म भूषण से सम्मानित किया जाएगा। क्रिकेटर रोहित शर्मा, पैरा एथलीट प्रवीण कुमार, महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, हॉकी प्लेयर सविता पूनिया समेत 113 हस्तियों को पद्मश्री के लिए चुना गया है। पद्म पुरस्कार विजेताओं में से 19 महिलाएं हैं। इनमें 6 विदेशी / एनआरआई/ पीआईओ/ ओसीआई कैटेगरी के लोग भी हैं। 16 हस्तियां ऐसी हैं, जिन्हें मरणोपरांत पुरस्कार दिए जा रहे हैं। धर्मेन्द्र समेत 5 हस्तियों को पद्म विभूषण दिया जाएगा। शिबू सोरेन-अलका याग्निक समेत 13 हस्तियों को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। रोहित शर्मा-हरमनप्रीत समेत 113 हस्तियों को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। इन्हें भी दिया गया पद्मश्री-गफरुद्दीन मेवाती 'पांडुन का कड़ा' के एकलौते गायक, गफरुद्दीन को 2024 में संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप सम्मान मिल चुका है। राजस्थान के डीग जिले के रहने वाले गफरुद्दीन मेवाती जोगी भपंग वादक और 'पांडुन का कड़ा' गायक हैं। वे पांडुन का कड़ा के एकलौते लोक गायक हैं। गफरुद्दीन को 2024 में संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप सम्मान मिल चुका है। उन्होंने देश-विदेश में कई जगह भपंग वादन और पांडुन का कड़ा की प्रस्तुतियां दी है। उन्हें पांडुन का कड़ा के 2500 से ज्यादा दोहे याद हैं। देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों- पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण में प्रदान किए जाते हैं। ये पुरस्कार कला, समाज सेवा, साइंस, इंजीनियरिंग, बिजनेस, इंडस्ट्री, चिकित्सा, साहित्य, शिक्षा, खेल और सिविल सेवा जैसे विविध क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए दिए जाते हैं।



**धर्मेन्द्र को पद्म विभूषण, रोहित शर्मा को दिया जाएगा पद्मश्री सम्मान**

**शिबू सोरेन-अलका याग्निक को पद्म भूषण पुरस्कार सम्मान**

# बेटियों ने क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतकर कीर्तिमान बनाया: मुर्मू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश को संबोधत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस उत्सव देशवासियों में राष्ट्रीय एकता तथा गौरव की भावना को मजबूत बनाता है। राष्ट्रीय एकता के स्वरूपों को जीवंत बनाए रखने का प्रत्येक प्रयास अत्यंत सराहनीय है। मैं, आप सभी को गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व की हार्दिक बधाई देती हूं। मुर्मू ने कहा कि गणतंत्र दिवस के साथ-साथ वंदेमातरम् के 150 साल पूरे होने का पर्व भी मनाया जा रहा है।

साल 2021 से नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाता है। गणतंत्र दिवस का पावन पर्व हमारे अतीत, वर्तमान और भविष्य में देश की दशा और दिशा का अवलोकन करने का अवसर होता है। हमारे देश की दशा बदली। भारत स्वाधीन हुआ। हम अपनी राष्ट्रीय नियति के निर्माता बने। उन्होंने कहा कि 57 करोड़ जन-धन अकाउंट में 56 फीसदी महिलाओं के अकाउंट हैं। 10 करोड़ से ज्यादा सेल्फ हेल्प ग्रुप हैं। खेलकूद में हमारी बेटियों ने कीर्तिमान स्थापित किए हैं। महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप, ब्लाइंड वर्ल्ड कप जीता है। नारी शक्ति अधिनियम से देश की महिलाएं और सशक्त होंगी। वंचित वर्ग की योजनाओं को लगातार बढ़ाया जा रहा है। महिलाओं का सक्रिय और समर्थ होना देश के विकास के लिए जरूरी है। उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे राष्ट्रीय प्रयासों से अनेक क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थ-व्यवस्था है। विश्व-पटल पर अनिश्चितता के बावजूद भारत में निरंतर आर्थिक विकास हो रहा है। हम, निकट भविष्य में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे पुलिसकर्मी और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस के जवान देश की आंतरिक रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। हमारे सेवाधर्मी डाक्टर, नर्स, स्वास्थ्यकर्मी देशवासियों की सेवा करते हैं। हमारे इंजीनियर देश के विकास में भूमिका निभाते हैं। हमारे देश के संवेदनशील नागरिक देश को सशक्त बना रहे हैं। किसानों के दम पर कृषि प्रोडक्ट्स विदेश में भेजे जा रहे हैं। 25 जनवरी को देश में राष्ट्र मतदाता दिवस भी मनाया जाता है। जन-प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए हमारे वयस्क नागरिक उत्साहपूर्वक मतदान करते हैं। बाबा साहब डाक्टर भीमराव आंबेडकर मानते थे कि मताधिकार के प्रयोग से राजनैतिक शिक्षा सुनिश्चित होती है। मतदान में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी देश के विकास में बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, कश्मीर रेल प्रोजेक्ट, विकास, लोकतंत्र और अर्थव्यवस्था जैसे विषयों पर बात रखी। उन्होंने कहा कि इस साल हमें आतंकवाद का दर्द झेलना पड़ा। पहलगाम हमला कायराना और अमानवीय था। इसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने सीमापार आतंकियों के ठिकानों को तबाह किया। यह आत्मनिर्भर भारत मिशन की परीक्षा का भी अवसर था।उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे राष्ट्रीय प्रयासों से अनेक क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थ-व्यवस्था है। विश्व-पटल पर अनिश्चितता के बावजूद भारत में निरंतर आर्थिक विकास हो रहा है। हम, निकट भविष्य में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे पुलिसकर्मी और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस के जवान देश की आतंरिक रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। हमारे सेवाधर्मी डाक्टर, नर्स, स्वास्थ्यकर्मी देशवासियों की सेवा करते हैं। हमारे इंजीनियर देश के विकास में भूमिका निभाते हैं। हमारी देश के संवेदनशील नागरिक देश को सशक्त बना रहे हैं। किसानों की दम पर कृषि प्रोडक्ट्स विदेश में भेजे जा रहे हैं। 25 जनवरी को देश में राष्ट्र मतदाता दिवस भी मनाया जाता है। जन-प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए हमारे वयस्क नागरिक उत्साहपूर्वक मतदान करते हैं। बाबा साहब डाक्टर भीमराव आंबेडकर मानते थे कि मताधिकार के प्रयोग से राजनैतिक शिक्षा सुनिश्चित होती है। मतदान में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी देश के विकास में बहुत महत्वपूर्ण है।



**गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति बोलीं: भारत जल्द विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा**

## संक्षिप्त समाचार

### ऐ वतन, ऐ वतन.. के रचयिता ताहिर फराज का निधन

**मुंबई।** उर्दू अदब के मशहूर और प्रतिष्ठित शायर ताहिर फराज (72) का शनिवार देर रात यहां निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। रामपुर के रहने वाले ताहिर फराज का जन्म 29 जून 1953 को उत्तर प्रदेश के बदायूं में हुआ था। फिल्मों के लिए काम और मुशायरों के सिलसिले में पूरी दुनिया में आने-जाने वाले श्री फराज मुंबई एक शादी समारोह में भाग लेने गए थे। वहीं उनके सीने में तेज दर्द हुआ और एक अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। ताहिर फराज मंच के मकबूल शायर थे। उनकी गजलें सीधे लोगों के दिलों तक पहुंचती थी। उन्होंने फिल्मों के लिए भी गाने लिखे और उनकी गजलों को जगजीत सिंह जैसे गायकी के उस्तादों ने आवाज दी।

### दिग्गज पत्रकार मार्क टुली का निधन

**नई दिल्ली।** दिग्गज पत्रकार और ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) के पूर्व संवाददाता मार्क टुली का रविवार को नई दिल्ली में निधन हो गया। वह करीब 90 वर्ष के थे। ब्रिटिश मूल के इस पत्रकार की ख्याति ऐसी थी कि ब्रिटिश नागरिकता के बावजूद उन्हें 'दिल' से भारतीय कहा जाता था। उनका जन्म 1935 में कोलकाता में हुआ था और वहीं उनका बचपन बीता। फिर वह अपनी स्कूली शिक्षा के लिए दार्जिलिग के बोर्डिंग स्कूल चले गए। इक्कीस साल की उम्र में वह कॉलेज की पढ़ाई के लिए लंदन चले गए, जहां उन्होंने कैंब्रिज विश्वविद्यालय से पढ़ाई करने के बाद पादरी बनने के लिए सोचा, लेकिन वह फौज में चले गए।

### राहुल गांधी ने फिर उठाया वायु प्रदूषण का मुद्दा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण का मुद्दा फिर उठाते हुए कहा है कि इससे बच्चों और बुजुर्गों पर बुरा असर पड़ रहा है और दिहाड़ी मजदूरों का जीवन अत्यधिक प्रभावित हो रहा है। श्री गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वायु प्रदूषण की भारी कीमत हम चुका रहे हैं।

# गणतंत्र दिवस पर 982 पुलिस कर्मियों को सेवा मेडल

**■ इनमें 125 वीरता पदक शामिल**
**■ जम्मू-कश्मीर पुलिस को सबसे ज्यादा 45 मेडल**

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के एक दिन पहले रविवार को केंद्र सरकार ने गैलेंट्री अवॉर्ड्स और सर्विस मेडल की घोषणा की। इस बार 982 पुलिस, फायर ब्रिगेड, होम गार्ड, सिविल डिफेंस और करेक्शनल सर्विस से जुड़े कर्मियों को बेहतरीन (उत्कृष्ट) सेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा।

इनमें 125 वीरता पदक (गैलेंट्री मेडल्स) भी शामिल हैं। सबसे ज्यादा 45 वीरता पदक जम्मू और कश्मीर ऑपरेशन थिएटर में तैनात कर्मियों को दिए गए हैं। यहां ऑपरेशन थिएटर का मतलब वह जगह या इलाका, जहां लंबे समय तक आतंकवाद, घुसपैठ के खिलाफ और कानून-व्यवस्था से जुड़े ऑपरेशन चलते रहते हैं। नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों के 35 और पूर्वोत्तर क्षेत्र में तैनात 5 कर्मियों को इन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। फायर ब्रिगेड सर्विस के 4 बचावकर्मियों को भी वीरता पदक के लिए चुना गया। जम्मू-कश्मीर पुलिस को सबसे ज्यादा 33 वीरता पदक मिले हैं। इसके बाद महाराष्ट्र पुलिस (31), उत्तर प्रदेश पुलिस (18) और दिल्ली पुलिस (14) का स्थान है।

# मन की बात- नए वोटर्स के लिए मिठाई बांटें: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ पीएम ने मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दीं, कहा: भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 130वें एपिसोड में मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मतदाता ही लोकतंत्र की आत्मा होता है।

लोगों से नए वोटर्स के लिए मिठाई बांटने की अपील की। पीएम ने सोशल मीडिया पर चल रहे 2016 की तस्वीरें शेयर करने के ट्रेंड पर बात की। उन्होंने अपनी सरकार के काम पर बात करते हुए कहा कि भारत में आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको सिस्टम बन चुका है। ये स्टार्टअप लीक से हटके हैं, जिनके बारे में 10 साल पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उन्होंने कहा कि मैं अपने उन सभी युवा साथियों को सैल्यूट करता हूं, जो किसी न किसी स्टार्टअप से जुड़े हैं या नया स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं। पीएम ने भारतीय प्रोडक्ट्स को लेकर कहा कि हम सभी का एक ही मंत्र हो क्वालिटी, क्वालिटी और क्वालिटी। इंडियन प्रोडक्ट का मतलब बन जाए क्वालिटी। हम संकल्प लें कि क्वालिटी से कोई समझौता नहीं होगा।


# आज के कटु संबंधों को देखते हुए असंभव सी बात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ भारत ने जब गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया पाकिस्तान को**

**नई दिल्ली।** भारत अपने गणतंत्र दिवस के अवसर पर लगभग हर साल किसी न किसी देश के शासनाध्यक्ष या राजनेता को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करता रहा है।

यह आमंत्रण दो देशों या समूहों के बीच कूटनीतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण साधन के रूप में इस्तेमाल होते रहे हैं, लेकिन ऐसा भी हुआ है कि इस समारोह में पड़ोसी और धुर-प्रतिद्वंद्वी देश पाकिस्तान के राजनेताओं को दो बार आमंत्रित किया है। अपने पांचवें गणतंत्र दिवस (1955) में भारत ने पहली बार अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान के तत्कालीन गवर्नर जनरल मलिक गुलाम मोहम्मद को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। यह आज के कटु संबंधों को देखते हुए एक असंभव सी बात लगती है, लेकिन तब भी रिश्तों में कोई बहुत मिठास नहीं थी, हालांकि तब इतनी खटास भी नहीं थी। दोनों नवनिर्मित देश अपनी-अपनी समस्याओं से तो जूझ ही रहे थे, लेकिन अपने संबंधों को लेकर भी जूझ रहे थे, ऐसे में भारत ने मलिक गुलाम मोहम्मद को आमंत्रित कर एक उदार और साहसी कदम उठाया था। मलिक गुलाम मोहम्मद ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से पढ़ाई की थी और हैदराबाद निजाम के लिए वित्तीय सलाहकार के रूप में काम किया था। तब दोनों देशों के आकार लेते रिश्तों की पृष्ठभूमि में भारत यह उम्मीद कर रहा था कि श्री मोहम्मद के भारत से व्यक्तिगत जुड़ाव का दोनों देशों के संबंधों को सकारात्मक लाभ होगा।



## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र के किसानों को बड़ी राहत: केंद्र खरीदेगा 3.37 लाख टन अरहर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र के किसानों के हित में रविवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए राज्य के किसानों से 3.37 लाख टन तूअर (अरहर) दाल की खरीद को हरी झंडी दे दी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। इस मद में लगभग 2,696 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। महाराष्ट्र के विपणन मंत्री जयकुमार रावल के साथ हुई उच्चस्तरीय बैठक में चौहान ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबध है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि खरीद की प्रक्रिया इस तरह से संचा. लित की जाए कि बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त हो जाए और लाभ सीधे वास्तविक किसानों की जेब तक पहुंचे। किसानों की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए चौहान ने नेफेड और एनसीसीएफ को निर्देश दिया कि वे राज्य सरकार के साथ बेहतर तालमेल बिठाकर काम करें।

### शंकराचार्य विवाद के जल्द समाधान का है भरोसा: डा. इंदेश

**इटावा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े मुस्लिम मंच के संयोजक डॉ. इंद्रेश कुमार ने दावा किया है कि प्रयागराज में शंक. राचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के मुद्दे को लेकर चल रहा विवाद का समाधान जल्द निकल आएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े मुस्लिम मंच के संयोजक डॉ. इंद्रेश कुमार इटावा मुख्यालय पर स्थापित नारायण कॉलेज में आयोजित खिचड़ी भोग में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उत्तर प्रदेश के साधु संत, महात्मा और सरकार इस मामले को सुलझाने में पूरी तरह सक्षम हैं।

# अहंकार में धार्मिक धरोहरें मिटा रही भाजपा: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** वाराणसी में दालमंडी चौड़ीकरण व घाटों के सौंदर्यीकरण को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही तोड़फोड़ पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह 'भाजपाई अहंकार का भूकंप' है, जो मंदिरों को नुकसान पहुंचा रहा है और पूज्य वृक्षों की जड़ों तक उखाड़ी जा रही हैं।

रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि धार्मिक स्थलों, संत-महात्माओं और सदियों पुरानी विरासत के साथ इस तरह का व्यवहार बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेतृत्व विकास के नाम पर देश की सांस्कृतिक



■ वाराणसी में दालमंडी चौड़ीकरण व घाटों के सौंदर्यीकरण को लेकर तीखा हमला बोला

पहचान को नुकसान पहुंचा रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि इन दृश्यों को देखकर हर संवेदनशील नागरिक का मन विचलित होना स्वाभाविक है। उन्होंने भाजपा पर समाज में विभाजन पैदा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार को ऐसे किसी भी कार्य से बचना चाहिए, जिससे धार्मिक सौहार्द और सामाजिक एकता प्रभावित हो। अखिलेश यादव ने भाजपा समर्थकों से भी आत्ममंथन करने की अपील करते हुए कहा कि देश और समाज सर्वोपरि हैं और किसी भी राजनी. तिक एजेंडे से ऊपर होने चाहिए।

सपा अध्यक्ष ने मांग की कि वाराणसी समेत प्रदेश के अन्य स्थानों पर हो रहे कार्यों की निष्पक्ष समीक्षा कराई जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सौंदर्यीकरण या विकास के नाम पर किसी भी धार्मिक स्थल, ऐतिहासिक धरोहर या पर्यावरण को क्षति न पहुंचे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी इस मुद्दे को गंभीरता से उठा रही है और जरूरत पड़ी, तो जनभावनाओं की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन भी करेगी।

## जनगणना पर अखिलेश का बयान राजनीतिक हताशा का परिचायक: श्रीवास्तव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा जनगणना में जाति कॉलम को लेकर दिए गए बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि अखिलेश यादव का यह बयान बौधिक खोखलेपन के साथ-साथ राजनीतिक हताशा और निराशा को दर्शाता है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि अखिलेश यादव एक तरफ खुद को अनुभवी सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री बताते हैं, वहीं दूसरी ओर बिना तथ्य जाने जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा केंद्रीय जनगणना अधिनियम 1948 के अंतर्गत 22 जनवरी 2026 को जारी राजाज्ञा के बिदु संख्या 12 में स्पष्ट रूप से अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग सहित अन्य वर्गों का विवरण दर्ज किए जाने का उल्लेख है। उन्होंने कहा कि ऐसे में जनगणना में जाति का कॉलम नहीं होने की बात कहना पूरी तरह भ्रामक है। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव अपने ही सांसदों, विधायकों और कार्यकर्ताओं के बीच मजाक का विषय बनते जा रहे हैं, क्योंकि उनके बयान सरकारी दस्तावेजों से मेल नहीं खाते।

## अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर के बाहर अराजक तत्वों ने किया हंगामा

प्रयागराज, वार्ता

प्रयागराज माघ मेले में शनिवार देर रात शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के शिविर के बाहर कुछ असमाजिक तत्वों ने जमकर हंगामा किया। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की ओर से कल्पवासी थाना अध्यक्ष को दी इस मामले में तहरीर दी गई है, जिसमें उन्होंने इसे स्वयं के लिए खतरा बताते हुए कहा कि शिविर में रह रहे श्रद्धालुओं और शिविर की संपत्ति को भी हो सकता है।

अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अपनी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। तहरीर के मुताबिक शिविर के बाहर कुछ असामाजिक तत्व पहुंच गए, वह हाथों में लाठी डंडे और झंडा लेकर के भगवा झंडा लिए हुए थे। कुछ युवक जबरन शिविर में प्रवेश करने लगे,बाहर से आए युवकों ने उपद्रव मचाने की कोशिश की। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के सेवकों और जबरन घुसे लोगों के बीच हाथापाई हुई। उनके सेवकों ने हंगामा कर रहे लोगों को शिविर से बाहर निकाला। आरोप है कि प्रदर्शन करने आए लोगों ने कुछ आपत्तिजनक नारे भी लगाए। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने चेतावनी दिया है, कि अगर शरारती तत्व शिविर में पुन: प्रवेश करते हैं, तो श्रद्धालुओं और शिविर की संपत्ति को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है।

## विभिन्न नदियों के नाम पर होंगे गणतंत्र दिवस परेड में दर्शक दीर्घाओं के नाम

नई दिल्ली, वार्ता

गणतंत्र दिवस परेड में इस वर्ष अनूठी पहल के तहत परेड देखने आने वाले लोगों के लिए बनी दर्शक दीर्घाओं के नाम देश की विभिन्न नदियों के नाम पर रखे गए हैं। जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार नदियां गहन सांस्कृतिक प्रतीक हैं जो सभ्यताओं की जीवनधारा, सामूहिक विरासत और सांस्कृतिक विविधता के भंडार के रूप में कार्य करती हैं।

नागरिकों को इसका एहसास कराने के लिए इस बार देश भर में बहने वाली नदियों ब्यास, ब्रह्मपुत्र, चंबल, चिनाब, गंडक, गंगा, घाघरा, गोदावरी, सिधु, झेलम, कावेरी, कोसी, कृष्णा, महानदी, नर्मदा, पेन्नार, पेरियार, रावी, सोन, सतलुज, तीस्ता, वैगई और यमुना के नाम पर दर्शक दीर्घाओं का नाम रखा गया है। मंत्रालय का कहना है कि जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के विशेष अतिथि के रूप में कर्तव्य पथ पर इस गणतंत्र दिवस परेड में जल योधाओं सहित कुल 163 विशेष अतिथि होंगे, जिनमें उत्तराखंड के 28, झारखंड के 10, बिहार के 40 और उत्तर प्रदेश के 85 लोग हैं। इसमें राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन और भारतीय वन्यजीव संस्थान के संयुक्त सहयोग से गंगा की पारिस्थितिकी, अखंडता तथा जैव विविधता के संरक्षण और स्वच्छता के लिए काम करने वाले स्थानीय समुदायों से गंगा प्रहरी-नदी के संरक्षक और प्रशिक्षित स्वयंसेवक शामिल हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गंगा प्रहरियों के अलावा, जलीय जीवों यानी डॉल्फीन, कछुओं आदि के संरक्षण और संरक्षण में शामिल निजी नागरिकों, गैर सरकारी संगठनों और नदी संरक्षण और सामुदायिक पहुंच को भी गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए आमंत्रित किया गया है।

### गणतंत्र दिवस पर स्वर्ण, रजत और प्लेटिनम पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे

# सैकड़ों अधिकारी-कर्मचारी बने सम्मान के हकदार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 के अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस के कुल 715 अधिकारियों सहित कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा और विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा।

पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश की ओर से जारी सूची के अनुसार प्रदेश भर के विभिन्न जनपदों, कमिश्नरेट, एसटीएफ, पीएसी, यूपी-112, रेडियो मुख्यालय, सुरक्षा मुख्यालय और अन्य विशेष इकाइयों में तैनात पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह तथा प्रशंसा चिन्ह (स्वर्ण, रजत और प्लेटिनम) प्रदान किए जाएंगे। उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह पाने वालों की टॉप सूची में इंस्पेक्टर सदाशिव मौर्य, पवन कुमार सिंह, लोकेंद्र कुमार



■ कुल 715 पुलिस अधिकारियों सहित कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा और विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा

झा, हरिकेश राय, विनय कुमार सिंह, गुलाब त्रिपाठी और दिलीप कुमार मिश्र के नाम प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा सब-इंस्पेक्टर स्तर पर क्यूआर सिंह, प्रदीप कुमार सिंह और सूर्यभान द्विवेदी को भी उत्कृष्ट श्रेणी में चुना गया है। वीरता पदक पाने वालों में इंस्पेक्टर संतोष कुमार, सब-इंस्पेक्टर सौरभ मिश्रा, हेड कांस्टेबल कविद्र, अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह, इंस्पेक्टर अमीत, हेड कांस्टेबल बैजनाथ राम, मनोज कुमार सिंह, सब-इंस्पेक्टर अतुल चतुर्वेदी, प्रदीप कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल सुशील कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक राकेश, उप पुलिस अधीक्षक धर्मेश कुमार शाही, इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश सिंह, सब-इंस्पेक्टर यशवंत सिंह, उप पुलिस अधीक्षक रजनीश कुमार उपाध्याय, सब-इंस्पेक्टर जर्रार हुसैन, सुनील सिंह तथा कांस्टेबल कुनाल मलिक शामिल हैं। सराहनीय सेवा पदक पाने वालों में आईजी आकाश कुलहरि, अमित पाठक, पुलिस अधीक्षक घनश्याम, डीसीपी नीरज कुमार पांडेय, डीसीपी दीपेंद्र नाथ चौधरी, एसपी राजेश कुमार श्रीवास्तव, डीसीपी अतुल कुमार श्रीवास्तव, कमांडेंट निहारिका शर्मा, डीसीपी डा. प्रवीण रंजन सिंह, कमांडेंट संजीव कुमार बाजपेई, एसपी रोहित मिश्रा, एएसपी प्रेम चंद, कमांडेंट सर्वेश कुमार मिश्रा, एएसपी सत्यपाल सिंह, एएसपी राहुल मिथास और एएसपी राज कुमार प्रमुख हैं।

### शिवांग वर्मा बतौर वॉटर वॉरियर गणतंत्र दिवस परेड में आमंत्रित

**लखनऊ।** जिला गंगा समिति, लखनऊ के जिला परियोजना अधिक. ारी शिवांग वर्मा को नदी संरक्षण एवं जन-जागरूकता के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए गणतंत्र दिवस परेड 2026 के अवसर पर नई दिल्ली में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा द्वारा शिवांग वर्मा का चयन 'वॉटर वॉरियर' के रूप में किया गया है। वर्तमान में जिला गंगा समिति, लखनऊ के साथ जिला परियोजना अधिकारी के रूप में कार्यरत शिवांग वर्मा गोमती नदी के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए बड़े पैमाने पर जन-जागरूकता अभियानों में सक्रिय रूप से संलग्न रहे हैं। उनके प्रयासों का मुख्य फोकस व्यवहार परिवर्तन, सामुदायिक सहभागिता और नदी-कें. द्रित पर्यावरणीय उत्तरदायित्व पर रहा है। यह कार्य जिला मजिस्ट्रेट, लखनऊ विशाख जी के मार्गदर्शन तथा प्रभागीय वन अधिकारी, लखनऊ सितांशु पांडेय के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में किया जा रहा है। गोमती नदी के अतिरिक्त, शिवांग वर्मा ने कुकरैल नदी से जुड़े जागरूकता एवं संवे. दनशीलता कार्यक्रमों का नेतृत्व एवं सहयोग भी किया है।

---



सेंसेक्स 81537.70
निफ्टी 25048.65



सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 287550
प्रति किलो



---

## वृहद आर्थिक कारकों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही भारी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेश धारणा पर आर्थिक सर्वेक्षण और अमे. रिकी फेडरल रिजर्व के बयान जैसे बड़े घरेलू तथा वैश्विक कारकों का असर दिखेगा।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ग्रीनलैंड मुद्दे पर यूरोपीय उत्पादों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने से पिछले सप्ताह वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में गिरावट रही। साथ ही डॉलर की तुलना में रुपये के ऐतिहासिक निचले स्तर तक लुढ़कने से भी निवेश धारणा कमजोर रही। वित्त वर्ष 2025.26 का आर्थिक सर्वेक्षण 29 जनवरी को संसद में पेश किया जाएगा। औद्योगिक



उत्पादन के दिसम्बर के घरेलू आंकड़े भी इसी सप्ताह आने हैं। वैश्विक स्तर पर भू-राजनैतिक और व्यापार तनावों में प्रगति पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक 27.28 जनवरी को होने वाली है। बीते सप्ताह पांच में से चार कारोबारी दिवस प्रमुख सूचकांकों में गिरावट रही जबकि गुरुवार को तेजी देखी गई। सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2,032 अंक (2.43 प्रतिशत) लुढ़क गया और शुक्रवार को 81,537.70 अंक पर रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की निफ्टी- 50 सूचकांक 645.70 अंक यानी 2.51 प्रतिशत गिरकर सप्ताहांत पर 25,048.65 अंक पर बंद हुआ। प्रमुख सूचक. ांकों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक में 4.65 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 5. 81 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। एनएसई में सप्ताह के दौरान रियलटी सेक्टर का सूचकांक सबसे अधिक 11. 33 प्रतिशत लुढ़क गया। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूह में 6.55 प्रतिशत की गिरावट रही।

## पहला मेड इन इंडिया पायलट प्रशिक्षण विमान साल के अंत तक भरेगा उड़ान

**नई दिल्ली।** किसी निजी कंपनी द्वारा निर्मित देश का पहला स्वदेशी पायलट प्रशिक्षण विमान डायमंड डीए40 इस साल के अंत तक उड़ान भर सकता है। डीए40 विमानों की निर्माण शक्ति एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड कर रही है, जो भारत के शक्ति समूह और ऑस्ट्रिया के डायमंड एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज का साझा उपक्रम है।

कंपनी ने मार्च 2025 में देश में इन विमानों की आपूर्ति शुरू की थी, लेकिन इनका भारत में निर्माण अभी नहीं हो रहा है। कंपनी ने ई-मेल पर भेजे गए सवालों के जवाब में बताया कि वह तमिलनाडु के त्रिपुर में डीए40 विमानों के निर्माण के लिए एसें. बली लाइन बना रही है। उत्पादन के लिए सभी उपकरण वहां पहुंच चुके हैं। इसे इस साल के मध्य तक डीजीसीए से सीएआर 21 प्रमाणन मिलने की उम्मीद है। इसके बाद अंतिम असेम्बली शुरू होगी। कंपनी ने बताया कि वह इस साल की अंतिम तिमाही (अक्टूबर- दिसम्बर) के दौरान इन विमानों की डिलिवरी शुरू करेगी। एसएआईपीएल ने परियोजना के पहले चरण में 450 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश की योजना बनाई है। भारतीय कंपनियों की जरूरतें पूरी करने के अलावा कंपनी की योजना भारतीय उपमहाद्वीप के दूसरे देशों में भी डीए40 एनजी विमानों के निर्यात की है।

## चावल, दालों में साप्ताहिक तेजी, गेहूं चीनी नरम, खाद्य तेलों में रही घटबढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के विपरीत गेहूं और चीनी में नरमी रही। दालों के भाव बढ़ गए, जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 23 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,818 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं 28 रुपये सस्ता हुआ और सप्ताहांत पर 2,839 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा 12 रुपये सस्ता हुआ और 3,299 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव रहा। सरसों तेल की औसत कीमत 33 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। वनस्पति भी 12 रुपये सस्ता हुआ।



सूरजमुखी तेल का भाव 98 रुपये और पाम ऑयल का 85 रुपये बढ़ गया। मूंगफली तेल 77 रुपये और सोया तेल 17 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सप्ताह के दौरान तुअर दाल औसतन 83 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। उड़द दाल 42 रुपये और मसूर दाल 32 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मूंग दाल की कीमत 29 रुपये और चना दाल की 19 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव छह रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। वहीं चीनी सात रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7732.66 रुपये, मसूर काली 8094.61 रुपये, मूंग दाल 10101. 26 रुपये, उड़द दाल 10413.24 रुपये, तुअर दाल 10564.92 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2839.01 रुपये और चावल 3818.48 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3298.87 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4288.20 रुपये और गुड़ 4981.68 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17563. 37 रुपये, मूंगफली तेल 17764.72 रुपये, सूरजमुखी तेल 16059.25 रुपये, सोया तेल 13839.77 रुपये, पाम ऑयल 12545.23 रुपये और वनस्पति 14479.92 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## तिरंगे का सम्मान तभी सार्थक है, जब संविधान सुरक्षित रहे: प्रिंस सोनी

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रिंस सोनी ने कहा कि तिरंगे का वास्तविक सम्मान तभी संभव है, जब देश का संविधान और लोकतंत्र सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रवाद के नाम पर संविधान को कमजोर करने की कोशिशें की जा रही हैं, जिन्हें आम आदमी पार्टी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी।

प्रिंस सोनी गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर लखनऊ में आयोजित तिरंगा पदयात्रा को संबोधित कर रहे थे। संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता के सम्मान में आम आदमी पार्टी लखनऊ इकाई की ओर से भव्य तिरंगा पदयात्रा निकाली गई, जिसका नेतृत्व जिला अध्यक्ष इरम रिजवी ने किया। पदयात्रा छोटा इमामबाड़ा से शुरू होकर रूमी गेट, हुसैनाबाद पहुंची, जहां सामूहिक राष्ट्रगान के साथ इसका शांतिपूर्ण समापन किया गया। पदयात्रा के दौरान हाथों में तिरंगा लिए कार्यकर्ता भारत माता की जय और संविधान बचाओ-लो. कतंत्र बचाओ के नारों के साथ आगे बढ़ते नजर आए। देशभक्ति गीतों की गूंज से पूरा इलाका राष्ट्रप्रेम के रंग में रंगा रहा। मार्ग में स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर पदयात्रा का स्वागत किया। लप्रस सोनी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान गरीब, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और आम नागरिक की ढाल है। जो लोग संविधान बदलने की बात करते हैं, वे वास्तव में जनता के अधिकार छीनना चाहते हैं।

## विश्व के कोने-कोने तक गूंजी उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के तीन दिवसीय समारोह (24-26 जनवरी) की शुरुआत के साथ ही प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना ने भौगोलिक सीमाओं से आगे बढ़कर राष्ट्रीय और वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त पहचान दर्ज कराई। उद्घाटन दिवस पर उत्तर प्रदेश दिवस का उत्सव न केवल प्रदेश के कोने-कोने में, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों और दुनिया के अनेक देशों में भी आयोजित किया गया।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस का उत्सव अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी व्यापक रूप से मनाया गया। मालदीव, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, रूस, मंगोलिया, सिगापुर, श्रीलंका और म्यांमार सहित लगभग 15 देशों में आयोजित कार्यक्रमों में उत्तर प्रदेश से जुड़े प्रवासी समुदाय एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रदर्शनियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, फिल्म प्रदर्शन और संवादात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत, कलात्मक




परंपराओं और विकसित होती पहचान को प्रस्तुत किया गया, जिससे विदेशों में बसे भारतीय समुदायों में गर्व और आत्मीयता की भावना और प्रबल हुई। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर प्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय मंच से भी गर्मजोशी भरी शुभकामनाएं प्राप्त हुईं। जापान के ओसाका-कोबे, फ्रांस के सेंट डेनिस, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, श्रीलंका के जाफना, यूनाइटेड किगडम तथा यूरोप के लिथुआनिया में स्थित भारतीय मिशनों एवं वाणिज्य दूतावासों द्वारा भेजे गए संदेशों ने उत्तर प्रदेश की वैश्विक पहचान और प्रतिष्ठा को नया आयाम दिया। पर्यटन मंत्री ने जानकारी दी कि दूतावास स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और क्यूरेटेड प्रेजेंटेशन शामिल रहे। रूस स्थित भारतीय दूतावास में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को केंद्र में रखते हुए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वहीं बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास एवं टैगोर सेंटर में प्रदेश की समृध परंपराओं, प्रमुख पर्यटन स्थलों और जीवंत कला रूपों को प्रस्तुत करते हुए उत्तर प्रदेश को परंपरा और प्रगति के संगम के रूप में प्रदर्शित किया गया। मंगोलिया, सिगापुर, म्यांमार, श्रीलंका, सेंट डेनिस, कांगो डीआर और जाफना से भी इसी प्रकार के आयोजनों की जानकारी आधिकारिक मिशन संचार माध्यमों के माध्यम से प्राप्त हुई। व्यापक जनसंपर्क को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वीडियो संदेश भी प्रदर्शित किया गया।

उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के पहले दिन देश के लगभग 20 राज्यों में उत्सव का माहौल रहा। वरिष्ठ नेताओं एवं उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक पहचान और विकास यात्रा को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत किया गया। दिल्ली, तेलंगाना, गुजरात, असम, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, तमिलनाडु और गोवा सहित कई राज्यों में आयोजन हुए। इसके अतिरिक्त, दिल्ली में उपराज्यपाल कार्यालय, मुंबई, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा और पंजाब समेत अनेक स्थानों पर स्मरणीय कार्यक्रम आयोजित किए गए, जो उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के प्रति देशव्यापी सहभागिता और एकजुटता को दर्शाते हैं। प्रदेश भर में पहले ही दिन उत्तर प्रदेश दिवस का उत्सव जनपदों में व्यापक रूप से मनाया गया। 24 जनवरी को सिधार्थनगर, भदोही, हाथरस, एटा, सोनभद्र, चंदौली, कन्नौज, औरैया, बहराइच, संभल, श्रावस्ती, कानपुर, कुशीनगर, बिजनौर, इटावा, चित्रकूट, गाजीपुर, गोंडा सहित लगभग 30 जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन आयोजनों में स्थानीय संस्कृति, लोक परंपराएं, सामाजिक पहलें और विकासात्मक उपलब्धियों को केंद्र में रखा गया, जबकि आगामी दो दिनों में और भी कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। 24 जनवरी को राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम राजधानी लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर आयोजित किया गया, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, वरिष्ठ गणमान्य अतिथियों और राज्य नेतृत्व की गरिमामई उपस्थिति रही। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक समृधि, विकास यात्रा और भविष्य की आकांक्षाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

# सीखने के लिए परिश्रम आवश्यक है और यही आगे बढ़ने का आधार : आनंदीबेन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** गणतंत्र दिवस से पूर्व रविवार को जनभवन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आदर्श माध्यमिक विद्यालय, जनभवन तथा राजकीय बालिका गृह, पारा (लखनऊ) की छात्राओं व विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और भाषणों के माध्यम से आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति रही। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बच्चों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं और इन्हें नियमित रूप से आयोजित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य में अपार क्षमताएं होती हैं, जरूरत है उन्हें पहचान कर सही दिशा में उपयोग करने की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने नियमित रूप से विद्यालय आने और सभी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मौसम कोई भी हो, शिक्षा निरंतर चलनी चाहिए। सीखने के लिए परिश्रम आवश्यक है और यही आगे बढ़ने का आधार बनता है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विद्यालय में प्रतिदिन मनुष्य तू बड़ा महान है गीत के सामूहिक गायन के निर्देश दिए। साथ ही बच्चों की लिखावट सुधारने के लिए अध्यापकों को रोजाना एक पैराग्राफ लिखवाकर जांच कराने को कहा। अभिभावकों से भी अपील की गई कि वे बच्चों की कॉपियां नियमित देखें, पढ़ाई, भोजन और दिनचर्या पर ध्यान दें तथा बच्चों के लिए समय निकालें। उन्होंने विद्यालय में वर्षभर की गतिविधियों के लिए प्रवृत्ति कैलेंडर बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकार और कर्तव्य साथ-साथ चलते हैं, और अधिकार पाने के लिए कर्तव्यों का पालन जरूरी है। साथ ही बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में कक्षा 1 व 2 के विद्यार्थियों ने कविता पाठ और समूह नृत्य, कक्षा 3 व 4 ने स्वतंत्रता सेनानियों की फैंसी ड्रेस प्रस्तुति, कक्षा 5 व 6 ने पिरामिड निर्माण, कक्षा 7 व 8 ने हिंदी



भाषण तथा देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुति दी। वहीं राजकीय बालिका गृह, पारा की बालिकाओं ने देशभक्ति व आध्यात्मिक विषयों पर समूह नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान संसद टीवी पर प्रसारित राज्यपाल का साक्षात्कार भी दिखाया गया। अपर मुख्य सचिव, शिक्षा डा. पार्थ सारथी सेन शर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए प्रस्तुतियों की सराहना की। इस अवसर पर विशेष कार्याधिकारी (राज्यपाल) डा. सुधीर महादेव बोबडे, जनभवन के अधिकारी-कर्मचारी, विद्यालयों के शिक्षक, विद्यार्थी, बालिका गृह की छात्राएं तथा अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल आनंदीबेन ने दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों सहित समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में उन्होंने कहा कि यह पर्व भारतीय लोकतंत्र, संवैधानिक आदर्शों और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें विविधता में एकता की भावना का स्मरण कराता है और भारतीयता के गौरवपूर्ण स्वरूप को सशक्त करता है। उन्होंने बताया कि संविधान प्रत्येक नागरिक को अधिकार देने के साथ-साथ उसके कर्तव्यों का भी निरंतर बोध कराता है। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की मजबूती उसकी विविधता, सहिष्णुता और जनभागीदारी में निहित है। इन्हीं मूल्यों के सहारे भारत आज विकास के हर क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है। गणतंत्र दिवस हमें संविधान की गरिमा को समझने, उसकी शक्ति को पहचानने और अपने दायित्वों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे संविधान निर्माताओं के आदर्शों और महापुरुषों के सपनों को साकार करने का संकल्प लें तथा आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में एकजुट होकर सक्रिय भूमिका निभाएं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनता के नाम राज्यपाल का संदेश 26 जनवरी को प्रात: 8:30 बजे दूरदर्शन केंद्र, लखनऊ से तथा रात्रि 8:00 बजे प्रदेश के सभी आकाशवाणी केंद्रों से प्रसारित किया जाएगा।

# मणिकर्णिका घाट जा रहे सपा नेताओं को पुलिस ने रोका

## सांसद वीरेंद्र सिंह कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठे

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी (सपा) की ओर से सांसद वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में रविवार को कार्यकर्ताओं के साथ मणिकर्णिका घाट पर जाने की घोषणा की गई थी। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने समाजवादी पार्टी के नेताओं को शहर के विभिन्न हिस्सों में रोक दिया और कई नेताओं को हिरासत में ले लिया।

समाजवादी पार्टी के चंदौली सांसद वीरेंद्र सिंह को भी पुलिस ने मणिकर्णिका घाट जाने से रोक दिया। अर्दली बाजार स्थित टैगोर टाउन कॉलोनी में अपने आवास के बाहर वे कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठ गए। वीरेंद्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर आज पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल मणिकर्णिका घाट जाकर मूर्तियों के तोड़े जाने का सच जानना चाहता था। पहले हमें कुछ लोगों के साथ जाने की अनुमति दी गई थी, लेकिन बाद में जगह-जगह बल लगाकर कार्यकर्ताओं को घर में नजरबंद कर दिया गया। मैं जैसे ही अपने आवास से बाहर निकला, मुझे भी रोक दिया गया। सरकार और जिला प्रशासन आखिर कौन-सा सच छिपाना चाहता है। आखिर घाट पर जाने से क्यों रोका जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीतू कात्यायन ने बताया कि सांसद वीरेंद्र सिंह का आवास है, उसी से कुछ दूरी पर वे कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठे हैं। वे घाट जाने की अनुमति मांग रहे हैं। जिलाधिकारी और प्रशासन से इस मुद्दे पर बातचीत चल रही है। सुरक्षा के मद्देनजर पीएसी तथा कई थानों की फोर्स के साथ बैरिकेडिंग की गई है। पहले जिलाधिकारी द्वारा अनुमति दी गई थी, लेकिन इन्हीं के पार्टी के नेताओं द्वारा लहुराबीर पर प्रदर्शन का आह्वान किया गया। इसी वजह से अनुमति को कुछ कारणों से रोक दिया गया है। वहीं, कोतवाली थाना क्षेत्र के नक्कास इलाके में सपा नेता लालू यादव को घर में ही नजरबंद कर दिया गया। अखिलेश यादव के निर्देश पर 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का गठन मणिकर्णिका घाट जाने के लिए किया गया है।

### जौनपुर के प्रोफेसर की मुंबई में चाकू मारकर हत्या ,आरोपी गिरफ्तार

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के चंदवक थाना क्षेत्र में पघ्रछा गांव निवासी एवं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के सुरक्षा में लगे कमांडो के पुत्र प्रोफेसर डा. आलोक कुमार सिंह (30) की मुंबई के मलाड स्टेशन पर शनिवार देर शाम ट्रेन से उतरते समय हुए विवाद में चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था लेकिन बाद में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जीआरपी ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के कमांडों उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के पघ्रछा गांव निवासी कमांडो अनिल कुमार सिंह के पुत्र डा. आलोक कुमार सिंह मुंबई के विले पार्ले स्थित एनएम कॉलेज में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे।

# कॉक्लियर इम्प्लांट से कानों को मिल सकता है नया जीवन: प्रो. धीमन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के निदेशक पद्मश्री प्रोफेसर आरके धीमन ने कहा कि भारत में लगभग 63 लाख लोग श्रवण हानि से प्रभावित हैं, जो एक गंभीर जनस्वास्थ्य चुनौती है। उन्होंने कहा कि कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी ऐसे लोगों को नया जीवन दे सकती है।

प्रो. धीमन रविवार को एसजीपीजीआई के हेड एंड नेक सर्जरी विभाग द्वारा आयोजित प्रथम कॉक्लियर इम्प्लांट कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राज्य के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों में

**■ मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों में कॉक्लियर इम्प्लांट कार्यक्रम शुरू करने की आवश्यकता पर बल दिया**

कॉक्लियर इम्प्लांट कार्यक्रम शुरू करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि एसजीपीजीआई उत्तर प्रदेश में इस सेवा को मजबूत करने के लिए मार्गदर्शन और प्रशिक्षण उपलब्ध कराने को तैयार है। उन्होंने नवजात शिशुओं की व्यापक श्रवण जांच, शीघ्र निदान और पुनर्वास की जरूरत बताते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के साथ समन्वय की बात कही। 24 और 25 जनवरी को आयोजित इस दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन एसजीपीजीआई के हेड एंड नेक सर्जरी विभाग द्वारा विभागाध्यक्ष प्रो. अमित केशरी के नेतृत्व में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागी सर्जनों को टेम्पोरल बोन डिसेक्शन का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना था। विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से आए 20 सर्जनों ने टेम्पोरल बोन विच्छेदन में भाग लिया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रोबोटिक 3डी डिजिटल माइक्रोस्कोप के माध्यम से डिसेक्शन का लाइव प्रदर्शन रहा, जिसे भारत में अपनी तरह का पहला आयोजन बताया गया।

### बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा के लिए माघ मेला में विशेष अनुष्ठान

**प्रयागराज।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे लगातार हमले के विरोध में प्रयागराज माघ मेला में कल्पवास कर रहे साधु संत भी नाराज हैं और सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग कर रहे हैं। इसी क्रम में प्रयागराज के माघ मेले में आज बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा के लिए विशेष अनुष्ठान किया गया। गोवर्धनपीठ के शंकराचार्य स्वामी श्री अधोक्षजानंद देवतीर्थ जी महाराज के त्रिवेणी मार्ग पर स्थित शिविर में विशेष वैदिक अनुष्ठान एवं महायज्ञ किया गया।
गोवर्धनपीठ के शंकराचार्य स्वामी श्री अधोक्षजानंद देवतीर्थ जी महाराज ने कहा कि बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदुओं की रक्षा करना हम सभी का धर्म है, क्योंकि वह सनातन धर्म के हैं।

# काशी से मातृ शक्तियां गणतंत्र दिवस परेड में देंगी नारी शक्ति का संदेश

**वाराणसी।** शिव की नगरी काशी में इस बार गणतंत्र दिवस पर मातृ शक्तियां राष्ट्रीय पर्व पर नारी शक्ति का मजबूत संदेश देने जा रही हैं। 26 जनवरी की परेड को पूरी तरह महिलाओं के नाम किया जा रहा है। परेड की फर्स्ट इन कमांड प्रशिक्षु आईपीएस मानसी दहिया ने बताया कि मुझे गर्व है कि मैं एक प्रशिक्षु महिला अधिकारी हूं और मुझे गणतंत्र दिवस पर वाराणसी पुलिस को लीड करने का अवसर मिल रहा है।

मैं अकेली नहीं हूं, मेरे साथ लगभग 400 महिला आरक्षी, महिला सब-इंस्पेक्टर, महिला कमांडो आदि शामिल हैं। इस वर्ष की 26 जनवरी की परेड अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। इस विशेष परेड में केवल महिला पुलिसकर्मी ही भाग लेंगी। महिला कमांडो टीम से लेकर सुरक्षा व्यवस्था और कमांड तक हर मोर्चे पर महिलाएं अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराएंगी। मार्च पास्ट में प्रशिक्षु महिला आरक्षी, ब्लैक कमांडोज, महिला घुड़सवार टोलियां और पूरी परेड को कमांड करती हुई प्रशिक्षु महिला आईपीएस अधिकारी की आवाज देश भर में महिला सशक्तिकरण का संदेश पहुंचाएगी। पुलिस आयुक्त (कमिश्नरेट वाराणसी) मोहित अग्रवाल ने रविवार को बताया कि यह परेड न केवल पुलिस विभाग में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करेगी, बल्कि समाज को यह संदेश भी देगी कि महिलाएं किसी भी जिम्मेदारी को पूर्ण क्षमता और आत्मविश्वास के साथ निभा सकती हैं। सहायक पुलिस आयुक्त (लाइन) डा. ईशान सोनी ने बताया कि 16 टोलियों में कुल 400 महिला पुलिसकर्मी इस परेड का हिस्सा बन रही हैं। परेड की कमांडर से लेकर कमांडो तक सभी महत्वपूर्ण भूमिकाएं महिला पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के पास होंगी

### डायलिसिस मशीन के लुटेरे 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार

**मऊ।** उत्तर प्रदेश में मऊ जिले के दक्षिणटोला थाना क्षेत्र के एक अस्पताल में टेक्निशियन को बंधक बना कर चार डायलिसिस मशीन लूटने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने घटना के 48 घंटे के भीतर धर दबोचा। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने बताया कि रविवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मऊ गाजीपुर मार्ग पर नाकांबदी कर दो शातिर बदमाशों को लूटी गई चार डायलिसिस मशीनों के साथ गिरफ्तार कर लिया। यह मशीन 23 जनवरी की रात आजमी हास्पिटल हकीकतपुरा मऊ से चोरी की गई थी। आज बदमाश इन मशीन को बेचने के लिए मतूलपुर होकर गाजीपुर जा रहे थे।



# दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** एनसीआर क्षेत्र में कॉमर्शियल बड़े वाहनों की चोरी कर उन्हें एक गोदाम में काटकर उनके अलग-अलग पार्ट्स बेचकर अवैध रूप से आर्थिक लाभ कमाने वाले 2 शातिर बदमाशों को थाना फेस-2 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त कॉमर्शियल वाहनों की रेकी कर उन्हें चोरी कर किराये के गोदाम में ले जाकर काट देते थे, जिससे किसी को संदेह न हो तथा वे पुलिस की पकड़ से बच सके। दोनों बदमाशों के खिलाफ दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़ और नोएडा के थानों में 20 मुकदमें विभिन्न आपराधिक मामलों में दर्ज है।



डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना फेस-2 पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से 2 वाहन चोर सलमान पुत्र छोटन तथा भानू चौधरी पुत्र सुनील को गंदे नाले के पास सेक्टर-82 कट भंगेल से गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे व निशानदेही से चोरी के 3 वाहन-टाटा गुड्स कैरियर ट्रक, बुलेरो मेक्सीट्रक महिंद्रा पिकअप व 2 केबिन (ट्रक व महिंद्रा पिकअप) तथा वाहन काटने में प्रयुक्त विभिन्न उपकरण-2 ऑक्सीजन गैस सिलेण्डर, 2 एलपीजी सिलेण्डर (घरेलू व कॉमर्शियल), 2 गैस कटर सहित अन्य विभिन्न उपकरण, बरामद किए गए हैं।

डीसीपी ने बताया कि अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वे अपने अन्य साथियों फकरुद्दीन उर्फ फकरू, फरमान उर्फ मुल्ला, यूनुस, कलाम तथा उसके भाई साजिम के साथ मिलकर इण्डस्ट्रियल एरिया एवं सड़क किनारे खड़े कमर्शियल वाहनों की रेकी करने के बाद चोरी करते थे। चोरी किए गए वाहनों को अपने किराये के गोदाम, जो ग्राम दीनानाथपुर पुठ्ठी, जनपद हापुड़ में है जिसे 50 हजार रुपए प्रतिमाह पर लिया गया था, चोरी किए गए वाहनों को उक्त गोदाम में ले जाकर उनके पार्ट्स काटते थे तथा उन पार्ट्स को दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर बेचकर प्राप्त धनराशि को आपस में बाँट लेते थे। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों द्वारा पूर्व में थाना क्षेत्र सूरजपुर एवं दिल्ली से भी बड़े वाहनों की चोरी करना बताया गया है। पुलिस इस गिरोह में शामिल अन्य बदमाशों की तलाश कर रही है।

# ग्रेनो के तीन सेक्टरों में नर्सरी विकसित करेगा प्राधिकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा को और अधिक हरा- भरा बनाने के लिए शहर के तीन सेक्टरों में नर्सरी विकसित की जाएगी। इसके लिए जगह चिन्हित कर प्राधिकरण ने रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी किया है। इच्छुक एजेंसियों से चार फरवरी तक प्रस्ताव मांगे गए हैं। इससे हरियाली के साथ प्राधिकरण की आमदनी भी बढ़ेगी।

प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक शहर में हरियाली बढ़ाने की योजना बनाई गई है। इसके लिए हरित क्षेत्र में पौधरोपण के साथ नर्सरी की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। इसके तहत सेक्टर अल्फा-1 के जी ब्लॉक में 15,769 वर्गमीटर क्षेत्रफल में नर्सरी स्थापित की जाएगी। इसके लिए आरक्षित मूल्य 7.75 लाख रुपये तय किया गया है।

वहीं, सेक्टर अल्फा-2 के जी ब्लॉक में 23,785 वर्ग मीटर क्षेत्र में नर्सरी शुरू करने की योजना है, जिसका आरक्षित मूल्य करीब 11.75 लाख रुपये रखा गया है। इसके अलावा सेक्टर टेकजोन-4 में 6,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में भी नर्सरी विकसित की जाएगी। इसका आरक्षित मूल्य करीब तीन लाख रुपये निर्धारित किया गया है। चयनित एजेंसी को नर्सरी के रखरखाव और संचालन के लिए पांच साल के लिए दिया जाएगा। अधिकारी के मुताबिक यदि एजेंसी का कार्य संतोषजनक पाया गया तो तीन साल का समय और बढ़ाया जा सकता है। इससे प्राधिकरण को कमाई भी होगी और हरियाली भी बढ़ेगी। बता दें कि अभी ग्रेटर नोएडा में कुल नौ नर्सरी संचालित की जा रही हैं। इनमें से सेक्टर ईटा-1 स्थित नर्सरी की देखरेख प्राधिकरण खुद करता है,बाकी निजी एजेंसियों द्वारा संचालित की जाती हैं।

नर्सरी के लिए ऐसी जमीन दी जाती है,जिस पर निर्माण कार्य नहीं हो सकता। हाईटेंशन लाइन के नीचे की जमीन पर कई नर्सरी संचालित की जा रही हैं। हरियाली को बढ़ावा मिलेगा प्राधिकरण की इस पहल से न केवल शहर में हरियाली बढ़ेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। शहर को स्वच्छ व हरा भरा बनाने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है।

## उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए कर्मचारी बढ़ाए जाएंगे

**नोएडा।** विद्युत निगम में उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए अभियंता और कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाएगी, ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जा सके। इसके लिए मुख्य अभियंता द्वारा प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय को भेजा गया है।

जिले में नई व्यवस्था के तहत हर कार्य के लिए अलग अभियंताओं की जिम्मेदारी तय की गई है। ऐसे में स्टाफ की कमी की वजह से बिल ठीक करने समेत अन्य कार्यों में समय लग रहा है। इस समस्या से पीवीवीएनएल के एमडी को भी अवगत कराया गया था। उन्होंने प्रस्ताव भेजने का आदेश दिया था। इसके बाद विद्युत निगम ने अतिरिक्त बाबू और अभियंताओं का प्रस्ताव बनाकर मेरठ मुख्यालय को भेजा है। उम्मीद है कि इस सप्ताह की बैठक में प्रस्ताव को स्वीकृति मिल जाएगी।

# सिक्योरिटी गार्ड और डिलीवरी बॉय के बीच मारपीट, चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना बीटा-2 क्षेत्र स्थित निम्बस सोसाइटी में सिक्योरिटी गार्ड और डिलीवरी बॉय के बीच हुई जमकर मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार होने वाले में डिलीवरी बॉय और 3 सिक्योरिटी गार्ड है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

जानकारी के मुताबिक शनिवार शाम को एक डिलीवरी बॉय, डिलीवरी देने निम्बस सोसाइटी के मेन गेट पर पहुंचा था, लेकिन गलती से उसने किसी दूसरे फ्लैट की घंटी बजा दी। इस बात को लेकर रेजिडेंट ने सिक्योरिटी गार्ड को सूचना दी। इसके बाद सिक्योरिटी गार्ड और डिलीवरी बॉय के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि



डिलीवरी बॉय ने फोन कर अपने साथियों को मौके पर बुला लिया, जिसके बाद झगड़ा और बढ़ गया। घटना का वीडियो वहां मौजूद लोगों ने बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पूरी घटना निम्बस सोसाइटी के गेट पर हुई, जहां काफी देर तक हंगामा चलता रहा। मारपीट के दौरान सोसाइटी के अन्य लोग और राहगीर भी सहमे नजर आए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने किसी तरह से हालात पर काबू में किया। वहीं अब पुलिस की टीम ने वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

थाना बीटा-2 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि निम्बस सोसाइटी के गेट पर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने रोहन पुत्र मुकेश कुमार निवासी ग्राम रायपुर बांगर थाना दादरी गौतमबुद्धनगर उम्र करीब 20 वर्ष, आकाश सिंह पुत्र पाली सिंह निवासी सवापुर थाना खैर जनपद अलीगढ़ उम्र करीब 24 वर्ष हाल पता ग्राम चुहडपुर थाना ईकोटेक-1 गौतमबुद्धनगर, अभिषेक पुत्र सतीश चन्द निवासी गौशगंज थाना पटयाली जिला कासगंज उम्र करीब 19 वर्ष हाल पता ग्राम चुहडपुर थाना ईकोटेक-1 गौतमबुद्धनगर तथा राजेश कुमार पुत्र छिद्दू सिह निवासी ग्राम तालेपुर थाना जवा जिला अलीगढ़ उम्र करीब 19 वर्ष हाल पता ग्राम चुहडपुर थाना ईकोटेक-1 गौतमबुद्धनगर को गिरफ्तार किया है।

## एक नजर

### ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के पास एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान शनिवार देर रात एक महिला की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी गई थी। जानकारी के अनुसार, मूलरूप से हरदोई जिले के निवासी निरंकार नोएडा में अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनकी 39 वर्षीय पत्नी ज्योति की तबीयत कुछ दिनों से खराब चल रही थी। उन्हें 20 जनवरी को दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित इसी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।।शनिवार देर रात पित्त की थैली के ऑपरेशन के दौरान ज्योति की मौत हो गई। मृतक के परिजनों का आरोप है कि यह घटना डॉक्टरों की लापरवाही के कारण हुई है। इस घटना के बाद परिवार के सदस्यों ने अस्पताल में हंगामा भी किया।

सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बताया कि परिवार के लोग मृतक के शव को बिना पोस्टमॉर्टम कराए ही घर ले गए। इस मामले में परिजनों की तरफ से अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### उत्तर प्रदेश दिवस-2026: बच्चों ने पेश किए रंगारंग देशभक्ति कार्यक्रम

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा के शिल्प हाट में आयोजित उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के दूसरे दिन स्कुलों के बच्चों ने देश भक्ति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। वहीं सरकारी योजनाओं पर आधारित विभागीय स्टाल और प्रदर्शनियां लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनीं हुई है। इस अवसर पर प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

यहां आयोजित कार्यक्रमों के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवकांत द्विवेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस जैसे आयोजन प्रदेश की लोककला, शिल्प, सांस्कृतिक विविधता एवं प्रतिभाओं को सशक्त मंच प्रदान करते हैं तथा युवाओं, महिलाओं एवं उद्यमियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय इस आयोजन के माध्यम से प्रदेश की विकासात्मक योजनाओं, निवेश संभावनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रति आमजन की जागरूकता और सहभागिता और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने जनसामान्य से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस आयोजन का लाभ उठाएं।

वहीं उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति, सामाजिक चेतना एवं सांस्कृतिक विषयों पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। आर्य पब्लिक स्कूल, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सेक्टर-12, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज होशियारपुर सेक्टर-51, सेंट हुड कॉन्वेंट स्कूल, बीजीएस विजनाथन स्कूल, राव कासल पब्लिक स्कूल, वर्ल्ड स्कूल ग्रेटर नोएडा एवं सरला चोपड़ा डीएवीपी स्कूल के छात्रों ने देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, नृत्य नाटिका, लघु नाटिका एवं समूह गान प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अतिरिक्त कथक नृत्यांगना अनुराधा द्वारा प्रस्तुत मनमोहक कथक नृत्य, कवि रघुवर आनंद के भावपूर्ण कविता पाठ तथा अश्रुत बैंड द्वारा बांसुरी वादन एवं मधुर गीतों की प्रस्तुति ने कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित जनसामान्य को विशेष रूप से आकर्षित किया।

उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित स्टाल एवं प्रदर्शनियां भी लगाई गईं है। इनमें पशुपालन, विद्युत, कृषि, महिला कल्याण, समाज कल्याण, आयुष, स्वास्थ्य, बेसिक शिक्षा, पुलिस विभाग, नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 तथा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम सहित अनेक योजनाओं की जानकारी आमजन को दी गई। इसके साथ ही विभिन्न फूड स्टालों पर आगंतुकों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का भी आनंद लिया।

# जलभराव की समस्या को दूर करने की तैयारी तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित कर समस्या का स्थाई रूप से समाधान किया जाएगा। जल निकासी की बेहतर व्यवस्था के लिए प्राधिकरण ने तैयारी तेज कर दी है। इसके लिए सलाहकार एजेंसी का जल्द चयन किया जाएगा। बेंगलुरू में काम कर चुकी एक कंपनी इस सप्ताह अधिकरियों के समक्ष अपना प्रस्तुतिकरण देगी। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक चयनित सलाहकार एजेंसी जलभराव के कारणों का पता लगाने के साथ समस्या के समाधान को लेकर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी।

नाली का निर्माण करने के साथ आधुनिक तकनीक एआई, सेंसर और वास्तविक समय निगरानी प्रणाली जैसी उन्नत प्रौद्योगिकी की भी मदद ली जाएगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कहीं पर भी पानी जमा न होने पाए। नोएडा के सेक्टर- 105 में पानी से भरे गड्ढे में गिरकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के बाद निर्माणाधीन साइट सहित अन्य स्थानों पर सुरक्षा के उपायों को मजबूत करने की कवायद तेज कर दी गई है। बता दें कि ग्रेटर नोएडा शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में कई स्थानों पर बारिश के मौसम में जलभराव हो जाता है। आबादी के बीच स्थित तालाबों से भी हादसे का खतरा बना रहता है। बिल्डरों की साइट पर निर्माण कार्य भी चलता रहता है।

## सुरक्षा कर्मियों पर सामान चोरी करने का आरोप, मामला दर्ज

**ग्रेटर नोएडा।** नालेज पार्क कोतवाली क्षेत्र की यूरेका पार्क सोसायटी के सुरक्षाकर्मियों पर सामान चोरी करने का मामला दर्ज किया गया है। अल्फा वन निवासी सनातन राउत ने बताया कि उनके पास टाटा यूरेका पार्क सोसायटी से इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट का कांट्रेक्ट है। आरोप है कि 21 जनवरी को सोसायटी के स्टोर के ताले टूटे मिले और सामान चोरी कर लिया गया था। आसपास के लोगों से पूछताछ में पता चला कि सोसायटी के एसटीपी विभाग में काम करने वाला निशांत और सिक्योरिटी गार्ड राजकुमार द्वारा चोरी की गई है। आरोपी एक कार में छह पेटी कापर वायर और दो बैग स्क्रैप समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने डीएनडी पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का भव्य स्वागत किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली से मथुरा जाते समय नोएडा में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का डीएनडी पर स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक पंकज सिंह, प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंशी, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, स्वागत कार्यक्रम में विधायक तेजपाल नागर, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, अध्यक्ष अमित चौधरी, जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा सहित पार्टी के अन्य नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य अभिनंदन किया।



इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा आज केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, जो राष्ट्र, समाज और संस्कृति के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि नितिन नबीन का नेतृत्व भाजपा संगठन को नई दिशा, नई ऊर्जा और नई मजबूती प्रदान कर रहा है। उनका मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है तथा उनके नेतृत्व में भाजपा राष्ट निर्माण के संकल्प को और अधिक सशक्त रूप में आगे बढ़ा रही है। सांसद डॉ. महेश शर्मा एवं विधायक पंकज सिंह ने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि संगठनात्मक अनुशासन, विकास की राजनीति और राष्ट्रहित सर्वोपरि रखना ही भाजपा की पहचान है।

# ट्रैवल एजेंसी के मालिक विशाल कुमार राय को लाखों की धोखाधड़ी के आरोप में रीवा से गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में ट्रैवल टिकट बुकिंग करने के नाम पर दो लोगों से लाखों रुपयों की धोखाधड़ी करने वाले एक ट्रैवल्स एजेंसी के मालिक को थाना सेक्टर-63 पुलिस ने रीवा, मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थाना सेक्टर-63 में दो लोगों ने मुकदमा दर्ज कराया था कि ट्रैवल टिकट बुकिंग करने के नाम पर उनसे धोखाधड़ी करते क्रमशः 1.40 लाख व 84 हजार रुपये व अन्य व्यक्तियों के साथ में भी लाखों रुपये की ठगी की गई है। इस मामले में थाना पुलिस द्वारा नामजद अभियुक्त के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसकी पुलिस द्वारा गहनता से जांच की जा रही थी। थाना सेक्टर 63 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि



आज मैनुअल इंटेलिजेंस व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त विशाल कुमार राय पुत्र स्व. अंबरनाथ राय को रीवा, मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त गाजियाबाद के रहने वाला है। इसके कब्जे से 1 टैब व 2 मोबाइल फोन बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि वह ट्रैवल्स एजेंसी कंट्री हॉलिडे ट्रैवल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और ए कंट्री हॉलिडे इंश्योरेंस एंड सूट्स का मालिक है। इस कंपनी के द्वारा लोगों को वेकेशन पैकेज बेचे जाते थे और उन पैकेजों पर जब ग्राहक उससे सेवा मांगते थे, तो उसकी कंपनी ग्राहकों को अगली तारीख देते हुए सेवा में देरी करती थी। इससे लोग हार-थक कर बैठ जाते थे और उसे अच्छा-खासा मुनाफा होता था। वहीं जो लोग उसके पीछे पड़ते थे, वह उन्हें सेवा दे देता था और उनसे रिव्यू लेता था। उस रिव्यू को वह अपनी कंपनी की वेबसाइट पर डाल देता था, जिससे अन्य लोग प्रभावित होकर उसकी कम्पनी से जुड़ जाते थे। इसी तरह उसने अच्छा-खासा पैसा कमाया। उन्होंने बताया कि पुलिस अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहाय के बारे में जानकारी एकत्र कर रही है।

## आज रात से बदलेंगे मालवाहक वाहनों के रास्ते, ताजा ट्रैफिक अपडेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गणतंत्र दिवस परेड की सुरक्षा के मद्देनजर दिल्ली में रविवार रात 10 बजे से सोमवार दोपहर 2 बजे तक मालवाहक वाहन प्रवेश नहीं कर सकेंगे। इन वाहनों को वैकल्पिक रास्तों से जाना होगा। चिल्ला बॉर्डर, डीएनडी और कालिंदी कुंज से इन वाहनों को दिल्ली में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इन सभी वाहनों को वैकल्पिक रास्तों पर डायवर्ट किया जाएगा ताकि दिल्ली में यातायात सुगम बना रहे।

चिल्ला रेड लाइट (बॉर्डर) से दिल्ली राज्य प्रवेश कर वाहन चिल्ला रेड लाइट से यू-टर्न लेकर नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे होकर अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे।डीएनडी (बॉर्डर) से दिल्ली राज्य में प्रवेश कर जाने वाले वाहन डीएनडी टोल प्लाजा से यू-टर्न लेकर नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे होकर अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे। यमुना एक्सप्रेसवे से नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे होकर दिल्ली राज्य में प्रवेश कर अन्यत्र जाने वाले वाहन फलैदा कट, रबुपुरा से सर्विस रोड होकर, गलगोटिया, गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी से होते हुए पुस्ता तिराहे से होण्डा सीएल चौक से कस्बा कासना से ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे से अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे। कालिन्दी कुंज यमुना (बॉर्डर) से दिल्ली राज्य में प्रवेश कर जाने वाले वाहन यमुना नदी से पहले अण्डरपास तिराहा से डायवर्ट किये जायेंगे, जो नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे होकर अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे। यमुना एक्सप्रेसवे से नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे होकर दिल्ली राज्य में जाने वाले वाहन जीरो प्वाईन्ट से परी चौक की ओर डायवर्ट किये जायेगे जो ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे होकर अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे।

# फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने पर तीन के खिलाफ केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गैंग्स्टर के आरोपी की जमानत में वाहन के फर्जी कागज प्रस्तुत कर अदालत को गुमराह करने वाले तीन आरोपियों के खिलाफ सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी समेत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। जमानत में प्रस्तुत वाहन के कागजात का एआरटीओ कार्यालय से सत्यापन कराने पर जालसाजी सामने आई है। जानकारी के अनुसार अपर जिला एवं सत्र न्यायालय, तृतीय अदालत की अदालत गैंग्स्टर एक्ट के आरोपित उमरदराज की जमानत होनी थी। उनके जमानती दिल्ली की आरपीएस कालोनी निवासी जगमोहन गुप्ता ने जमानत के तौर पर दो पहिया वाहन के कागजात प्रस्तुत किए थे। कोर्ट ने दिल्ली स्थित आरटीओ कार्यालय से वाहन के कागजात की जांच कराई तो फर्जी होने की जानकारी हुई। मामले को न्यायालय ने गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सूरजपुर कोतवाली में मामला दर्ज कराया है। कोर्ट के वरिष्ठ बाबू नवीन कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपी संगठित गिरोह बनाकर अदातल में जमानत में जालसाजी कर फर्जी कागजात लगाते हैं। अदातल को गुमराह करने के मामले में कड़ी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने उमरदराज और जगमोहन गुप्ता के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। नवीन कुमार ने इसी अदालत में जमानत के एक अन्य मामले में भी आरोपी तुन व जगमोहन गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रक से टकराई कार, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एक्सप्रेसवे थानाक्षेत्र के नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर ओवरटेक लेन में खड़े ट्रक से कार टकरा गई। हादसे में कार सवार तीन युवक घायल हो गए। कार मालिक ने ट्रक चालक के खिलाफ एक्सप्रेसवे थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुट गई है। घायलों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। थाने में दी शिकायत में हरियाणा के झज्जर गांव निवासी गौरव ने बताया कि इसी माह की नौ तारीख को वह साथी विशाल और रवि के साथ कार से घर जा रहे थे। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर परी चौक से दिल्ली की ओर चले।




एक्सप्रेसवे थानाक्षेत्र में मार्ग पर ओवरटेक लेन में पंजाब नंबर का ट्रक खड़ा था। उनकी कार ट्रक से टकरा गई। हादसे में तीनों दोस्त घायल को गए। टक्कर से कार के आगे का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

राहगीरों ने तीनों घायलों को नजदीक के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। अस्पताल से छुट्टी मिलने पर गौरव ने मामले की शिकायत पुलिस से की। गौरव का कहना है कि एक्सप्रेसवे पर गलत तरीके से ट्रक खड़ा करने के कारण ही हादसा हुआ। गनीमत रही कि जिस समय कार ट्रक से टकराई, गति काफी कम थी। पुलिस ने बेतरकीब तरीके से वाहनों को सड़क पर खड़ा करने वालों पर कार्रवाई करने की बात कह रही है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को ट्रक का नंबर भी उपलब्ध कराया है।

# उदित की मौत से सहमे छात्र हॉस्टल छोड़ने को मजबूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नालेज पार्क कोतवाली क्षेत्र में टीजेड हास्टल के मालिक शिखर व वार्डन धर्मपाल सिंह की पिटाई से आहत बीटेक के छात्र उदित सोनी की मौत के बाद हॉस्टल के अन्य छात्र सहम गए है। यहां तक कि कई छात्रों ने हास्टल खाली करने की तैयारी कर ली हैं। यहां तक परिजनों के फोन आने के बाद कुछ छात्र अपने घर भी चले गए है। वहीं, पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक झांसी के थाना मऊरानीपुर अंतर्गत गड़ीफतेहपुर निवासी विजय सोनी का बेटा उदित सोनी गलगोटिया विश्वविद्यालय में बीटेक द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था, वह नॉलेज पार्क क्षेत्र के एक निजी ईजेड हास्टल के रूम नंबर 404 में रहता था।

शनिवार दोपहर वह दोस्तों के साथ शराब पीकर हास्टल पहुंचा था। हास्टल मालिक शिखर और वार्डन धर्मपाल सिंह ने उससे 10 हजार रुपए जुर्माना भरवाने के बाद मारपीट की थी। साथ ही उसका वीडियो बनाकर परिजनों को भेज दिया, जिससे आहत होकर उदित ने शनिवार रात करीब 10 बजे हास्टल की चौथी मंजिल से कूद कर जान दे दी। घटना को लेकर हास्टल में रहने वाले कई छात्र आक्रोशित व डरे हुए है। कुछ छात्रों ने घटना के बाद हास्टल संचालक की मनमानी का पर्दाफाश किया। परिजनों को इन बातों की भी जानकारी दी थी। स्वजन के कहने पर कई छात्र शनिवार को ही हास्टल से घर चले गए। वह परिजनों के साथ लौट कर जमा किया बाकी शुल्क वापस कराकर दूसरे हास्टल में रहने की तैयारी कर रहे हैं। कुछ छात्रों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि घटना के बाद पथराव व तोड़फोड़ से हास्टल में नुकसान हुआ है। आशंका है कि हास्टल संचालक नुकसान की भरपाई के लिए दबाव बनाएंगे। ऐसे में कुछ छात्रों ने हास्टल के जिम्मेदारों को प्रार्थना पत्र देकर बकाया शुल्क वापस मांगा है। पुलिस का कहना है कि जांच जारी है, सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। तोड़फोड़ करने के मामले में अज्ञात पर मामला दर्ज किया गया है, पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# युवा ऊर्जा के प्रतीक हैं नितिन नबीन: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ /मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन संग प्रधानमंत्री के 'मन की बात' सुनी। वृंदावन के अक्षयपात्र में आयोजित कार्यक्रम में दोनों नेता सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने पहली बार यूपी के दौरे पर पहुंचे भाजपा अध्यक्ष का ब्रज की धरा पर स्वागत-अभिनंदन किया।



मुख्यमंत्री ने राधे-राधे, वृंदावन बिहारी लाल, राधा रानी, यमुना मैया, हर-हर महादेव, जय श्रीराम, भारत माता की जय तथा वंदे मातरम की गूंज के साथ आध्यात्मिक व राष्ट्रवादी चेतना का संचार करते हुए अपने संबोधन की शुरुआत की। सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन युवा ऊर्जा के प्रतीक हैं। बिहार विधानसभा में पांचवीं बार विधायक के रूप में सेवाए दे रहे हैं। संगठन के विभिन्न पदों का निर्वहन करने के उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भाजपा ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नया दायित्व दिया है। इस दायित्व के पश्चात योगेश्वर श्रीकृष्ण की पावन धरा पर उनका प्रथम आगमन आह्लादकारी क्षण है। सीएम योगी ने कहा कि ब्रज प्राचीन काल से तीर्थ भूमि रही है। मथुरा, वृंदावन, बरसाना, गोकुल, गोवर्धन, नंदगांव, बलदेव तीर्थ हजारों वर्षों से सनातन धर्मावलंबियों के लिए प्रेरणा हैं। यहां के रज-रज, कण-कण में श्रीकृष्ण, राधा रानी और हजारों वर्षों की विरासत का अंश श्रद्धालु आज भी ढूंढते हैं। उसके साथ तारतम्य स्थापित करने का प्रयास करते हैं। अंत्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की पावन जन्मभूमि भी मथुरा में पड़ती है। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से ब्रज भूमि भारत की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत के साथ ही विकास के नित नए प्रतिमान स्थापित करते हुए बढ़ रही है। सीएम योगी ने कहा कि यूपी अब 'बीमारू' नहीं, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था का ब्रेकथ्रू बनकर संबल बन रहा है। डबल इंजन सरकार डबल स्पीड के साथ बड़े-बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर के कार्यों को धरातल पर उतारती है। हर नागरिक को सुरक्षा का अहसास कराती है। गरीब कल्याणकारी योजनाओं के साथ बिना भेदभाव वंचित, नौजवान, किसान, महिलाओं समेत हर तबके को वरीयता के आधार पर शासन की योजना का लाभ दे रही है। डबल इंजन सरकार के माध्यम से यूपी में विकास की योजनाओं को बिना भेदभाव गांव से शहर तक, प्रत्येक जगह प्रभावी ढंग से लागू करने का कार्य देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी का नौजवान अब पहचान के लिए मोहताज नहीं है। देश में अब वह कहीं भी जाकर गर्व से कह सकता है कि मैं यूपी का नागरिक हूं। एक समय था, जब यूपी के सामने पहचान का संकट खड़ा किया गया था, लोग यहां की विरासत को कोसते थे, हमें अपमानित करते थे, बीमारू राज्य होने के कारण हमारे बारे में लोगों का दृष्टिकोण भिन्न था, लेकिन यूपी अब बीमारू नहीं है। देश के विकास के अभियान में जुड़कर यहां के युवा, किसान व आधी आबादी भी कार्य कर रही है। यह भाजपा के प्रति आमजन के विश्वास का प्रतीक हैं। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन, प्रेरणा व नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने पिछले 9 वर्ष में विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। सीएम योगी ने विश्वास जताया कि इस गति को और तेजी से बढ़ाने के लिए यूपी का एक-एक कार्यकर्ता प्राणप्रण से जुटकर वर्तमान व भावी भविष्य के निर्माण में योगदान देगा। इस दौरान केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम, कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, विधायक श्रीकांत शर्मा, मेघश्याम सिंह, राजेश चौधरी, पूरन प्रकाश, जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी किशन सिंह, विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह, अशोक कटारिया, ओमप्रकाश सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, जिलाध्यक्ष निर्मल पांडेय, महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने फीता काटकर किया नवनिर्मित पुलिस चौकी महिला पिंक बूथ का लोकार्पण

**बाजार शुकुल, अमेठी।** अपराधों पर अंकुश लगाने व स्थानीय स्तर पर त्वरित न्याय के उद्देश्य से बीते शनिवार की शाम इंडोरामा प्राइवेट लिमिटेड जगदीशपुर के सहयोग से सीएसआर फंड से थानाक्षेत्र के उरेरमऊ में नवनिर्मित पुलिस चौकी महिला पुलिस पिंक बूथ का पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक द्वारा फीता काट कर लोकार्पण कर शुभारंभ किया गया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि इंडोरामा प्राइवेट लिमिटेड जगदीशपुर के सहयोग से महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व उनके उत्थान हेतु पिंक बूथ की स्थापना की गई है पिंक बूथ के माध्यम से महिला सम्बन्धी अपराधों में तत्काल सहायता एवं सुरक्षा प्रदान की जा सकेगी साथ ही पुलिस चौकी के शुभारंभ से अपराधों पर अंकुश लगेगा और लोगों को स्थानीय स्तर पर त्वरित न्याय मिल सकेगा।

उरेरमऊ पुलिस चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक सत्य प्रकाश तिवारी को बनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह,तहसीलदार राहुल सिंह,थानाध्यक्ष विवेक वर्मा, इंडोरामा प्राइवेट लिमिटेड जगदीशपुर के मुख्य संचालक अधिकारी राजेन्द्र शंखे,सीएसआर प्रमुख अभिनव सिन्हा, सीएसआर इंचार्ज सूर्या मिश्रा, जितेन्द्र विजय सिंह मुन्ना,ग्राम प्रधान अजय यादव, नागेन्द्र यादव, मूलचंद्र यादव व संबंधित जन एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्वरोजगार के लिए कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** खुन खुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, लखनऊ में, छात्राओं में स्वरोजगार हेतु कौशल विकास को ध्यान में रखते हुए दिनांक 24 - 25 तक दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में कॉलेज की प्राचार्या प्रो. अंशु केडिया ने अपने विचार रखते हुए कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से छात्राओं का कौशल विकास किए जाने का प्रयास है।




वह भविष्य में यदि चाहे तो इस प्रशिक्षण के माध्यम से अपना रोजगार चला सकेंगी तथा अपने परिवार की आय में सहयोग कर सकेंगी।

महाविद्यालय का प्रयास रहेगा कि इसकी मार्केटिंग के लिए भी रास्ते ढूंढे जाए ताकि जो छात्राएं कार्यशाला में प्रशिक्षण ले वे वास्तविक रूप से इससे जुड़ सके स इस कार्यशाला में नेल पोलिश रिमूवल, लिक्विड साबुन, फिनायल, कपड़ों एवं बर्तनों के वाशिंग पाउडर, नील, ब्लीचिंग पाउडर, सेनेटाइजर आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया गया स हर वस्तु को बनाने की प्रक्रिया, प्रयोग किए जाने वाले रसायनों के बारे मे जानकारी, सावधानियों आदि जुड़े पक्षों को प्रत्यक्ष रूप से सिखाया गया। यह कार्यशाला सी.टी.एस.एफ फार्मेसीटिकल प्राइवेट लिमिटेड के प्रो. डी. के. अवस्थी एवं उनकी टीम प्रशिक्षक के रूप छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय की 100 छात्राओ ने प्रशिक्षण प्राप्त किया स छात्राओ के अतिरिक्त, छै ऑफिसर डॉ. रुचि यादव एवं डॉ शालिनी शुक्ला उपस्थित रहीं।

# मतदाता लोकतंत्र की होते हैं आत्मा: पाठक

## उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने नवमतदाताओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रविवार को प्रदेश के सभी जनपदों में नवमतदाताओं का अभिनंदन कर लोकतंत्र का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर प्रदेशभर में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के श्रवण के उपरांत नवमतदाता सम्मान समारोहों का आयोजन किया गया।



प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने नवमतदाताओं का अभिनंदन किया। इस अवसर पर नवमतदाताओं सहित उपस्थित जनसमूह ने लोकतंत्र की मजबूती तथा विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने हेतु सामूहिक सहभागिता का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संजय राय, भाजपा नेता नीरज सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में नवमतदाता तथा पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने नवमतदाताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के पावन अवसर पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में सभी नवमतदाताओं का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन है। मतदाता लोकतंत्र की आत्मा होते हैं और जब युवा पहली बार मतदाता बनने की अर्हता प्राप्त करता है, तो वह उसके जीवन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ाव होता है।

श्री पाठक ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पहली बार मतदाता बने युवाओं को विशेष रूप से बधाई दी है। उन्होंने आह्वान किया कि हम सभी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट होकर कार्य करें। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने युवाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए हैं, जिसका परिणाम है कि आज भारत प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की आज़ादी की लड़ाई में युवाओं की भूमिका सदैव निर्णायक रही है। स्वामी विवेकानंद, चन्द्रशेखर आज़ाद, सुभाष चन्द्र बोस और भगत सिंह जैसे महापुरूषों ने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया। वह सभी हमारे प्रेरणापुंज है। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान कांग्रेस पार्टी ने सत्ता स्वार्थ में संविधान को दरकिनार कर लोकतंत्र पर आघात किया था। हमें सदैव लोकतंत्र की रक्षा तथा मजबूती के लिए तत्पर और तैयार रहना है। आप सभी लोकतंत्र के सजग प्रहरी बनकर काम करें और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को अपनी सहभागिता से साकार करें। प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री धर्मपाल सिंह ने नवमतदाताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि मतदाता बनना सिर्फ मतदान का अधिकार प्राप्त करना नहीं है बल्कि यह राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संकल्प भी है। आज का युवा देश का वर्तमान भी है और भारत का उज्ज्वल भविष्य भी है।

जब कोई युवा पहली बार मतदाता बनता है तो वह लोकतंत्र की नींव को और अधिक मजबूत करता है। आपका एक-एक मत देश की दिशा और दशा तय करने की शक्ति रखता है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में युवाओं को शिक्षा, रोजगार, नवाचार तथा राष्ट्र नवनिर्माण से जोड़ने का काम किया गया है। आज का भारत युवा शक्ति के बल पर आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। धर्मपाल सिंह ने सभी नवमतदाताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात करें, राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें और सजग, जागरूक तथा जिम्मेदार मतदाता बनें। युवाओं की सक्रिय सहभागिता ही सशक्त लोकतंत्र और विकसित भारत की आधारशिला है। सभी को पुन: नवमतदाता बननें की शुभकामनाएं व बधाई। आइए हम सभी मिलकर लोकतंत्र को मजबूत करने, भारत को विश्वगुरू तथा विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़े।

# संविधान गोष्ठी पर कर्तव्य, स्वतंत्रता व संविधान निर्माण पर हुआ विमर्श

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** जश्न-ए-आजादी संस्था द्वारा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर संविधान गोष्ठी का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रोहित अग्रवाल ने सहभागिता की और अपने संबोधन में संविधान में निहित मौलिक कर्तव्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि कर्तव्यों का पालन ही सशक्त लोकतंत्र की वास्तविक नींव है।

उन्होंने नागरिकों से संविधान की आत्मा को समझते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आ]वान किया। संस्था के अध्यक्ष मुर्तजा अली ने संविधान द्वारा प्रदत्त स्वतंत्रताओं एवं मौलिक अधिकारों पर विचार रखते हुए कहा कि संविधान हमें न केवल आज़ादी देता है, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा भी देता है। इस अवसर पर आयोजित संविधान गोष्ठी में प्रशासनिक अधिकारियों, न्यायाधीशों, कवियों, सामाजिक संगठनों के अध्यक्षों, अधिवक्ताओं तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता की। मुख्य वक्ता रिटायर आई एस अब्दुल समद साहब और वक्ताओं ने संविधान की समकालीन प्रासंगिकता, लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों पर गहन विमर्श किया। कार्यक्रम का समापन संविधान की मर्यादा बनाए रखने और राष्ट्रहित में कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।

इस मोके पर आर बी लाल, आर पी राव,फैजुद्दीन सिद्दीकी, हलीमा अज़ीम ,फहद हसन, कैफ़,पंकज माथुर, अमरपाली सिंह, विमल यादव, राज किशोर पांडेय, संजय मिश्रा, आर.एस. विश्वकर्मा, अफरोज आलम, महेंद्र प्रताप यादव, ग्रेबियल एंथोनी, प्रमिला मिश्रा, बिलाल अहमद, शाहिद सिद्दीकी, खुर्शीद, शमशेर गाज़ीपुरी, आर.बी. लाल, जे.पी. उप्रेती, शोभित यादव, वी.के. मधुकर, एस.ए. सिद्दीकी, जगदीश (न्यायाधीश) मौजूद रहे।

# मिट्टी धंसने से मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले के लीलापुर क्षेत्र मे रविवार को कुएं की मिट्टी में दबने से एक मजदूर की मौत हो गयी और दो मजदूर गम्भीर रुप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घराउरा गांव मे आज को कुयें मे उतर कर साफ सफाई करते समय मिट्टी धंसने से एक मजदूर की मौत हो गयी और दो मजदूर गम्भीर रुप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार कुयें की मिट्टी धंसने से दब कर मजदूर दीपक (35) की मौत हो गयी है जबकि धीरज और आकाश गम्भीर रुप से घायल हो गए। घायल मजदूरों को इलाज के लिये मेडिकल कालेज मे भर्ती कराया गया है। कुएं के अंदर रेस्क्यू कर सभी को बाहर निकाला गया।

# कफ सिरप मामले में भोला प्रसाद जायसवाल की 30 करोड़ की अवैध संपत्ति जब्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के चर्चित कोडीन युक्त कफ सिरप मामले में वाराणसी की रोहनिया पुलिस और स्पेशल जांच टीम (एसआईटी) ने रविवार को शैली ट्रेडर्स के प्रोप्राइटर भोला प्रसाद जायसवाल की 30 करोड़ 52 लाख रुपये की अवैध संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, रोहनिया थाने में भोला प्रसाद जायसवाल के खिलाफ दर्ज बीएनएस की धारा 111 तथा एनडीपीएस एक्ट की धारा 68 (एफ) (सफेमा) के तहत कार्यवाही की गई। मड़ौली, जगतगंज समेत कई इलाकों में अपराध से अर्जित धन से बनाई गई संपत्तियां भोला प्रसाद ने अपने, पत्नी तथा बच्चों के नाम पर दर्ज कराई थीं। चि]नत सभी संपत्तियों को इसी क्रम में जब्त किया गया है। कायस्थ टोला, प्रहलाद घाट स्थित मकान पर कुर्की का नोटिस चस्पा किया गया है। इसके अलावा इंडियन बैंक के तीन खातों में जमा लगभग 3 करोड़ रुपये की राशि को भी फ्रीज कर दिया गया है। साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के खिलाफ बी-वारंट तामील कराया गया है।

# डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन की बैठक में फार्मेसिस्टों ने अपनी समस्याएं बताई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उ.प्र. लखनऊ की आम बैठक आज विज्ञान भवन सभागार बलरामपुर चिकित्सालय परिसर में आहूत की गई। बैठक में जनपद लखनऊ के फार्मेसिस्टों एवं चीफ फार्मेसिस्टों ने बड़ी संख्या में भाग लिया,



जिसमें फार्मेसिस्ट संवर्ग के हितों एवं उनकी तैनात स्थानों पर आने वाली कठिनाईयों एवं उन कठिनाईयों के स्थाई निराकरण जैसे संवेदनशील विषयों पर गम्भीरता से विचार विमर्श किया गया। बैठक में निम्न विषयों 1- मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ के अधीन विभिन्न चिकित्सालयों में कार्यरत सदस्यों ने अवगत कराया कि संबंधित चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक अथवा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी फार्मेसिस्ट संवर्ग पर लेखा परीक्षण के नाम अनावश्यक दबाव बना कर धन उगाहने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं,जो कि किसी भी दशा में उचित नहीं है।

2-मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ के अधीन विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत फार्मेसिस्ट संवर्ग के सदस्यों ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश औषधि वितरण, निगम, नादरगंज लखनऊ से औषधियों एवं अन्य आवश्यक चिकित्सीय वस्तुओं को जनपद की प्रत्येक चिकित्सा इकाईयों तक पहुंचाने की कोई भी व्यवस्था नहीं है,

इस कारण से संबंधित फार्मेसिस्ट को अपने स्वयं के निजी व्यय पर औषधियों की आपूर्ति सुनिश्चित करनी पड़ती है, जब कि नियामानुसार औषधि आपूर्ति निगम से प्रत्येक चिकित्सा इकाई तक औषधियों की आपूर्ति सुविधा सुनिश्चित किये जाने का दायित्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ महोदय का है । 3-जनपद-लखनऊ के विभिन्न चिकित्सालयों में फार्मेसिस्ट संवर्ग कार्मिकों की संख्या स्वीकृत नियतन से कम होने पर पर सदस्यों द्वारा भी गम्भीर चिन्ता व्यक्त की गई, फार्मेसिस्ट संवर्ग के कार्मिकों की संख्या स्वीकृत नियतन से कम होने पर तैनात फार्मेसिस्ट पर अनावश्यक कार्य का अत्यधिक दबाव बना रहता है एवं अवकाश आदि स्वीकृत कराने में भी व्यावहारिक कठिनाईयों के साथ पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू कराने जैसे विषय पर भी गम्भीरता से विचार विमर्श किया गया।

# वोट की चोट देकर चुनाव में अपनी समस्याओं पर करें प्रहार: संजय गुप्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर 'उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल' के बैनर तले व्यापारियों ने प्रत्येक चुनाव में अनिवार्य मतदान की शपथ ली , संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने व्यापारियों को अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई शपथ ग्रहण कार्यक्रम हजरतगंज स्थित साहू सिनेमा के पास आयोजित हुआ इस अवसर पर बोलते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा लोकतंत्र में जनता के पास वोट का अधिकार सबसे बड़ा हथियार है सभी को मताधिकार के हथियार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए उन्होंने कहा व्यापारियों को चुनाव में जाति धर्म में ना बटते हुए व्यापारी बनकर वोट देना होगा तथा अपने आप को मजबूत 'व्यापारी वोट बैंक' के रूप में स्थापित करना होगा तभी व्यापारियों की समस्याओं का समाधान होगा और सरकारे आसानी से व्यापारियों की बात सुनेंगी उन्होंने कहा जो लोग मताधिकार का प्रयोग नहीं करते, उन्हें सरकारो को कोसने का कोई अधिकार नहीं है,




उन्होंने कहा हमें स्वयं तथा अपने परिजनों एवं परिचितो को अनिवार्य मतदान हेतु जागरूक करना होगा।

संजय गुप्ता ने कहा कि चुनाव में व्यापारी अपने परिजनों के साथ वोटों का प्रयोग कर मजबूत व्यापारी वोट बैंक के रूप में दिखें उन्होंने कहा राजनीतिक दल एवं सत्ता पर बैठे हुए लोग केवल वोटों की भाषा समझते हैं अत: नागरिकों को इस भाषा का प्रयोग अच्छे तरीके से करना आना चाहिए व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने व्यापरियों एवं नागरिकों से मताधिकार के समय जाति धर्म की सोच को छोड़कर शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, व्यापार, उद्योग, एवं देश- प्रदेश के चौमुखी विकास के विषयों को ध्यान में रखते हुए मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की शपथ कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री शशिकांत शर्मा, कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह चड्ढ़ा, मंत्री संदीप सिंह गौर, प्रदेश संसदीय महामंत्री सुहेल हैदर अल्वी, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेखर कुमार, नगर महामंत्री राजीव शुक्ला, नगर महामंत्री मोहित कपूर, नगर महामंत्री संजय त्रिवेदी, नगर महामंत्री आशीष गुप्ता, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंशु श्रीवास्तव, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिमांशु गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष सतनाम सिंह, नगर उपाध्यक्ष शिखर विजय श्रीवास्तव, ट्रांस गोमती महिला अध्यक्ष अंजलि मौर्या, महामंत्री कादंबिनी द्विवेदी, लव लेन मार्केट अध्यक्ष गौस अहमद, कमर मून, प्रिंस मार्केट अध्यक्ष मोहम्मद हलीम खान, महामंत्री रवि मामा जी, चन्दर नगर मार्केट अध्यक्ष मनमोहन सिंह, उत्तर प्रदेश आदर्श टेंट कैटरिंग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संतोष गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव सिंह, वीरेंद्र साहू, नगर उपाध्यक्ष संजय टंडन, गोपाल गुप्ता व्यापारी शामिल थे।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नलकूप निर्माण के लिए व्यवसाई राम सिंह ने दो बिस्वा जमीन दी थी दान

**लक्ष्मण प्रसाद वर्मा**

**जायस ,अमेठी।** विकास खण्ड बहादुरपुर के ग्राम पंचायत मवई आलमपुर क्षेत्र के किसानों को खेतों में उगाई जाने वाली फसलों की सिंचाई के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

समस्याओं के निदान के लिए राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने प्रस्ताव राजकीय नलकूप विभाग को भेज दिया था। राजकीय नलकूप निर्माण के लिए जमीन न मिलने पर आलमपुर गांव निवासी राम सिंह ने अपनी भूमिधरी जमीन से दो बिस्वा जमीन नलकूप निर्माण के लिए दान कर दिया था

। नलकूप विभाग की संस्तुति के बाद करीब एक वर्ष पहले ही बनकर तैयार हो गया था। मौजूदा समय में नवनिर्मित नलकूप अभिलेखों में पानी उगल रहा है। जबकि धरातल पर वह जंग खा रहा है। जायस क्षेत्र के ग्राम पंचायत मवई आलमपुर के गांव आलमपुर, पूरे बरदहा व रानीगंज के किसानों को सिंचाई से राहत दिलाने के लिए लगभग 35 लाख रुपये की लागत से नलकूप का निर्माण कराया गया था,

जो करीब एक वर्ष पहले ही बनकर तैयार हो गया था। ऑपरेटर नियुक्ति के बाद भी नवनिर्मित नलकूप संचालित न होने से छोटे किसानों को निजी नलकूपों के संचालकों के शोषण का शिकार होना पड़ रहा है। सिंचाई की व्यवस्था नि:शुल्क होने से कम लागत में उपज तैयार होगी, जिसका लाभ सीधे किसानों को मिलेगा। किसानों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने नलकूप विभाग को प्रस्ताव भेजा था। निर्माण के लिए जमीन नहीं मिली तो आलमपुर निवासी राम सिंह ने अपनी भूमिधरी जमीन से दो बिस्वा जमीन राजकीय नलकूप विभाग के नाम दान कर दी थी।

# डीएम ने दिलाई लोकतंत्र की शपथ

**वयोवृद्ध मतदाता व उत्कृष्ट बीएलओ सम्मानित**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को राजकीय इंटर कॉलेज के ऑडिटोरियम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि वर्ष 2011 से प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मताधिकार का प्रयोग अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भय, दबाव अथवा प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को घरों से निकालकर मतदान केंद्र तक लाना राष्ट्र के प्रति हमारा कर्तव्य है। नवीन मतदाताओं को जोड़ना एक राष्ट्रीय कार्य है, जिसे सभी बीएलओ पूरी निष्ठा के साथ करें। उन्होंने युवाओं से मतदाता बनने और भविष्य के सभी चुनावों में सक्रिय रूप से मतदान करने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन सुनिश्चित करने तथा धर्म, जाति, वर्ग, समुदाय अथवा किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मतदान करने की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र 123-बिथरीचौनपुर के 91 वर्षीय वयोवृद्ध मतदाता रामऔतार शर्मा एवं विधानसभा क्षेत्र 125-बरेली कैंट की 85 वर्षीय मतदाता कुसुमलता पाराशरी को शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के बीएलओ, सुपरवाइजर, वीआरसी के कंप्यूटर सहायकों एवं वरिष्ठ सहायकों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न विद्यालयों में आयोजित स्लोगन, भाषण, निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में द्रौपदी कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं मतदाता जागरूकता गीत प्रस्तुत किया गया, वहीं राम भरोसे गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कस्तूरबा गांधी नगर निगम की छात्राओं ने देशभक्ति गीतों से समां बांध दिया।

अंत में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देश दीपक, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक नगर सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसडीएम इशिता किशोर को मिला राज्य स्तरीय सम्मान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में जनपद बरेली में तैनात उप जिलाधिकारी बहेड़ी/संयुक्त मजिस्ट्रेट एवं 118-बहेड़ी की निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी इशिता किशोर को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा द्वारा प्रदान किया गया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा वर्ष 2025 में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 से संबंधित कार्य में उत्कृष्ट एवं सराहनीय प्रदर्शन के लिए प्रदेश के कुल 18 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को सम्मानित किया गया, जिसमें इशिता किशोर भी शामिल रहीं।

इशिता किशोर द्वारा निर्वाचन कार्यों के सफल संचालन, मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने तथा पारदर्शी एवं निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित करने में उल्लेखनीय योगदान दिया गया, जिसके फलस्वरूप उन्हें यह राज्य स्तरीय सम्मान प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने उप जिलाधिकारी इशिता किशोर को बधाई देते हुए कहा कि उनके उत्कृष्ट कार्य से जनपद बरेली का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करते रहने की शुभकामनाएं दीं।

## एक नजर

### उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर डा. भीमराव अंबेडकर को दी गई श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर नगर पंचायत फतेहगंज पश्चिमी के मोहल्ला नौगवां स्थित भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा की साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इसके पश्चात विधिवत माल्यार्पण कर डॉ. अंबेडकर जी को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत प्रशासन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अधिशासी अधिकारी पुष्पेन्द्र राठौर द्वारा डॉ. अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी ने डॉ. अंबेडकर जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए समाज के वंचित एवं शोषित वर्गों के उत्थान हेतु उनके संघर्ष तथा भारतीय संविधान के निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को विस्तार से बताया। उनके आदर्शों को अपने कार्य एवं व्यवहार में अपनाने का आह्वान किया तथा सभी से स्वच्छता को अपनाने की अपील की। सभी कर्मचारियों ने "स्वच्छता ही सेवा है" का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में प्रिंसी गंगवार, विशाल भारती सहित नगर पंचायत के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### तीन तलाक देकर मारपीट कर महिला को घर से निकाला, सात पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** सरकार द्वारा तीन तलाक जैसी कुप्रथा को रोकने के लिए सख्त कानून बनाए जाने के बावजूद मुस्लिम महिलाओं के उत्पीड़न के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला थाना शाही क्षेत्र से सामने आया है, जहां एक विवाहिता को तीन तलाक देकर मारपीट कर उसके मासूम बच्चे सहित घर से निकाल दिया गया।कस्बा शाही के मोहल्ला हसनपुर निवासी दरकशा का निकाह करीब पांच वर्ष पूर्व कस्बा शीशगढ़ के मोहल्ला गढ़ी निवासी जुनैद मोनिश से हुआ था। विवाह के समय पीड़िता के पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था। दंपति का दो वर्षीय पुत्र अहान भी है। आरोप है कि ससुराल पक्ष दहेज से संतुष्ट नहीं था और लगातार दो लाख रुपये नकद व कार की मांग को लेकर दरकशा को प्रताड़ित करता रहा। बताया गया कि पति जुनैद दिल्ली में काम करता था, जहां उसने दूसरी महिला से निकाह कर लिया। इसके बाद 30 नवंबर को उसने दरकशा को तीन तलाक देकर मारपीट की और बेटे के साथ घर से धक्का देकर निकाल दिया। पीड़िता पिछले दो माह से मायके में रह रही थी। इस दौरान कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन ससुराल पक्ष ने उसे रखने से साफ इंकार कर दिया।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति जुनैद मो. निश, ससुर कमर अली, सास नजमा, ननद गुड्डी व महबिश तथा देवर नवेद और उबैद के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर संघ व विहिप पदाधिकारियों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत घोष प्रमुख माननीय ललित जी भाई साहब,नवाबगंज नगर सह-कार्यवाह हिमांशु पाण्डेय जी एवं स्वयंसेवक दीपू पाण्डेय जी का आगमन विश्व हिन्दू परिषद, के जिला मंत्री अविनाश मिश्रा के निज निवास पर हुआ। इस अवसर पर दिनांक 10 फरवरी, 2026 को नगर नवाबगंज में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर भाजपा मंडल महामंत्री उमाकांत जोशी,नगर अध्यक्ष भाजपा आशीष देवल,व पूर्व जिला सहसंयोजक सोशल मीडिया अनुपम पंडित के साथ विस्तृत चर्चा की गई। चर्चा के दौरान सम्मेलन की रूपरेखा,आयोजन की तैयारियों, समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता तथा सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। चर्चा सकारात्मक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। प्रान्त घोष प्रमुख ललित जी का प्रथम बार नगर आगमन पर अंगवस्त्र,साहित्य,व सीनरी भी भेंट की गयीं।



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रेडियो कार्यक्रम मन की बात को सुना गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** भाजपा नेता विनय चौधरी के नेतृत्व में लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी को ध्यान से सुना। तत्पश्चात विनय चौधरी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह भाजपा की नीतियों को घर घर पहुंचाने में जुट जाएं। इस अवसर पर अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मदरसा मंजरे इस्लाम में जगी 'मदरसा छात्रा और राष्ट्र प्रेम की भावना'



**मदरसा मंजरे इस्लाम के छात्र समाज में मजहब व मसलक की मोहब्बत के साथ राष्ट्र प्रेम की भावना जगाने का भी काम करते हैं: मुफ्ती सलीम नूरी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** दरगाह प्रमुख हजरत सुब्हानी मियां की सरपरस्ती व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की अध्यक्षता और प्रधानाचार्य मुफ्ती मोहम्मद आकिल रजवी की निगरानी में सौदागारान स्थित मदरसा मंजरे इस्लाम में गणतंत्र दिवस के मौके पर मदरसा छात्रों के बीच एक इनामी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके लिए छात्रों को दो टॉपिक दिए गए जिसमें पहला टॉपिक संविधान के अनुरुप मदरसा छात्रों को जीवनयापन करना आवश्यक है, और दूसरा टॉपिक मदरसा छात्र और राष्ट्रप्रेम की भावना। इन दोनों ही टॉपिक पर 300 से अधिक संख्या में हिस्सा छात्रों ने हिस्सा लिया।

दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि इस प्रतियोगिता के समापन पर मदरसे के शिक्षक मुफ्ती मोहम्मद सलीम बरेलवी ने भारतीय मदरसों के राष्ट्र प्रेम पर रोशनी डालते हुए छात्रों को बताया के हिन्दुस्तान के मदरसों का इतिहास रहा है कि यहां से शिक्षा हासिल करने वालों ने हमेशा से मुस्लिम समाज के अन्दर मजहब व मसलक से मोहब्बत करने का पैगाम देने के साथ अपने मुल्क और अपने संविधान से मोहब्बत करने पर भी जोर दिया है और उनके अंदर राष्ट्र प्रेम की भावना पैदा करने की दिशा में निरन्तर प्रयास किया है। मदरसे के वरिष्ठ शिक्षक डाक्टर एजाज अंजुम ने खिताब करते हुए कहा कि हमें अपना मजहब व मसलक के उसूलों पर अम्ल करते हुए अपने संविधान पर भी सख्ती से अम्ल करना है।

मदरसे के मुफ्ती मोहम्मद अख्तर ने कहा कि मदरसों के छात्रों को अपनी राष्ट्रीय जिम्मेदारी निभाते हुए अपने समाज के बच्चो और नौजवानों के अन्दर राष्ट्र प्रेम की जोत जगाने की कोशिश करना चाहिए। कारी अब्दुर्रहमान कादरी ने कहा कि मुल्क में अमन व शान्ति और आपसी सौहार्द को बढावा देने के मदरसे अपनी जिम्मेदारियां अच्छे से निभाएं और बदअमनी फैलाने वालों का हरगिज साथ ना दें।

आज 26 जनवरी को तय समय के अनुसार तिरंगा लहराने का कार्यक्रम,राष्ट्र-गान फिर सांस्कृतिक कार्यक्रम, उपहार वितरण आदि का वितरण छात्रो के बीच किया जाएगा उसके बाद छात्रों की तिरंगा रैली निकाली जाएगी।

# संग्रह अमीन ने कोर्ट के कुर्की आदेशों को दबाया

**एडीएम ने एसडीएम को दिए कार्यवाही के आदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के एक युवक की कृषि भूमि को कुर्क किए जाने के आदेशों को ही तहसील के एक संग्रह अमीन ने दवा दिया। विवाहिता द्वारा की गई शिकायत पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए एसडीएम को जांच कर कार्यवाही के आदेश दिए गए हैं।

जनपद इटावा के रहने वाले विजय कुमार राठौर की पुत्री प्रियंका राठौर की शादी कस्बे के अधिवक्ता रहे स्व सतीश चन्द्र राठौर के पुत्र विकास चन्द राठौर के साथ 18 जून 2001 को हुई थी, आरोप है कि कुछ दिनों बाद दोनों के बीच अनवन हो गई और विकास राठौर ने अपनी पत्नी प्रियंका राठौर जी छोड़ दिया था। बताया जाता है कि प्रियंका राठौर ने पारिवारिक न्यायालय इटावा में भरण पोषण का मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि माननीय कोर्ट ने 28 लाख 12 हजार रूपए पति विकास चन्द्र राठौर से वसूले जाने के आद. श दिए थे, लेकिन जव रुपए की वसूली नहीं हो सकी तो इटावा की पारिवा. रिक न्यायालय ने 21 नवम्बर 2025 को विवाहिता की पति विकास चन्द्र राठौर की नवाबगंज क्षेत्र के गांव ईंधजागीर स्थित भूमि गाटा संख्या 824, 624, 237 की कुर्की करने के आदेश दिए थे। साथ ही कुर्की कर कोर्ट को 22 दिसंबर 2025 को रिपोर्ट भेजे जाने के आदेश दिए थे।

जब कोर्ट के इन आदेशों पर आरोपी पति की भूमि की कुर्की नहीं हुई तो पीड़ित महिला प्रियंका राठौर ने जिलाधिकारी बरेली को एक शिकायती पत्र देकर इस मामले में तहसील के एक संग्रह अमीन पर पति से सांठ गांठ कर कोर्ट के आदेश को दवाए जाने का आरोप लगाते हुए संबंधित संग्रह अमीन के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की मांग की। जिस पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने एसडीएम को पत्र भेजकर न्यायालय के आदेश पर कार्यवाही करने के साथ ही संबंधित संग्रह अमीन के खिलाफ जांच कर कार्यवाही के आदेश दिए हैं। इस पर एसडीएम उदित पवार ने तहसीलदार को कोर्ट के आदेशों का पालन कराए जाने के साथ ही संबंधित संग्रह अमीन द्वारा कुर्की आदेश दवाए जाने की जांच कर कार्यवाही के आदेश दिए हैं। इस बारे में तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जमीन की कुर्की की कार्यवाही के लिए कार्यवाही की जा रही है।

# ओटीएस में लक्ष्य से अधिक राजस्व वसूली पर जेई व एसडीओ होंगे आज होगें सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** विद्युत विभाग द्वारा संचालित एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के अंतर्गत लक्ष्य से अधिक राजस्व वसूली करने पर मीरगंज क्षेत्र के जेई सोमप्रकाश एवं फतेहगंज पश्चिमी के एसडीओ अंकित द्विवेदी को सम्मानित किया जाएगा।

दोनों अधिकारियों को यह सम्मान 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर बरेली में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा।

बताया गया कि ओटीएस योजना के तहत उपभोक्ताओं को जागरूक कर बकाया विद्युत बिल समय से जमा कराए गए, जिससे विभाग को अपेक्षा से अधिक राजस्व प्राप्त हुआ। अधिकारियों के कुशल नेतृत्व, कार्यशैली और टीमवर्क के चलते यह उपलब्धि हासिल हुई।

विभागीय अधिकारियों ने कहा कि ओटीएस योजना उपभोक्ताओं के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है और इससे विद्युत विभाग की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार निष्ठा, पारदर्शिता और जिम्मेदारी से कार्य करने की अपेक्षा जताई।

इस उपलब्धि पर विद्युत विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने दोनों को बधाई दी है।

# मतदाता दिवस पर कस्बे में निकाली गई रैली, दिलाई शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर रविवार को नगर में छात्रों ने रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया।

नगर के लालता प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्रों द्वारा मतदाता दिवस पर एक रैली निकाली गई। स्कूल से शुरू हुई यह रैली तहसील पहुंची, जहां मतदाताओं को जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एसडीएम न्यायिक निधि शुक्ला ने एसआईआर में बेहतर कार्य करने वाले पांच बीएलओ, तीन मतदाताओं वृद्ध, दिव्यांग के साथ ही थर्ड जेंडर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह, वीआरसी मोहित मिश्रा भी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, निकली जागरूकता रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर तहसील स्तरीय कार्यक्रम आरपी कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आरपी कॉलेज के 400 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की, जबकि विकासखंड मीरगंज की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में शामिल रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ उप जिलाधिकारी आलोक कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। उप जिलाधिकारी ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई।

इसके उपरांत उप जिलाधिकारी ने आरपी कालेज से मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कॉलेज परिसर से प्रारंभ होकर कस्बा मीरगंज के थाना चौराहा तक गई और पुन: कॉलेज परिसर में आकर संपन्न हुई।रैली के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा गीत, भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को उपजिलाधिकारी मीरगंज द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वालों में आरपी कॉलेज के अभिषेक राजपूत, अब्दुल्लाह अंसारी, नंदनी पाल, राधिका, अर्जुन दिवाकर, देव दिवाकर, आस्था गुप्ता, नेहा, अलका, स्वाती, पलक, शिवानी सहित आरएमएस एकेडमी परौरा तथा संत मंगलपुर इंटर कॉलेज मीरगंज के मनु गुप्ता, सुधा, नाजिया, फरीद, मुस्कान, तनु, शालू, पूर्वा शामिल रहे।

इसके अतिरिक्त बेसिक शिक्षा विभाग के अध्यापक अमित कुमार, प्रशांत गुप्ता, निधि सक्सेना एवं ज्ञान स्वरूप ने भी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया।

विधानसभा क्षेत्र में मतदाता पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ मोहम्मद नाजिम, विपिन कुमार, आमिर बेग, गुलाब अंसारी तथा सुपरवाइजर लेखपाल आदित्य कुमार, अनिल कुमार एवं अभिषेक पटेल को सम्मानित किया गया।

बीएलओ रामविलास, रोजगार सेवक मोहम्मद रिजवान, सहायक अध्यापक तथा सुपरवाइजर गिरन्द सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, वीआरसी गिरजा शंकर मौर्य एवं संदीप कुमार गंग. वार को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में तहसीलदार मीरगंज आशीष कुमार सिंह, नायब तहस. ीलदार अरविंद कुमार, राजस्व निरीक्षक नन्हे लाल सहित राजस्व कर्मचारी एवं कॉलेज के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में दिलाई गई मतदान की शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम एवं मतदाता शपथ समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एस. के. सिंह के कुशल निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत रोवर रेंजर्स एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए लो. कतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। विद्यार्थियों को मताधिकार के महत्व, निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान तथा एक जागरूक व जिम्मेदार नागरिक की भूमिका के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही सभी को मतदान की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. प्रवीण सिंह एवं रोवर रेंजर्स प्रभारी डॉ. शिव प्रताप सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. पारुल जैन, डॉ. मोहम्मद फैज, डॉ. रत्नाकर दुबे, डॉ. आनंद कुमार, वीरेंद्र शर्मा, डॉ. पुष्पेंद्र सहित अन्य प्राध्यापकगण की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नगर में निकली जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर नगर में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में नगर के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की। रैली रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर नैनीताल रोड होते हुए तहसील परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नए मतदाताओं का माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें उपहार स्वरूप वोटर कार्ड प्रदान किए गए। वहीं 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके वरिष्ठ मतदाताओं को भी सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर स्कूल के बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित सांस्कृतिक व प्रेरक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसडीएम/ जॉइंट कमिश्नर इशिता किशोर ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोकतंत्र में वोट के अधिकार को सबसे बड़ा अधिकार बताया, और मतदान करने की अपील की।

# मुस्लिम कमेटी ने निराले अंसारी को दी खिराजे अकीदत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** समाजसेवी एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निराले मियां अंसारी तथा शायर अमजद अमरोहवी के निधन पर मुस्लिम कमेटी की ओर से शोकसभा का आयोजन किया गया। शनिवार रात शहर के मोहल्ला कोट स्थित आसिफ कुरैशी के आवास पर एकत्र कमेटी पदाधिकारियों ने दोनों की मगफिरत के लिए दुआ की। शुरुआत हाफिज अख्तर ने तिलावत -ए-कुरआन-ए-करीम से की। इसके बाद अब्दुल मन्नान ने नात शरीफ का नजराना पेश किया। इस दौरान समाजसेवी हाजी नासिर सिद्दीकी, पूर्व चेयरमैन अफसर परवेज, खालिद सिद्दीकी, आलम मंसूरी, आरिफ मलिक एडवोकेट, मुराद आरिफ एडवोकेट ने दोनों की शख्सियत को लेकर अपने विचार रखे। कहा कि दोनों ही अपनी-अपनी जगह समाज के लिए एक मिसाल थे। मुस्लिम कमेटी के एक मजबूत और जज्बाती साथी थे। उनका पुरजोश अंदाज और कमेटी से गहरी वाबस्तगी मुस्लिम कमेटी की पहचान रही। एक लंबे अरसे तक कमेटी की खिदमत की। दोनों की भरपाई आसानी से मुमकिन नहीं है। इस दौरान आरिफ कुरैशी, फराज सिद्दीकी, वसीम भारती, रियाज मंसूरी, अंसार मलिक, अता-उन-नबी खान, अबूजर, हाजी मोहसिन, इरफान कुरैशी, मोहम्मद आलम, एहसान सलमानी, वसीम अहमद सिद्दीकी मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बजरंग दल जिला संयोजक जिला संयोजक पद पर योगेश चौधरी का मनोनयन होने पर समर्थकों ने फूल मालाएं पहनकर स्वागत किया।रविवार को आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता विपिन सागर ने कहा कि बजरंग दल ने हमेशा ही देशहित और समाजहित में कार्य किया है।

## कर्पूरी ठाकुर जयंती धूमधाम से मनाई

**गजरौला।** गजरौला ब्लॉक के ग्राम हाशमपुर लम्बिया में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जयंती धूमधाम से मनाई गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ऑल इंडिया सेन जी महासंघ ट्रस्ट के राष्ट्रीय कार्यकारीअध्यक्ष एडवोकेट मनमोहन सिंह सेन ने कर्पूरी ठाकुर को गुदड़ी के लाल की संज्ञा देते हुए कहा की कर्पूरी जी जैसा सरल स्वभाव, मृदुभाषी व शोषितों, वंचितों के हितों के लिए सदैव संघर्ष रत रहने वाला मुख्यमंत्री कोई दूसरा नहीं हुआ। कर्पूरी जी ने ही पिछड़ों को 27% आरक्षण देकर एक नई शुरुआत की तथा अंग्रेजी के अनिवार्यता को समाप्त करते हुए प्रतिभाओं को आगे लाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर की इसी छवि को सामने रखकर केन्द्र की भाजपा सरकार ने उन्हें पिछले दिनों भारत रत्न की उपाधि से विभूषित किया। उन्होंने लोगों से उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर रमेश सिंह, महावीर सिंह, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे।

शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# बहेड़ी में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित, हजारों की सहभागिता

**आरएसएस के क्षेत्र प्रचारक बोले हिंदू एकजुटता से ही भारत बनेगा विश्व गुरु**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** हिंदू चेतना समिति के तत्वाधान में बहेड़ी के रामलीला मैदान में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में क्षेत्र भर से हजारों की संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के जयघोष के साथ हुई।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक महेंद्र जी रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र की उन्नति, अखंडता और समृद्धि के लिए हिंदू समाज का एकजुट रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब हिंदू समाज तन, मन और धन से राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करेगा, तब भारत को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता।

महेंद्र जी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पूरे देश में इसी प्रकार के हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि समाज में एकता और राष्ट्रभक्ति की भावना को और मजबूत किया जा सके।

कार्यक्रम में महामंडलेश्वर शिवानंद महाराज ने हिंदू एकता, संस्कृति संरक्षण और गौरक्षा पर विशेष जोर देते हुए समाज को जागरूक रहने का संदेश दिया।

सम्मेलन के दौरान जय श्रीराम, भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से पूरा रामलीला मैदान गूंज उठा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संचालक शशांक भाटिया, विभाग प्रचारक, बरेली सांसद छत्रपाल गंगवार, विधानसभा संयोजक सुरेश गंगवार, सांसद प्रतिनिधि रवि मल्होत्रा, ब्लॉक प्रमुख अमरिंदर सिंह गोल्डी, भूपेंद्र कुर्मी, नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि जायसवाल, नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, सुरेंद्र सिंह राजू, एडवोकेट निशीथ गंगवार, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्वाति कुमार सहित पवन शर्मा, महेश शर्मा, कुंवर सिंह मौर्य, अनुज गुप्ता, नवल भारद्वाज, चिंतामणि राठौर, ठाकुर लाल सिंह, दिनकर गुप्ता, प्रशांत मंडल, प्रदीप विश्वास समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# पर्यटन के क्षेत्र में मजबूत मॉडल के रूप में उभर रहा है उप्रः जयवीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में एक सशक्त मॉडल बनकर उभर रहा है, जहां पर्यटन केवल भ्रमण तक सीमित न रहकर आजीविका, सांस्कृतिक संरक्षण और ग्रामीण विकास का माध्यम बन रहा है। वे राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर रविवार को लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल में आयोजित भव्य कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जयवीर सिंह ने कहा कि 'ग्रामीण एवं समुदाय-केंद्रित पर्यटन' की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश की लोक संस्कृति,



समृद्ध विरासत और तेजी से विस्तार लेते पर्यटन परिदृश्य को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार आध्यात्मिक पर्यटन, इको-टूरिज्म और एग्री-रूरल टूरिज्म जैसे विविध आयामों को बढ़ावा देकर समग्र विकास की दिशा में कार्य कर रही है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि पर्यटन नीति-2022 के तहत धार्मिक, विरासत, वेलनेस, एडवेंचर, क्रूज और ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

इसके साथ ही कैपिटल सब्सिडी के माध्यम से बजट होटल, हेरिटेज होटल, रिसॉर्ट और रिवर क्रूज जैसी इकाइयों में निवेश को गति मिल रही है।

कृषि विभाग के समन्वय से फार्म-स्टे, पारंपरिक खान-पान और ग्रामीण जीवनशैली से जुड़े अनुभवों को बढ़ावा देकर गांवों और किसान परिवारों को पर्यटन से जोड़ा जा रहा है। कार्यक्रम में युवा टूरिज्म क्लब की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही ग्रामीण पर्यटन, फार्म-स्टे, पर्यटन ग्राम और 'बेस्ट सक्सेस स्टोरी' श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पुरस्कार प्रदान किए गए। कृषि क्षेत्र में नवाचार के लिए 15 किसानों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य अमृत अभिजात, प्रमुख सचिव कृषि रविंद्र कुमार, यूपीएसटीडीसी के एमडी आशीष कुमार, निदेशक ईको टूरिज्म पुष्प कुमार सहित पर्यटन व कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संस्कृति विभाग की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं।

## दुकानदारों व भवन स्वामियों को नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** शहर की वर्षों पुरानी सबसे बड़ी समस्या रेलवे फाटक पर लगने वाले भीषण जाम से अब जल्द निजात मिलने की उम्मीद जगी है। राज्य मार्ग संख्या 147 पर प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण को प्रशासनिक मंजूरी मिल चुकी है और निर्माण कार्य की जिम्मेदारी बताई जा रही है कि दिल्ली की प्रतिष्ठित कंपनी प्रगति कंस्ट्रक्शन को सौंपी गई है।

कंपनी ने 18 माह के भीतर ओवरब्रिज निर्माण पूरा करने का आश्वासन दिया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर लोक निर्माण विभाग और तहसील प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। ओवरब्रिज निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए रेलवे फाटक के दोनों ओर स्थित करीब 50 दुकानदारों एवं भवन स्वामियों को अतिक्रमण हटाने के प्रभावित लोगों को स्पष्ट रूप से बताया जा रहा है कि सात दिनों के भीतर अपने-अपने भवनों और दुकानों का निर्माण स्वयं हटाना होगा। प्रशासन ने यह भी साफ किया है कि निर्धारित समयसीमा समाप्त होने के बाद यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। नोटिस मिलने के बाद क्षेत्र के दुकानदारों और भवन स्वामियों में गहरी चिंता का माहौल है। प्रभावित लोगों का कहना है कि दुकानें और भवन टूटने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। कई परिवारों की आजीविका पूरी तरह इन्हीं दुकानों पर निर्भर है।

ऐसे में भविष्य को लेकर अनिश्चितता और डर बना हुआ है। लोग प्रशासन से पुनर्वास वैकल्पिक व्यवस्था और मुआवजे जैसी मांगों को लेकर चर्चा भी कर रहे हैं। हालांकि दूसरी ओर शहरवासियों को यह भी विश्वास है कि ओवरब्रिज बन जाने के बाद स्योहारा को एक नई पहचान मिलेगी। रेलवे फाटक पर लगने वाले लंबे जाम से रोजाना हजारों राहगीरों वाहन चालकों, व्यापारियों, मरीजों और छात्रों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। ओवरब्रिज बनने से न सिर्फ यातायात सुगम होगा, बल्कि समय ईंधन और संसाधनों की भी बचत होगी।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि भले ही फिलहाल कुछ लोगों को कठिनाइयों और नुकसान का सामना करना पड़े, लेकिन दीर्घकाल में यह परियोजना शहर के समग्र विकास के लिए नींव का पत्थर साबित होगी। व्यापार को नई गति मिलेगी, आवागमन आसान होगा और स्योहारा एक आधुनिक व व्यवस्थित नगर के रूप में उभरेगा। प्रशासनिक स्तर पर अभियान तेज कर दिया गया है ।

## तीन साइबर ठग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में कानपुर के संचेडी क्षेत्र में पुलिस ने साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश करते हुए उसके तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त पश्चिम कासिम आबिदी ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि स्वयं को पुलिस/क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर लोगों को मोबाइल फोन से धमका कर, भय दिखाकर पैसा वसूल करने में लिप्त अरविंद सिंह (26), अनुराग सिंह (23) और विकास सिंह (24) को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन और पांच एटीएम कार्ड के अलावा 17 सिम और तीन फर्जी आधार कार्ड बरामद किए गए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों का एक बैंक खाता भी सीज किया है जिसमें अवैध तरीके से अर्जित किए गए आठ लाख रुपये जमा हैं।

साइबर सेल के तकनीकी पोर्टल पर मोबाइल नंबर 7523801201 व अन्य मोबाइल नंबरों के विरुद्ध विभिन्न जनपदों व राज्यों से दर्ज शिकायतों के आधार पर साइबर सेल पश्चिम जोन द्वारा तकनीकी जानकारी एकत्रित की गई। जांच में पाया गया कि थाना क्षेत्र सचेंडी के भौमेश्वर के विभिन्न मकानों से साइबर अपराधियों द्वारा बड़े पैमाने पर आम नागरिकों को फोन कर अश्लील वीडियो देखने एवं स्वयं को पुलिस विभाग/क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर जेल भेजने की धमकी देकर धन की मांग की जाती थी।

इसके अलावा पीएम आवास योजना का प्रलोभन देकर भय एवं मानसिक दबाव की स्थिति उत्पन्न कर पीड़ितों से विभिन्न बैंक खातों, यूपीआई आईडी एवं क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन धनराशि ट्रांसफर कराई जाती थी। इस प्रकार पुलिस की पहचान का दुरुपयोग करते हुए संगठित ढंग से साइबर धोखाधड़ी की घटनाओं को अंजाम दिया गया।

## फांसी के फंदे पर लटका मिला शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सदाफल निवासी विपिन कुमार का शव ग्राम हमीरपुर क्षेत्र में स्थित गन्ने के खेत में फांसी के फंदे पर लटका मिला। दोपहर को खेतों की ओर गए ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी, जिसके बाद तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार एवं हल्का इंचार्ज राकेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

## बूथ डे के अवसर पर डीएम ने किया मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कानपुर।** कानपुर जिले में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए रविवार को 3770 बूथों पर बूथ डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र के गुरु नानक मॉडल स्कूल में स्थित बूथ संख्या 17 से 24 का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बीएलओ एवं उपस्थित नागरिकों से संवाद किया और प्रक्रिया की व्यवहारिक समीक्षा करते हुए समर अहमद का फॉर्म-6 स्वयं बीएलओ ऐप के माध्यम से भरकर परीक्षण किया। उक्त केंद्र पर सभी आठ बीएलओ उपस्थित पाए गए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्राप्त सभी आवेदनों को सावधानीपूर्वक, पूर्ण और त्रुटिरहित भरा जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने बिठूर विधानसभा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय, सिंहपुर कछार में स्थित बूथ संख्या 40, 41 एवं 42 का निरीक्षण किया। यहां बीएलओ प्रज्ञा द्वारा कई फॉर्म-6 प्राप्त किए जाने के बावजूद किसी भी फॉर्म का पूर्ण भरा जाना अथवा फीलडग न किया जाना पाया गया। इस गंभीर लापरवाही पर जिलाधिकारी ने संबंधित बीएलओ को शोकॉज नोटिस जारी करने तथा सुपरवाइजर को चेतावनी देने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रत्येक आवेदन की व्यक्तिगत निगरानी के साथ प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कुछ बूथों पर ड्राफ्ट मतदाता सूची चस्पा न होने की स्थिति पर जिलाधिकारी ने संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर को सभी बूथों का निरीक्षण कर ड्राफ्ट सूची अनिवार्य रूप से चस्पा कराने के निर्देश दिए। साथ ही समस्त ईआरओ को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि प्रत्येक बूथ पर ड्राफ्ट मतदाता सूची उपलब्ध रहे। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची में सभी नागरिक अपना नाम समय रहते अवश्य जाँच लें। उन्होंने बताया कि मतदाता अपना नाम ऑनलाइन या 31 जनवरी एवं 1 फरवरी को आयोजित विशेष पुनरीक्षण दिवसों में अपने संबंधित बूथ पर जाकर सत्यापित कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई मतदाता मतदान के दिन ही नाम जांचने आता है, तो उस समय पात्रता की जांच संभव नहीं होगी और वह मतदान से वंचित रह सकता है।

# सिलेंडर फटने से वृद्ध की मौत

### मकान की दीवारें और लिंटर क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** खाना बनाते समय घरेलू सिलेंडर फटने से एक व्यक्ति की मौत हो जाने के साथ-साथ धमाके से घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। सिलेंडर फटने से धमाके से आसपास के घरों की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर नगर के मौहल्ला हलवाईयान निवासी अंजार अहमद





(65 वर्ष) पुत्र अब्दुल गफ्फार की पुत्रवधू सितारा खाना बना रही थी। इसी दौरान अचानक गैस लीक हो गई और आग लग गई। आग लगते ही सिलेंडर ने भीषण रूप ले लिया। स्थिति को भांपते हुए पुत्रवधू अपने छोटे बच्चे को लेकर तुरंत घर से बाहर निकल गई। देखते ही देखते गैस सिलेंडर कुछ देर बाद ही फट गया, लेकिन वृद्ध अंजार अहमद समय रहते बाहर नहीं निकल सके। सिलेंडर की धमक से मकान की दीवारें और लिंटर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये। मकान के मलबे में दबकर अंजार अहमद की मौत हो गई। धमाका इतना तेज था कि उसकी आवाज काफी दूर तक सुनाई दी, जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और धमाके के बाद इलाके में धुएं का गुबार फैल गया और लोग सहमकर घरों से बाहर निकल आये। सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पीएम आवास योजना को लेकर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। वार्ड नंबर चार की सभासद सुभद्रा देवी ने पालिका अधिकारियों पर योजना में धांधली करने के गंभीर आरोप लगाए हैं और पहली किश्त के लाभार्थियों की सूची सार्वजनिक करने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका के वार्ड नंबर चार से सभासद सुभद्रा देवी पत्नी मास्टर विजयपाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत अपात्र लोगों को लाभ दिया गया है जबकि वास्तविक जरूरतमंद और कच्चे मकानों में रहने वाले लोगों के नाम सूची में नहीं आये हैं। सभासद सुभद्रा देवी का कहना है कि जिन लोगों के पास पहले से पक्के मकान और वाहन मौजूद हैं, उन्हें योजना का लाभ दे दिया गया जबकि पात्र लाभार्थियों को नजरअंदाज किया गया।

उन्होंने कहा कि यदि पहली किश्त के लाभार्थियों की सूची समय रहते नगर पालिका परिसर में चस्पा की जाती तो लोग आपत्ति दर्ज करा सकते थे, लेकिन सूची सार्वजनिक न होने से अब कई अपात्र लाभार्थियों के नाम सामने आ रहे हैं। सभासद ने मांग की कि जिन लाभार्थियों के खातों में प्रधानमंत्री आवास योजना की धनराशि पहुंच चुकी है, उनके नाम नगर पालिका के सूचना बोर्ड पर लिखे जाएं ताकि आम नागरिक स्वयं जाकर सूची का सत्यापन कर सकें। वहीं वार्ड चार की सभासद सुभद्रा देवी के पति मास्टर विजयपाल ने अपने ऊपर लगे रिश्वत के आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले कुछ महिलाओं द्वारा उन पर पंद्रह हजार रिश्वत लेने का झूठा आरोप लगाया गया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि न तो उन्होंने किसी से कोई रिश्वत ली है और न ही किसी प्रकार की कोई मांग की गई है। यह आरोप पूरी तरह निराधार और बदनामी के उद्देश्य से लगाए गए हैं। सभासद सुभद्रा देवी ने यह भी आरोप लगाया कि नगर पालिका कर्मचारी वार्ड सभासदों को जानकारी में लिए बिना सीधे लाभार्थियों से संपर्क कर रहे हैं, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कई पात्र लोग अब भी योजना के लाभ से वंचित हैं।

## देश की तरक्की महिलाओं के उत्थान से जुड़ी : जिम्मी सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर समाजसेविका जिम्मी सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि संविधान में निहित समानता, अधिकार और कर्तव्यों को आत्मसात करने का अवसर है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि देश की वास्तविक तरक्की तभी संभव है, जब महिलाओं को समान अवसर देकर उन्हें सशक्त बनाया जाए।

जिम्मी सिंह ने अपने बयान में कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढ़ाने से समाज और राष्ट्र दोनों मजबूत होते हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रही हैं, लेकिन



अभी भी जमीनी स्तर पर उन्हें और अधिक सहयोग और जागरूकता की आवश्यकता है।

समाजसेविका ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें यह संदेश देता है कि लोकतंत्र की मजबूती समाज के हर वर्ग, विशेषकर महिलाओं, की भागीदारी से ही संभव है।

## बजरंगबली बाबा का गुणगान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**धामपुर।** नगीना रोड स्थित हिंदू कॉलोनी में विजेंद्र सिंह के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। अंत में आयोजक परिवार को श्री राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में मनोज कुमार सिंह, आयुष प्रताप सिंह, विजेंद्र सिंह, विदुषी रानी, निवेदिता, अंजली सिंह, आकृष सिंह आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, प्रीतम सैनी, सुनील कुमार सिंह, नंदकिशोर रस्तोगी, संदीप भारद्वाज, सत्येंद्र शर्मा, विजयपाल सिंह, राम प्रकाश वर्मा आदि शामिल रहे।

## मुकरंदपुर में चोरी, पुलिस जांच में जुटी

### पुलिस की तत्परता सराहनीय, चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार की कार्यशैली बनी मिसाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** ग्राम मुकरंदपुर में हुई चोरी की घटना के बाद पुलिस ने जिस मुस्तैदी और ईमानदारी से कार्रवाई शुरू की है, उसकी स्थानीय स्तर पर सराहना की जा रही है। चोरों द्वारा एक घर से नकदी व सीसीटीवी डीवीआर चोरी किए जाने की सूचना मिलते ही पुलिस ने बिना देर किए जांच को आगे बढ़ाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी खिलेंद्र सिंह के घर में रात्रि के समय चोर दीवार के सहारे चढ़कर खिड़की के रास्ते घर में दाखिल हुए और लगभग पच्चीस हजार रुपये नकद तथा सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर चोरी कर ले गए। चोरों द्वारा आसपास के कुछ अन्य घरों में भी चोरी का प्रयास किया गया, लेकिन



सतर्कता बढ़ने पर वे मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही झालू चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया और आवश्यक सुराग जुटाए। पुलिस द्वारा गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ त्वरित जांच शुरू किए जाने से ग्रामीणों में भरोसा बना हुआ है। चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि पीड़ित से अभी तहरीर नहीं मिली है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी गंभीरता से की जा रही है और शीघ्र ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।

### मंगलसूत्र लूट खुलासे पर झालू चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार होंगे सम्मानित

**झालू।** पुलिस सूत्रों के अनुसार चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार, हैड कांस्टेबल शक्ति चौधरी, आरक्षी कुलदीप कुमार को निष्पक्ष, सक्रिय और अनुशासित कार्यशैली के चलते पुलिस कप्तान द्वारा हल्दौर क्षेत्रान्तर्गत मंगलसूत्र लूट की घटना के सफल अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर 26 जनवरी को सम्मानित किए जाने की भी तैयारी की जा रही है। उनकी नेतृत्व क्षमता और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर सजगता को उच्चाधिकारियों द्वारा सराहा गया है।

## स्वदेशी संकल्प यात्रा निकाली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नहटौर।** स्वदेशी जागरण मंच और स्वदेशी स्वावलंबी भारत अभियान के तहत नहटौर नगर में स्वदेशी संकल्प यात्रा निकाली गई। जिसमें स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया गया। हल्दौर चौराहे पर स्वदेशी जागरण मंच और स्वदेशी स्वावलंबी भारत अभियान के तहत पहुंची स्वदेशी संकल्प यात्रा का स्वागत किया गया। संकल्प यात्रा में विदेशी चीजों का बहिष्कार और स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया गया। यात्रा प्रभारी क्षेत्र संयोजक पूर्वी उत्तर प्रदेश अनुपम श्रीवास्तव, प्रशांत महर्षि, चंद्रसेन, प्रदीप विश्वकर्मा, कपिल शर्मा, राकेश अग्रवाल, महावीर सैनी आदि ने भाग लिया।

## पैजनिया में विराट हिन्दू सम्मेलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्दौर।** गांव पैजनिया में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में धर्माचार्य महामंडलेश्वर महाराज प्रबोद्धानंद महाराज ने समाज की एकता और नैतिक मूल्यों की मजबूती पर विशेष बल दिया। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने का आह्वान करते हुए कहा कि सकारात्मक सोच, संस्कार और आपसी सहयोग से ही समाज को नई दिशा दी जा सकती है।

इन चुनौतियों का समाधान केवल आपसी भाईचारे, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को अपनाकर ही संभव है। उन्होंने सभी वर्गों से जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर समाजहित में एकजुट होने की अपील की। महाराज ने विशेष रूप से युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे नशा, हिंसा और सामाजिक कुरीतियों से दूर रहकर राष्ट्र और समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

उन्होंने कहा कि युवा शक्ति यदि सही दिशा में आगे बढ़े, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन सुनिश्चित किया जा सकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रांत कार्यवाहिक सुकुंज बाला जी, विभाग बौद्धिक संजय वर्मा, विराट हिन्दू सम्मेलन अध्यक्ष परवेंद्र सिंह काके, मितुल त्यागी, धर्मेंद्र सैनी, निशांत त्यागी, विशाल शर्मा, हरिश्चंद्र आदि मौजूद रहे। संचालन सतेंद्र त्यागी ने किया।

## गणतंत्र दिवस को लेकर धामपुर में अलर्ट मोड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गणतंत्र दिवस को लेकर सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट मोड पर हैं। इसी क्रम में एएस चेक टीम द्वारा धामपुर क्षेत्र के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर सघन तलाशी एवं जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान रेलवे स्टेशन, मुसाफिरखाना, रोडवेज बस स्टैंड और नगीना चौराहे सहित विभिन्न स्थानों पर यात्रियों एवं वाहनों की गहन जांच की गई।

एएस चेक टीम ने सबसे पहले धामपुर रेलवे स्टेशन और मुसाफिरखाना क्षेत्र में जांच अभियान चलाया। यहां आने-जाने वाले यात्रियों की बारीकी से तलाशी ली गई, वहीं मुस्लिम मुसाफिरखाने में ठहरे यात्रियों का पूरा रिकॉर्ड रखने के निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए गए। टीम द्वारा मुसाफिरखाने में ठहरे



एएस चेक टीम ने चलाया तलाशी अभियान

यात्रियों एवं उनके सामान की भी जांच की गई।

इसके पश्चात टीम रोडवेज बस स्टैंड पहुंची, जहां बसों में सवार यात्रियों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई। यात्रियों के सामान की भी तलाशी ली गई, जिससे किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा सके। इसके अलावा नगीना चौराहे पर भी टीम ने कई बसों और वाहनों को रोककर जांच की।

सुरक्षा जांच के दौरान टीम को देखकर क्षेत्र में चर्चाओं का माहौल बना रहा। हालांकि अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह जांच अभियान नियमित रूप से चलता रहता है, लेकिन गणतंत्र दिवस के मद्देनजर इस बार विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

टीम में शामिल अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन सुरक्षा को लेकर पूरी तरह गंभीर है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर आगे भी इसी तरह के अभियान चलाए जाएंगे।

## विवाहिता ने फांसी लगा की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब एक विवाहिता ने दो मासूम बच्चों की भी परवाह न करते हुए फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । सूचना मिलते ही हीमपुर दीपा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पंचायतनामें की कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के मुबारकपुर खादर निवासी मीनाक्षी का विवाह चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम फुरैला में ईश्वरदयाल के साथ संपन्न हुआ था। बताया जाता है कि ईश्वरदयाल से मीनाक्षी को दो संताने भी हैं। सूत्र बताते है कि पिछले कई सालों से मीनाक्षी का ईश्वरदयाल से दहेज प्रथा का मुकदमा चला आ रहा है और वह तब से अपने मायके में ही रह रही थी।

आज देर शाम किसी समय किन्ही बातों को मन में रखकर 35 वर्षीय मीनाक्षी ने फांसी के फंदे पर झूलकर मौत को गले लगा लिया। मीनाक्षी अपने पीछे दो मासूम संतानों को रोता बिलखता छोड़ गई है।

# 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनपद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनपद में विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने किला परिसर स्थल से गॉधी समाधी स्थल तक आयोजित मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया व स्कूली बच्चों को मतदाता जागरूकता के सम्बन्ध में मतदाता शपथ दिलाई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्र तक व्यापक स्तर पर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे मतदाता जिनका छुट गया हो अपना फार्म 06 भरकर अपना नया मतदान कार्ड बना सकतें है। तत्पश्चात सिविल लाइन स्थित जिला सहकारी बैंक सभागार में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने स्कूली बच्चों को मतदाता शपथ दिलाई कि- ''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगेह्न।

विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं मुख्य विकास अधिकरी गुलाब चन्द्र एवं अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व संदीप कुमार वर्मा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ, सुपर वाइजर एवं जनपद स्तर पर चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निबन्ध प्रतियोगिता, मेंहदी प्रतियोगिता, स्लोगन आदि में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं व स्कूल के प्रधानाचार्य को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा नए मतदाताओं को वोटर आईडी कार्डों का वितरण भी किया गया।

इस दौरान स्कूली बच्चों ने मतदाता जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता गीत प्रस्तुत करके लोगों को अपने मता. धिकार का उपयोग करने का संदेश दिया।

इसी क्रम में नगर मजिस्ट्रेट सालिक राम की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्ट्रेट में कार्यरत समस्त अधिकारियों व कार्मिकों को सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। जनपद की समस्त तहसीलों पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## युवती का जबरदस्ती हाथ खींचने और मारपीट करने वाले युवक पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** नगर के मोहल्ला एसडीएम कालोनी निवासी पीड़ित पिता ने शाहबाद थाने पर तहरीर देकर उसकी पुत्री का जबरदस्ती हाथ खीं. चने और विरोध करने पर मारपीट करने के मामले में एक युवक पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़ित पिता के आरोप है कि 24 जनवरी सुबह दस बजे सौरभ निवासी एसडीएम कालोनी शाहबाद उसके घर में घुस आया और जबरदस्ती उसकी पुत्री का हाथ खींचने लगा। जब उसके व उसकी पुत्री ने विरोध किया तो गाली गलौच करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया।

पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज करते हुए आगे की कार्यवाही शुरू कर दी।

## सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी का क्षेत्रीय दौरा व शोक संवेदना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बिलासपुर क्षेत्र के ग्राम रामपुर बुजुर्ग निवासी कार मैकेनिक शहजान की केरल में हुई हत्या के बाद बुधवार रात गांव में उनका दफन किया गया। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की जानकारी मिलने पर सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ग्राम रामपुर बुजुर्ग पहुंचे और मृतक शहजान के पिता रफीक अंसारी से मुलाकात कर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि कानूनी कार्रवाई में हर संभव सहयोग दिया जाएगा। इस दौरान सांसद नदवी ने केरल के एक सांसद से फोन पर वार्ता कर घटना की विस्तृत जानकारी दी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।



केरल के सांसद ने भरोसा दिलाया कि वे इस मामले में पूरी तरह सहयोग करेंगे और हर संभव कानूनी सहायता उपलब्ध कराएंगे।

इसके पश्चात सांसद नदवी स्वार क्षेत्र के ग्राम हकीमगंज पहुंचे, जहां उन्होंने शकील तेल वालों के दफन में शिर. कत की और मरहूम की मगफिरत के लिए दुआ की। सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने ग्राम लखीमपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सभी वर्गों और धर्मों के लोगों को साथ लेकर चल रहे हैं तथा पीडीए को एक परिवार के रूप में संगठित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीडीए की बढ़ती एकजुटता से प्रदेश सरकार परेशान है। वर्ष 2027 नजदीक है और सभी को एकजुट होकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनानी है तथा अखिलेश यादव को दूसरी बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है।

इसके बाद सांसद नदवी ने धावनी, पनवडिया, सितोरा, गोदी, ज्वालापुर, भैंसिया सहित कई गांवों का दौरा किया। सांसद नदवी ग्राम पर रसूलपुर फरीदपुर में आयोजित फुटबॉल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर हर गांव में खेल का मैदान बनाया जाएगा।

खेल से लोग स्वस्थ रहते हैं और फिटनेस बनी रहती है। छोटे-छोटे गांवों और मोहल्लों से ही खिलाड़ी निकलकर प्रदेश और देश का नाम रोशन करते हैं।

इसी क्रम में मदरसा जामिया तुल अंसार में आयोजित हकीकत वेलफेयर सोसाइटी के कार्यक्रम में सांसद नदवी ने बच्चों को तालीम की अहमियत बताते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई में अपना लक्ष्य तय करना चाहिए। मेहनत और लगन से पढ़ाई करने पर बच्चा डॉक्टर, अधिकारी या किसी भी लक्ष्य को हासिल कर सकता है।

इस अवसर पर सांसद के साथ मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब अली पाशा, हाफिज नूरी, बिलासपुर नगर पालिका प्रतिनिधि अतहर खान, जमील सैफी, नासिर शेख, शाहनवाज, जुबेर अहमद, सेफ, इंतजार खान, आर। अयूब, हाजी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध निरोधक संगठन के पदाधिकारियों का हुआ स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध निरोधक संगठन की बैठक ग्राम माटखेड़ा में आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर जिलाध्यक्ष रईश अहमद एडवोकेट ने कमेटी का गठन करते हुए कारी मुस्तकीम रजा व ,सरदार जयविन्द सिंह को जिला उपाध्यक्ष व जावेद मियां को जिला महासचिव तथा वसीम अहमद को ब्लॉक स्वार का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मीटिंग में संगठन के विस्तार पर जोर दिया गया। साथ ही पदाधिकारियों से भविष्य में पूरी मेहनत व ईमानदारी से कार्य करने के लिए आ]वान किया गया। बैठक में कारी मकसूद रजा, तस्वीर अहमद, असवे अली, अकबर अली, मुकीम, भूरा, नन्हे, मास्टर इरफान, फरमान अली, मुजफ्फर अली, वीं।डी।सी। सदस्य नजाकत अली, मनमीत सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन कारी मुस्तकीम रजा ने किया।

# दुनियाभर में मशहूर शायर ताहिर फराज का निधन, उर्दू साहित्य जगत में शोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** दुनियाभर में मशहूर शायर ताहिर फराज के निधन की खबर से उर्दू साहित्य जगत शोक की लहर है। 72 वर्ष की उम्र में उन्होंने मुंबई में आखिरी सांस ली। उनके परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटियां और एक बेटा शामिल हैं।

29 जून 1953 को उत्तर प्रदेश के बदायूं में जन्मे ताहिर फराज अपनी मधुर आवाज, कोमल भावों और आध्यात्मिक रंग से काव्य जगत में एक उज्ज्वल सितारे की तरह चमकते रहे।

मृतक अपने परिवार के साथ मुंबई गए थे, जहां वे एक शादी में शामिल होने और अपनी बेटी के ऑपरेशन के लिए ठहरे हुए थे। शनिवार सुबह उन्हें सीने में तेज दर्द हुआ, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन दुर्भाग्यवश



तमाम चिकित्सा प्रयासों के बावजूद वे बच नहीं सके और अपने प्रियजनों को हमेशा के लिए शोक में छोड़ गए।

ताहिर फराज ने बहुत कम उम्र में ही कविता लिखना शुरू कर दिया था और थोड़े ही समय में वे भारत के प्रमुख कवियों में से एक बन गए। सौलत पब्लिक लाइब्रेरी सलाहकार परिषद के पूर्व सदस्य काशिफ खां ने ताहिर फराज के निधन पर शोक जताते हुए बताया कि गजलें हों, भजन हों, नात हों, सलाम हों या मनकबत हों, उनकी विशिष्ट शैली, जोश और संगीतमयता ने हर वर्ग के श्रोताओं के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी। गायन में उनका कोई सानी नहीं था और खानकघह नियाजिया बरेली से उनके जुड़ाव ने उनकी कविताओं को आध्यात्मिक गहराई प्रदान की।

समय बीतने के साथ-साथ, उन्हें भारत के प्रतिनिधि कवियों में से एक माना जाने लगा।

ताहिर फराज का अंतिम संस्कार मुंबई में ही किए जाने की तैयारी हो रही है।

उन्होंने बताया कि ताहिर फराज का निधन केवल एक व्यक्ति का अंत नहीं, बल्कि एक पूरे युग का, एक सांस्कृतिक आवाज का और उर्दू कविता के एक महत्वपूर्ण अध्याय का अंत है। उनके निधन से गजलें खामोश हो गई हैं और शब्द अनाथ हो गए हैं।

### शायरी की दुनिया में ब्रांड थे ताहिर फराज

ताहिर फराज अपने आप में एक ब्रांड थे। वे एक जाने-माने शायर और मशहूर गीतकार थे।

ताहिर फराज अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं में अपना जादू बिखेर देते थे। उनके शब्द जादुई और उनकी आवाज मधुर थी। शायरी के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का उनका अंदाज अद्भुत था। उनकी कुछ रचनाएं श्रोताओं के बीच बेहद लोकप्रिय हैं, जिनमें से श्काश ऐसा कोई मंजर होता, मेरे कांधे पे तेरा सर होताश उल्लेखनीय है।

ताहिर को वैश्विक स्तर पर स्वीकृति, सराहना और प्यार मिला। उन्होंने अमे. रिका, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, ओमान, कुवैत, कतर, पाकिस्तान और नेपाल सहित कई देशों की यात्रा की। उनके संगीत को टी-सीरीज जैसी बड़ी कंपनियों ने रिकॉर्ड किया है। सौलत पब्लिक लाइब्रेरी सालाहकर परिषद के पूर्व सदस्य काशिफ खां कहते हैं कि उनकी कमी कभी पूरी नहीं की जा सकेगी।

### ताहिर फराज ने दुनियाभर में रौशन किया था रामपुर का नाम

रामपुर के नवाब साहित्य प्रेमी थे। उन्होंने गजल की खघ्दिमत में कभी कोई कमी नहीं छोड़ी। गालिब ,दाग और अमीर मिनाई भी यहां आकर शायरी करते थे। तब से लेकर आज तक रामपुर साहित्य का केंद्र बना हुआ है।रामपुर चाकू के लिए मशहूर है, मगर जब शायरी का जिक्र आता है तो गजल का ताजमहल बनाने वाले एक मंझे हुए कारीगर का भी जिक्र होता है, जिसे शायरी की दुनिया में ताहिर फराज के नाम से जाना जाता है। ताहिर फराज ने प्रारंभिक शिक्षा बदायूं से हासिल की थी। 7-8 साल की उम्र से ही ताहिर फराज अपने वालिद के साथ नशिस्तों में जाने लगे, वहां वे अपने वालिद की गजलों को तरन्नुम में पढ़ते थे और यहीं से उनके कान बहर नाम की शय से वाकिफ हो गए। जब ताहिर फराज 14 बरस के थे तो उन्होंने मुकमल गजल कह दी , उनकी पहली गजल के मतले और शे 'र से आप उनके शाइरी के इब्तिदाई तेवर का अन्दाजा लगा सकते हैं।।।

**थे जो अपने हुए वो पराए**
**रंग किस्मत ने ऐसे दिखाए**
**हम जो मोती किसी हार के थे**
**ऐसे बिखरे के फिर जुड़ न पाए**

ताहिर फराज का ननिहाल रामपुर था सो इंटर करने के बाद ए रामपुर आ गए और जिस तरह गजल का दिल रामपुर में लगता है उसी तरह वोभी रामपुर के ही हो कर रह गए। रामपुर में इन्हें डॉ।शौकघ असरी रामपुरी और दिवाकर राही की सोहबत नसीब हुई और वकघ्त के साथ -साथ ताहिर फराज गजल के तमाम पेचो-खम से वाकिफ हो गए। आज के दौर में उस्ताद . शागिर्द की रिवायत का चराग भी तकघ्रीबन बुझ सा गया है मगर ताहिर फराज इस मामले में नसीब वाले रहे कि उन्हें डॉ। शौकघ असरी जैसे काबिल उस्ताद मिले। सत्तर के दशक के आखघ्रि तक आते . आते ताहिर फराज शायरी की दुनिया के एक मोतबर नाम हो गए। शाइरी के साथ . साथ उन्होंने अपनी आगे की तालीम भी जारी रखी और रूहेलखंड यूनिवर्सिटी,बरेली से एम।ए उर्दू में किया। वो बशीर बद्र की शायरी से प्रभावित थे।
सौलत पब्लिक लाइब्रेरी सालाहकर परिषद के पूर्व सदस्य काशिफ खां ने बताया कि उन्होंने अपनी शायरी के माध्यम से रामपुर का नाम दुनियाभर में रौशन किया था।

# अखिल भारतीय धोबी महासंघ, रामपुर की ब्लॉक स्वार की कार्यकारिणी गठन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार को ग्राम हरदासपुर कोठरा स्थित शिव मंदिर परिसर में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अखिल भारतीय धोबी महासंघ, रामपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से ब्लॉक स्वार की कार्यकारिणी का गठन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए चरन सिंह, जिला अध्यक्ष ने सर्वसम्मति से निम्न पदाधिकारियों को मनोनीत किया तथा दिनेश दिवाकर द्धसंगठन मंत्रीऋ को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

नवनियुक्त पदाधिकारी इस प्रकार हैं हरपाल सिंह . ब्लॉक अध्यक्ष, लीलाधर सिंह . ब्लॉक



महासचिव, राजेंद्र सिंह दिवाकर . ब्लॉक महासचिव, नोवत राम दिवाकर . ब्लॉक संगठन मंत्री, धर्मवीर सिंह . ब्लॉक संगठन मंत्री, चंद्रसेन दिवाकर . कोषाध्यक्ष, राजपाल सिंह दिवाकर . ब्लॉक संगठन मंत्री, प्रदीप दिवाकर . ब्लॉक उपाध्यक्ष, राधेश्याम दिवाकर . ब्लॉक उपाध्यक्ष पिल दिवाकर . ब्लॉक प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया है जिला अध्यक्ष चरन सिंह ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की मजबूती के लिए निष्ठा और सक्रियता से कार्य करने का आहवान किया। इस अवसर पर सभी पदा. धिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया तथा मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया गया।

बैठक में रवि कुमार दिवाकर द्धब्लॉक अध्यक्ष सैदनगरऋ, अशोक कुमार दिवाकर द्धजिला महासर्. चवऋ, सत्यवीर सिंह दिवाकर, रघुवीर शरण दिवाकर, कृपाल सिंह दिवाकर, नन्हू सिंह दिवाकर, विजयपाल सिंह दिवाकर, लीलाधर सिंह, विपिन कुमार, डॉ। एस।के।एस।, आशीष कुमार, दुर्गा प्रसाद, दीपक दिवाकर, चंद्रपाल सिंह, सर्वेश कुमार, राजवीर सिंह, सोमपाल सिंह, रोशन लाल, बलवीर, मनोज कुमार, सुरेंद्र, वीर सिंह, हीरालाल एवं मनोज विक्की सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन रामपुर यूनिट की मासिक बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार को भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन, रामपुर यूनिट की मासिक बैठक रामपुर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में यूनिट अध्यक्ष सुरेश कुमार सक्सैना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कड़ाके की ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में सदस्यों की उपस्थिति रही।

बैठक को संबोधित करते हुए यूनिट सचिव रामअवतार गुप्ता ने सर्वप्रथम सभी सदस्यों को नव वर्ष 2026 की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने विगत दिनों बरेली में आयोजित पेंशनर्स एसोसिएशन के वार्षिक समारोह की जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सदस्यों को




सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि रामपुर निवासी कृष्ण गुप्ता अस्वस्थता के कारण समारोह में उपस्थित नहीं हो सके, जिनका स्मृति-चिह्न बरेली से प्राप्त होकर शीघ्र ही उनके निवास पर जाकर प्रदान किया जाएगा। गुप्ता ने बताया कि बैठक में रामपुर यूनिट के कुछ साथियों की एरियर, मेडिकल बिल एवं एचआरएमएस से संबंधित समस्याएं रखी गईं। इनमें कृष्ण गुप्ता का लंबित मेडिकल बिल भुगतान हो चुका है तथा शेष समस्याओं का समाधान भी शीघ्र किया जाएगा।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर रामपुर मुख्य शाखा में होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम एवं उसके पश्चात आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने हेतु मुख्य प्रबंधक देवेश मित्रा द्वारा सभी स्टाफ पेंशनर्स को आमंत्रित किया गया है, अत: अधिक से अधिक साथियों से सहभागिता की अपील की गई।

बैठक के अंत में यूनिट के वरिष्ठ साथी एवं मार्गदर्शक आर। एन। टंडन के दिनांक 12 जनवरी को लंबी बीमारी के बाद हुए निधन पर शोक व्यक्त किया गया। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

अंत में अध्यक्ष एस। के। सक्सैना ने सभी साथियों की सक्रिय उपस्थिति के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर छात्रों ने निकाली रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रेली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया। रेली को तहसीलदार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं को शपथ दिलाई। साथ ही मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान आयोजित भाषण, पोस्टर, एवं नारे लेखन में विजेता रहे छात्रों को तहसीलदार आकाश संत, पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता रेली निकाली गई। नगर में



तहसीलदार आकाश संत एवं खंड शिक्षा अधिकारी फोटो लाल निरंकारी ने हरी झंडी दिखाकर रेली को रवाना किया।

रेली इंटर कॉलेज से शुरू होकर स्वार-रामपुर, कोतवाली मार्ग, बिलासपुर तिराहे से होते हुए तहसील पहुंची, जहां पर तहसीलदार ने मतदाताओं को शपथ दिलाई। बाद में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रही छात्राओं को तहसीलदार एवं खंड शिक्षा अधिकारी के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इससे पूर्व रेली में शामिल छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं कर्मचारी हाथों में बैनर और पोस्टर लिए मतदाता जागरूकता संबंधी नारे लगाते चल रहे थे। सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, जन-जन को यह समझाना है, लोकतंत्र को मजबूत बनाना है। इस दौरान राज आदर्श, मदर इंडिया, जन जन की यह पुकार, वोट देना हमारा अधिकार आदि नारे लगाते हुए चल रहे थे। इस दौरान हमारे बालक बालिका, जूनियर हाई स्कूल वार्ड 4, जूनियर हाई स्कूल जालफ नगला, जूनियर हाई स्कूल वार्ड 3, राजकीय रजा इंटर कॉलेज स्वार राजकीय इंटर कॉलेज रजानगर, कन्या इंटर कॉलेज आदि की छात्राओं के साथ ही नगर पालिका कर्मी एवं शिक्षक मौजूद रहे। इस दौरान नायब तहसीलदार लोकेश कुमार, तहसीन आलम खां, राकेश कुमार, सोरन सिंह, कैलाश कुमार, बरकत अली, महताब खां, विनोद कुमा प्रेम बाबू सैनी, खुशीराम, दर्शन लाल, महेंद्र सिंह एवं फरजंद अली आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वीप कार्यक्रम के तहत छात्रों एवं मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी फोटो लाल ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सभी मतदाताओं को वोट के लिए प्रेरित एवं जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि देश की समग्र उन्नति एवं लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करना अत्यंत आवश्यक एवं हमारा संवैधानिक दायित्व है। हमें चुनाव के समय स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान का हिस्सा बनना चाहिए।

## मेहर अली फिलिंग स्टेशन का भव्य उद्घाटन, हुमायूं व कबीर खान ने काटा फीता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** क्षेत्र में सुविधा और विकास की दिशा में एक नया कदम उठाते हुए मेहर अली फिलिंग स्टेशन द्धपेट्रोल पंपऋ का उद्घाटन समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हुमायूं और कबीर खान ने फीता काटकर पेट्रोल पंप का विधिवत शुभारंभ किया।

उद्घाटन के अवसर पर पेट्रोल पंप संचालक याबर अली और अनवर अली खान ने अतिथियों को पंप की सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यहां शुद्ध ईंधन के साथ-साथ ग्राहकों की



सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। समारोह के दौरान उपस्थित लोगों के लिए नाश्ता और भोजन की भी समुर्. चत व्यवस्था की गई थी। उद्घाटन कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों और स्थानीय लोगों की अच्छी खासी मौजूदगी रही। लोगों ने इस नए पेट्रोल पंप के शुरू होने पर खुशी जताते हुए इसे क्षेत्र के लिए लाभकारी बताया।

# मुम्बई में नौगांवा के इंजीनियर की मौत

## होटल के कमरे में मिला शव



■ पांच दिन पहले ही लौटा था मुम्बई, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नौगावां सादात। मुंबई में नौगावां सादात निवासी 28 वर्षीय सिविल इंजीनियर हसन आबिद की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। होटल के कमरे में शव मिलने की खबर मिलते ही परिवार में मातम पसर गया हालांकि मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे शव को सुपुर्देखाक कर दिया गया है।

कस्बे के मोहल्ला बड़ी इमली में पेशे से प्रॉपर्टी डीलर महफूज अली का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी सरकार फात्मा के अलावा बेटा हसन आबिद तथा बेटी कायनात है। बेटी बड़ी है, उसकी शादी हो चुकी है जबकि बेटा अभी अविवाहित था। हसन आबिद सिविल इंजीनियर था तथा मुंबई में रहते हुए बिल्डिंगों की ठेकेदारी का काम करता था। वहां वह एक होटल में प्राइवेट रूम लेकर रहता था। बीते दिनों नौगावां सादात आया हसन आबिद लगभग पांच-छह दिन पूर्व ही मुंबई वापस लौटा था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को दोपहर तक जब हसन आबिद अपने कमरे से बाहर नहीं निकला तो होटल स्टाफ ने दरवाजा खटखटाया लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। लिहाजा, होटल स्टाफ ने किसी अनहोनी की आशंका के बीच पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने दरवाजा तुड़वाया तो कमरे में हसन आबिद का शव पड़ा मिला। होटल रिकॉर्ड से नंबर लेने के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, जवान बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घबराए पिता महफूज अली ने मुंबई में ही रहने वाले अपने भतीजे आशू को फोन किया, आशू ने जब संबंधित थाने पहुंचकर जानकारी ली तो हसन आबिद का शव मोर्चरी भेजे जाने का पता चला। पोस्टमार्टम के बाद रविवार सुबह घर पहुंचे शव को सुपुर्दे खाक कर दिया गया है। जवान बेटे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# गंदे पानी में चारपाई डालकर किया प्रदर्शन

## गंदे पानी से नहाने व खाने की दी धमकी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के कार्यकर्ताओ एवं ग्रामीणों ने गंदे पानी में चारपाई डालकर विरोध प्रदर्शन किया।

हसनपुर विधान सभा क्षेत्र के गांव रुखालू में मौजूद रास्ते पर गंदा पानी खड़ा हुआ है। ग्रामीणों का वहां से निकलना दुश्वार हो गया है। रविवार को ग्रामीणों के बुलावे पर भाकियू बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी मौके पर पहुंच गये। उन्होंने बताया कि गांव का रास्ता गंदा पानी खड़ा होने के कारण बेहद खराब हो है। उसमें एक डेढ़ फुट पानी भरा हुआ है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ वहां पर महिलाओं व ग्रामीणों ने गंदे पानी में खाट डालकर विरोध प्रदर्शन किया। कहा कि अगर आने वाले समय में यह रास्ता ठीक नहीं किया गया तो हम लोग इसी पानी में नहाएंगे और खाना खाएंगे। और बच्चों को भी इसी पानी में रखेंगे। सरकार से मांग करते हुए कहा वह इसको जल्द से जल्द ठीक करने का काम करें। गांव में रास्ता बेहद खराब पड़ा है। लालमन खड़क सिंह, योगेश, देवेंद्र, कलुआ, देवी सहाय, राजवीर, सुरेश, जयपाल, कलुआ, द्रोपती, माया, तारा, शांति, कमलेश आदि मौजूद रहे।

# मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** क्षेत्र के गांव रहरा में चौधरी बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष में आज विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता, मतदान की शपथ, मतदान जागरूकता रैली द्वारा अधिक से अधिक मतदान करने की प्रेरणा दी गई। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य श्याम सुंदर मौर्य जी द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। छात्राओं द्वारा रंगोली बनाई गई तथा विद्यालय से एक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसका शुभारंभ भाजपा वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार त्यागी विद्यालय चौयरमैन ब्रह्म दत्त त्यागी संरक्षक सुरेंद्र सिंह त्यागी तथा विद्यालय प्रधानाचार्य अनीता शर्मा द्वारा किया गया।

# स्कूटी विवाद में बवाल, ट्रक का शीशा तोड़ा

## पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** स्कूटी गिरने को लेकर हुए मामूली विवाद ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया। गुस्से में आए एक युवक ने न सिर्फ ट्रक में तोड़फोड़ की, बल्कि कारोबारी और चालक के साथ गाली-गलौज भी की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव बंबूगढ़ पंडकी निवासी राहुल यादव से जुड़ा है, जिनका शहर के कल्याणपूरा रोड पर कॉटन वेस्ट का कारखाना है। एफआईआर के अनुसार दो दिन पहले कारखाने के सामने उनका ट्रक लोड हो रहा था। इसी दौरान पास में खड़ी स्थानीय निवासी फराद मंसूरी की स्कूटी, ट्रक को थोड़ा पीछे करते समय हल्की टक्कर से गिर गई, जिससे उसका साइड शीशा टूट गया। ट्रक चालक विजयपाल ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए स्कूटी में हुए नुकसान की भरपाई की बात कही। इसके बावजूद फराद मंसूरी ने हंगामा शुरू कर दिया और चालक के साथ अभद्रता करने लगा। विवाद की सूचना मिलने पर जब कारोबारी राहुल यादव मौके पर पहुंचे, तो उनके साथ भी गाली-गलौज की गई। आरोप है कि फराद मंसूरी ने गुस्से में ट्रक में तोड़फोड़ करते हुए आगे का शीशा भी तोड़ दिया। घटना के बाद राहुल यादव ने शहर कोतवाली में तहरीर दी। सीओ सिटी अभिषेक कुमार ने बताया कि आरोपी फराद मंसूरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# फैक्ट्री में मजदूर की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली थाना गजरौला क्षेत्र के गांव कुमराला निवासी संतोष कुमार पुत्र बब्लू सिंह जिवाई फैक्ट्री में रात मजदूरी करते समय अचानक उल्टी हुई जिसकी मौके पर मौत हो गई फैक्ट्री कर्मियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मृतक संतोष कुमार के परिजनों को सूचना दी सूचना मिलते ही पत्नी पूनम मां शकुंतला देवी व तीन बेटों का रो-रो कर वुरा हाल हुआ मृतक तीन भाईयों में दूसरे नंबर के थे।

# मजदूरों के हक से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: दानिश

## मनरेगा बचाओ संग्राम में पहुंचे पूर्व सांसद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** पूर्व सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कुंवर दानिश अली ने लोकसभा क्षेत्र के नौगांवां विधानसभा के गांव में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को मनरेगा के नाम बदलने की कोशिश और उससे होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

चौपाल में दानिश अली ने कहा कि मनरेगा गरीबों, मजदूरों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के बजट में कटौती, काम के दिनों में कमी और मजदूरी भुगतान में हो रही देरी से करोड़ों परिवारों की आजीविका प्रभावित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व सांसद ने कहा कि कांग्रेस मनरेगा को उसकी मूल भावना के साथ पूरी मजबूती से लागू करने, 200 दिन का काम देने और समय से मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने की मांग को लेकर संघर्ष कर रही है। जब तक मजदूरों को पूरा काम, पूरा भुगतान और सम्मानजनक रोजगार नहीं मिलेगा, तब तक यह आंदोलन गांव-गांव चलाया जाएगा। उन्होंने प्रशासन की लापरवाही पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि मजदूरों के अधिकारों की अनदेखी किसी भी हाल में स्वीकार नहीं की जाएगी। कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक मजदूरों की आवाज बुलंद करेगी और उनके हक की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ेगी।

# गोविंदपुरम के शिव मन्दिर पर भंडारा

## श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** गोविंदपुरम कॉलोनी स्थित चौधरी चरण सिंह पार्क में बने नर्मदेश्वर शिव मंदिर पर रविवार को द्वितीय वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः हवन-पूजन के साथ हुई। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

भंडारे में सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन स्थल पर दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा और माहौल भक्तिमय बना रहा।सभासद नूतन रानी ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा और सद्भाव बढ़ाते हैं। भंडारे के माध्यम से सेवा का भाव पैदा होता है और लोगों को एक-दूसरे से जुड़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने आयोजन समिति को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी। इस अवसर पर रालोद जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी, सपा नेता भूपेंद्र चौधरी, एडवोकेट विवेक सिंह, सभासद नूतन रानी, मास्टर योगेंद्र, विमल त्रिवेदी, अमित गर्ग, दीपचंद, हितेश चौधरी, तेजपाल सिंह, मदनपाल सिंह, अशोक रुहेला, पुष्पराज सिंह, लाभ अग्रवाल, शुभ अग्रवाल, जितेश कुमार, शेंकी अग्रवाल, प्रेम सिंह, गुरमीत सिंह, नीरज चौधरी, आनंद कुमार, रोजी त्रिवेदी, प्रमोद कुमारी, रीना चौधरी, उर्मिला सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नकदी-जेवर लेकर युवती प्रेमी के साथ फरार

## परिजनों ने जतायी अनहोनी की आशंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नकदी और जेवरात लेकर घर से निकली एक युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। काफी तलाश के बावजूद जब युवती का कोई सुराग नहीं लग सका तो परि. जनों ने थकहार कर प्रेमी युवक और उसके परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले का है। यहां रहने वाले एक कारोबारी की बेटी का कैलसा बाईपास निवासी युवक जैद के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। एफआईआर के अनुसार 23 जनवरी की सुबह युवती घर में रखी अलमारी से करीब 50 हजार रुपये की नकदी और सोने के कुंडल लेकर घर से निकल गई और प्रेमी जैद के साथ फरार हो गई। बताया जा रहा है कि कारोबारी को बेटी के प्रेम-प्रसंग की जानकारी पहले से थी। इसको लेकर उन्होंने युवक को समझाने का प्रयास भी किया था, लेकिन परिजनों की बंदिशों के बावजूद दोनों के बीच संबंध बने रहे। पीड़ित पिता द्वारा दी गई तहरीर में बेटी के साथ किसी अनहोनी की आशंका भी जताई गई है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवती की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही आरोपी युवक को गिरफ्तार किया जाएगा।

# पुलिस ने रैली निकाल पढ़ाया यातायात का पाठ

## नियमों का पालन करने की दी सीखा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत रविवार को अमरोहा पुलिस द्वारा बाइक जन-जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के जरिए आमजन से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। दोपहर 12 बजे पुलिस कार्यालय से रैली की शुरुआत एसपी अमित कुमार आनंद ने हरी झंडी दिखाकर की। रैली बंबूगढ़, टीपी नगर, गांधी मूर्ति, नंदन स्वीट्स, रामलीला ग्राउंड, जेएस इंटर कॉलेज होते हुए कोतवाली रोड से गुजरकर अमरोहा नगर कोतवाली पर जाकर संपन्न हुई। रैली को संबोधित करते हुए एसपी ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अनिवार्य रूप से धारण करने, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन न चलाने तथा नशे की अवस्था में वाहन न चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। रैली में यातायात पुलिस, थाना पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारी/कर्मचारी, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य, मोटर साइकिल एजेंसियों के स्टेकहोल्डर व कर्मचारी तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। रैली के समापन के उपरांत उपस्थित सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन के संबंध में शपथ दिलाई गई। इस दौरान एसएसी अखिलेश भदौरिया, सीओ सिटी अभिषेक यादव, टीएसआई अनुज मलिक, समाजसेवी अनिल कुमार जग्गा व इकबाल खान जज्बा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# एक ही नाम बता दीजिए आबिद के सिवा...

## इमाम जैनुल आबेदीन की यौमे विलादत पर मुशायरा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हजरत इमाम जैनुल आबेदीन के यौमे विलादत पर शहर के मोहल्ला दरबारे कलां स्थित अजाखाना शम्स अली खां में शनिवार रात मनक. बत्ती मुशायरा आयोजित किया गया। शायरों ने इमाम की शान में कलाम पेश करते हुए श्रोताओं की खून वाहवाही हासिल की। महफिल का आगाज तिलाव. ते कलामे पाक से कारी मिर्जा अनस ने किया जबकि नाते पाक का नजराना नाजिम अमरोहवी ने पेश किया। शायरी का सिलसिला शुरू करते हुए मौलाना एहसन अख्तर सरोश ने कहा...कर्बला के सानेहा की यह हकीकत है सरोश, इब्तेदा शब्बीर की है इंतेहा सज्जाद की। डा. नसीममुजफर संभली ने फरमाया...नबूवतों के दामनों में कुछ ना आएगा नजर, हुसैन एक पल जो अपनी कर्बला समेट लें। जौहर सिरसिवी ने कहा...एक ही नाम बता दीजिए आबिद के सिवा, जो गिरफ्तार भी हो मालिक-ओ-मुख्तार भी हो। डा.मुबारक अमरोहवी ने पढ़ा...जो था हुसैन का कातिल उसी के घर सज्जाद, हुसैन की सफ-ए-मातम बिछा के बैठ गए। मुशायरे में इनके अलावा डा.लाडले रहबर, प्रोफेसर नाशिर नकवी, हसन इमाम, शीबान कादरी, मजहर शाहिद बहराइच, वसीम अमरो. हवी, रशीद मोरनवी, फरोगे हसन, अकबर आबादी, नजर सुल्तानपुरी, खुर्रम वसीम, मुनव्वर जलालपुरी, मोहम्मद अली आदि शायरों ने भी अपना कलाम पेश किया। अध्यक्षता मौलाना शादाब हैदर व संचालन प्रोफेसर डॉ.नाशिर अमरोहवी व डॉ.मुबारक अमरोहवी ने संयुक्त रूप से किया। मौलाना डॉक्टर शहवार हुसैन, मौलाना गुलाम इमाम, शाने हैदर जैदी मंचासीन रहे। इस दौरान अब्बास हैदर, आबाद हसन, तनवीर हुसैन, हुसैन हैदर, जफर अली, मदद अली, हकीम गुलजार, डॉ.शरीक रियाज, कमर नकवी, विलायत अली, तबारक अली, काजिम अब्बास, डॉ. मोहम्मद नजर, हसनैन नवाज, शाहिद अकरम, बाकर राजा, आफताब हसनैन आदि लोग मौजूद रहे। आखिर में सेकेट्री नाजिम हुसैन आरिफ व फैज अकरम फैजी ने शुक्रिया अदा किया।

# अमर सिंह कॉलेंज में मना मतदाता दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** रविवार को अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मुशरफ खान ने सभी छात्र-छात्राओं को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ अशोक कटारिया ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। हर नागरिक को अपने मताधिकार का सही और ईमानदारी से प्रयोग करना चाहिए, तभी देश मजबूत बनेगा। उन्होंने युवाओं से आगे आकर मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी मुशरफ खान के साथ डॉ रूपा, निसार अहमद, शिवा, अक्षि, समरपाल सैनी, निशिन सैनी सहित अन्य शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

# पर्यावरण मंत्री केपी मलिक का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** जिले के प्रभारी व पर्यावरण मंत्री के.पी. मलिक के गजरौला आगमन पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल सहित स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता व्यवस्था और सतत विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में क्षेत्र में साफ-सफाई को बेहतर बनाने, हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए नई योजनाओं पर विचार किया गया। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि जनसहयोग से ही स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण बनाया जा सकता है।नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रभारी मंत्री के मार्गदर्शन से नगर में जनहित से जुड़ी और पर्यावरण के अनुकूल योजनाओं को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य लोग व भाजपा पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# कुरआन पाक हिफ्ज होने पर की दस्तारबंदी



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** आधा दर्जन तालिबे इल्म का कुरान पाक हिफ्ज होने पर उनकी दस्तारबंदी की गई। बीती रात शहर की रेतिया वाली मस्जिद में 6 हाफिजो का कुरान मुकम्मल होने पर उनकी दस्तार बंदी की गई। कुरान मुकम्मल करने वालों में हाफिज मोहम्मद, समीर, मोहम्मद कासिम, मोहम्मद उमर फारूक, मोहम्मद माआज, मोहम्मद अदनान, मोहम्मद मुर्शीद शामिल थे। इस मौके पर हाफिज मोहम्मद नवाब, मुफ्ती उबैदुर रहमान, मुफ्ती मुशव्वर, मुफ्ती शानू मौलाना अकरम, मौलाना फारूक, मौलाना ताहिर, सभासद शाहनवाज अंसारी, हाजी राजा हाजी शब्बीर अंसारी, चमन अंसारी मास्टर नूरुद्दीन, डॉक्टर परवेज अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

# उधार नहीं दिया, तो दुकानदार पर तमंचे से फायर किया

■ पुलिस ने गिरफ्तार करके किया चालान, तमंचा व पांच कारतूस बरामद, बोलेरो सीज



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना गजरौला पुलिस द्वारा गांव में दुकान के सामने फायरिंग करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार करके चालान किया। आरो. पित के कब्जे से तमंचा व कारतूस व बोलेरो कार भी बरामद की गई।

थाना क्षेत्र के गांव टोकरा पटटी में पतेई एमन निवासी मनोज की स्पेयर पार्टस की दुकान है। शनिवार को यहां पर पतेई एमन गांव निवासी राजेन्द्र नामक युवक सामान लेने पहुंचा था। उसने मनोज से सामान खरीदा और उधार की बात करने लगा। मनोज ने उधार देने से मना किया तो राजेन्द्र ने उसके साथ गाली गलौच करते हुए अंटी से तमंचा निकालकर फायर झोंक दिया। गनीमत रही कि गोली मनोज को नहीं लगी। मनोज ने शोर मचाया तो आसपास के दुकानदार व लोग एकत्र हो गए और आरोपित राजेन्द्र को मौके से ही पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक तमंचा, पांच कारतूस बरामद किए, जबकि आरोपित की बोलेरो कार को भी सीज कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि आरोपित को चालान करके न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वहीं आरोपित को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अनिल कुमार शर्मा, हेड कांस्टेबल हरेन्द्र कुमार, कांस्टेबल प्रवीण कुमार व होमगार्ड जगदीश सिंह सम्मिलित रहे। वहीं थाना पुलिस ने रविवार को ही संजीव कुमार व शीशराम निवासीगण मुहल्ला सन्तनगर (मायापुरी) कस्बा व थाना गजरौला, देवेन्द्र निवासी खाईखेडा खादर, चन्द्रप्रकाश निवासी धनौरी खुर्द थाना बछरायूं व सोनू कुमार निवासी ग्राम सादुल्लापुर थाना गजरौला को शांति भंग में निरूद्ध करके चालान किया।

# सिख समाज के लोगों ने थामा बसपा का दामन मायावती को मुख्यमंत्री बनाने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रविवार को नगर विधानसभा क्षेत्र में बहुजन समाज पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर सिख समाज के अनेक लोगों ने बसपा की सदस्यता ग्रहण की। यह कार्यक्रम दिल्ली रोड स्थित गगन नदी पुल के पास गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार साहिब परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बहुजन समाज पार्टी मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष निर्मल सिंह सागर एडवोकेट ने किया।इस अवसर पर सिख समाज के लोगों ने बसपा की चार बार की सरकार के कार्यों और सर्वसमाज हितैषी नीतियों की सराहना करते हुए पार्टी में आस्था जताई। सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी लोगों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती को पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाने के लिए पूरी निष्ठा और मजबूती से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि बसपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो बिना भेदभाव सभी वर्गों, जातियों और समाजों के हित में कार्य करती है।कार्यक्रम में पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। इनमें मुरादाबाद मंडल के सेक्टर प्रभारी रामकुमार गुलाब, अमर सिंह, अरुण कुमार टिंकू, गजेंद्र सिंह, जिला संयोजक भाईचारा चंद्रपाल सिंह सैनी, करतार सिंह (जिला सचिव) तथा मुकेश कुमार (नगर विधानसभा प्रभारी) प्रमुख रूप से शामिल रहे।इस दौरान सिख समाज के उमेश सिंह, हरनाम सिंह, मेहर सिंह, अमित सिंह, फतेह सिंह, रणदीप सिंह, अमरदीप सिंह, जसवीर सिंह, साथ ही बलजीत कौर, रणजीत कौर, सिमरन कौर, अनीता कौर और अलका कौर को बहुजन समाज पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष निर्मल सिंह सागर ने कहा कि सिख समाज का बसपा में जुड़ना पार्टी को और मजबूत करेगा।

उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में सर्वसमाज के सहयोग से उत्तर प्रदेश में एक बार फिर बसपा की सरकार बनेगी।




# मिशन शक्ति केन्द्र, थाना मझोला पर पुलिस की पहल से पारिवारिक विवाद का हुआ सफल समाधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शासन की मंशा के अनुरूप तथा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और पारिवारिक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अंतर्गत थाना मझोला स्थित मिशन शक्ति केन्द्र पर रविवार को एक पारिवारिक विवाद का सफलतापूर्वक समाधान कराया गया। यह कार्रवाई उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन की देखरेख में संपन्न हुई। थाना मझोला पर एक महिला द्वारा पारिवारिक विवाद को लेकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। प्रार्थना पत्र प्राप्त होने के पश्चात दोनों पक्षों को मिशन शक्ति केन्द्र, थाना मझोला पर बुलाया गया। यहां महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा दोनों पक्षों की काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान टीम ने दोनों पक्षों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आपसी संवाद के माध्यम से विवाद के कारणों को समझाने का प्रयास किया। महिला मिशन शक्ति टीम की समझाइश और सकारात्मक प्रयासों के परिणामस्वरूप दोनों पक्ष एक-दूसरे की बातों से सहमत हो गए और आपसी सहमति से विवाद को समाप्त करने पर राजी हो गए। महिला आवेदिका द्वारा अपने प्रार्थना पत्र पर किसी भी



प्रकार की कानूनी कार्रवाई न किए जाने संबंधी लिखित सहमति भी दी गई। काउंसलिंग सफल रहने पर दोनों पक्षों को सकुशल उनके आवास के लिए रुखसत कर दिया गया। पुलिस की इस पहल की स्थानीय स्तर पर सराहना की जा रही है, जिससे यह संदेश गया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस न केवल कानून व्यवस्था बनाए रख रही है, बल्कि पारिवारिक विवादों को संवाद और समझदारी से सुलझाने में भी अहम भूमिका निभा रही है। इस काउंसलिंग में मिशन शक्ति केन्द्र टीम थाना मझोला से व0उ0नि0 संजय कुमार, म0उ0नि0 मोनिका चौधरी (मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी) एवं म0हे0का0 रीना शर्मा उपस्थित रहीं।

# शिव पार्वती रसोई परिवार द्वारा निरंतर सेवा कार्य जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शिव पार्वती रसोई परिवार द्वारा निरंतर जनसेवा का कार्य श्रद्धा और समर्पण के साथ जारी है। आज की रसोई में अरहर की दाल एवं चावल का भोग तैयार कर श्रद्धापूर्वक वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष पुष्प यादव एडवोकेट ने कहा कि "सेवा ही सच्ची पूजा है। भगवान शिव और माता पार्वती की कृपा से जरूरतमंदों को भोजन कराना ही हमारा धर्म है। जब तक समाज में कोई भूखा है, तब तक सेवा का यह यज्ञ अनवरत चलता रहेगा।"

उन्होंने आगे कहा कि मानव सेवा के माध्यम से ही ईश्वर की वास्तविक आराधना संभव है और शिव पार्वती रसोई परिवार इसी संकल्प के साथ कार्य कर रहा है।




इस पुनीत अवसर पर संस्था के सदस्य प्रत्यूष यादव, डॉ. सतवीर चौहान, राहुल शर्मा, सुनीत अग्रवाल, योगेश कुमार भारती, हरि ओम शर्मा, विवेक गुप्ता, ओमप्रकाश सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने सेवा कार्य में सहयोग प्रदान किया। शिव पार्वती रसोई परिवार का यह सेवा अभियान आगे भी इसी श्रद्धा, विश्वास और मानव कल्याण की भावना के साथ जारी रहेगा।

# रोटरी क्लब चन्दौसी अमन ने एएम वर्ल्ड स्कूल में आयोजित की स्पोर्ट्स मीट



**चन्दौसी।** रोटरी क्लब चन्दौसी अमन द्वारा रविवार को ए.एम. वर्ल्ड स्कूल परिसर में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत क्रिकेट मैच धुरंधर-11 एवं बॉर्डर-11 टीमों के बीच खेला गया, जिसमें धुरंधर-11 ने 24 रन से विजय प्राप्त की। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रो. पवन गुप्ता को मैन ऑफ द मैच चुना गया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट पब्लिक इमेज चेयर रोटेरियन राहुल बिंदल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन दीपेश गुप्ता ने उनका तथा सभी सदस्यों का स्वागत किया। इस जनरल मीटिंग को खेल उत्सव का रूप दिया गया, जिसमें सभी रोटरी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि ने आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों के लिए स्वरुचि भोज का आयोजन किया गया।

# ब्लॉक में निकाली गई बाइक तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुंडापांडे।** गणतंत्र दिवस से एक दिन पूर्व मुंडापांडे ब्लॉक में बाइक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह सैकड़ों समर्थकों के साथ शामिल हुए। यात्रा ग्राम भदासना से प्रारंभ होकर मुंडापांडे, खाईखेड़ा, बिनावाला, खबड़िया, बरबारा, सिहोराबाजे, गणेशघाट, सहरिया हिरनखेड़ा, भीतखेड़ा, मनकरा होते हुए विधायक के कैंप कार्यालय महर्षि दयानंद सरस्वती लॉ कॉलेज पर समाप्त हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया और हाथों में तिरंगा झंडा लेकर 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। पूरे मार्ग पर देशभक्ति के नारों से माहौल उत्साह से भरा रहा। यात्रा के समापन पर विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए युवाओं से अपील की कि वे देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों को याद रखें। उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और बलिदान का प्रतीक है।

# रिश्तेदार बताकर, कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक से ऑनलाइन ठगी का प्रयास

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा के कोतवाली प्रभारी मनोज परमार ने बताया कि उनके फोन पर एक व्यक्ति का फोन आया, जिसमें उसने कहा कि वह आपकी रिश्तेदार बुआ का लड़का बोल रहा है। उनसे उसने जान पहचान बताकर अपने जाल में फंसने की कोशिश की। इसके बाद उसने कहा कि उसे 10 हजार रूपए की सख्त जरूरत है वह उसके खाते में डाल दें। उसने कहा कि वह आपके रुपए जल्द ही वापस कर देगा। इस पर प्रभारी निरीक्षक समझ गए कि वह व्यक्ति उनके साथ ऑनलाइन ठगी का प्रयास कर रहा है। इस पर उन्होंने जब उसके साथ कड़ाई से बात की तो आरोपी ने अपना फोन स्विच ऑफ कर लिया। बता दें कि प्रभारी निरीक्षक ठाकुरद्वारा मनोज परमार पहले साइबर थाने के प्रभारी भी रह चुके हैं।

# एफआर इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर युवाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** नगर के एफ.आर. इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन कर युवाओं एवं नए मतदाताओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया तथा मतदाता बनने की प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया गया। वक्ताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने, जिम्मेदार नागरिक बनने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर महफूज आजमवादी, सभासद जाकिर सलमानी, फखरे आलम, मतीन नवाज, हाजी राशिद, तनवीर सैफी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) का भी सराहनीय सहयोग रहा।
























# संविधान हमारी आत्मा

भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार डॉ. बीआर अंबेडकर ने कहा था कि संविधान महज एक वकील का दस्तावेज नहीं है, यह जीवन का वाहन है और इसकी आत्मा हमेशा युग की भावना है। इस संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में 77वां गणतंत्र दिवस का जश्न मनाने के लिए तैयार हो रहे हैं, जिसका मुख्य आकर्षण वे झांकियां हैं जो भारत की समृद्ध परंपरा, सांस्कृतिक विरासत, देश की प्रगति और उपलब्धियों के आइने और भारतीय सेना, भारतीय नौसेना व एयर शो भी दिखाती हैं। गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल और बीटिंग द रिट्रीट समारोह पहले से ही सभी भारतीय राज्यों की राजधानियों में पूरे जोरों पर किया जा रहा है, लेकिन इस वर्ष इसकी तारीख, इतिहास, महत्व और थीम क्या है? भारत प्रतिवर्ष 26 जनवरी को अपना गणतंत्र दिवस मनाता है। इस वर्ष यह दिन सोमवार को पड़ रहा है। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 1950 को भारत के संविधान को अपनाने की याद दिलाता है। भारत को 1947 में ब्रिटिश राज से आजादी मिली, लेकिन 26 जनवरी, 1950 तक भारत का संविधान लागू नहीं हुआ था। संविधान सभा का पहला सत्र 9 दिसंबर, 1946 को और आखिरी सत्र 26 नवंबर, 1949 को हुआ और फिर एक साल बाद संविधान को अपनाया गया। डॉ. बीआर अंबेडकर ने संविधान की मसौदा समिति का नेतृत्व किया और इस दिन भारत संविधान दिवस भी मनाता है। गणतंत्र दिवस स्वतंत्र भारत की भावना का स्मरण कराता है क्योंकि इसी दिन 1930 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने औपनिवेशिक शासन से पूर्ण स्वराज की घोषणा की थी। गणतंत्र दिवस भारतीय नागरिकों की लोकतांत्रिक तरीके से अपनी सरकार चुनने की शक्ति का भी स्मरण कराता है, इसलिए देश इसे भारतीय संविधान की स्थापना के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मनाता है। देश में गणतंत्र दिवस समारोह काफी उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन राष्ट्रपति राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं। इसके अतिरिक्त भारत के राष्ट्रपति देश के योग्य नागरिकों को पद्म पुरस्कार वितरित करते हैं। साथ ही बहादुर सैनिकों को परमवीर चक्र, अशोक चक्र और वीर चक्र से सम्मानित किया जाता है। गणतंत्र दिवस परेड का लाइव प्रसारण और वेबकास्ट भी हर साल किया जाता है। ताकि लोग आसानी से परेड को देख सकें। स्वतंत्रता दिवस के साथ-साथ गणतंत्र दिवस भी देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण पर्व है।

## बेटियों ने कीर्तिमान स्थापित किए



गणतंत्र दिवस उत्सव देशवासियों में राष्ट्रीय एकता तथा गौरव की भावना को मजबूत बनाता है, राष्ट्रीय एकता के स्वरूपों को जीवंत बनाए रखने का प्रत्येक प्रयास अत्यंत सराहनीय है, 57 करोड़ जन-धन अकाउंट में 56 फीसदी महिलाओं के अकाउंट हैं, 10 करोड़ से ज्यादा सेल्फ हेल्प ग्रुप हैं, खेल-कूद में हमारी बेटियों ने कीर्तिमान स्थापित किए हैं, महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप, ब्लाइंड वर्ल्ड कप जीता है, नारी शक्ति अधिनियम से देश की महिलाएं और सशक्त होंगी, वंचित वर्ग की योजनाओं को लगातार बढ़ाया जा रहा है, महिलाओं का सक्रिय और समर्थ होना देश के विकास के लिए जरूरी है।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

# आज के बच्चे और युवा ही हैं आने वाले भारत की सबसे बड़ी ताकत



26 जनवरी 2026 को जब हम भारत के गणतंत्र बनने के 76 वर्षों का उत्सव मनाते हैं, तब यह विचार और भी प्रासंगिक हो जाता है कि आने वाले भारत की दिशा, दशा और पहचान हमारे बच्चों के हाथों में सुरक्षित है। गणतंत्र दिवस हमें संविधान, अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है, और इन्हीं अधिकारों व कर्तव्यों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी आज के बच्चों पर है। बच्चे केवल कल के नागरिक नहीं हैं, वे आज के सक्रिय सहभागी भी हैं, जिनकी सोच, ऊर्जा और कल्पनाशीलता भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है।

**डिजिटल युग में बच्चों को तकनीक से जोड़ना आवश्यक है, लेकिन साथ ही उन्हें मानवीय मूल्यों से जोड़ना भी उतना ही जरूरी है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर यह सोचने की जरूरत है कि क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था बच्चों को केवल प्रतिस्पर्धा सिखा रही है या सहयोग और सह-अस्तित्व का भाव भी जगा रही है।**

भारत एक युवा देश है, जहां जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा बच्चों और युवाओं का है। यह जनसांख्यिकीय लाभांश भारत की सबसे बड़ी ताकत है। यदि इन बच्चों को सही शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और नैतिक मूल्यों का आधार मिले, तो भारत न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बनेगा, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी समृद्ध होगा। गणतंत्र दिवस का अर्थ केवल परेड देखना या तिरंगा फहराना नहीं है, बल्कि यह संकल्प लेना है कि हम अपने बच्चों के लिए एक ऐसा भारत बनाएं, जहां उन्हें समान अवसर, सम्मान और स्वतंत्रता मिले। बच्चों का विकास केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होना चाहिए। उनमें वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता, करुणा और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी उतना ही आवश्यक है। आज का बच्चा कल का वैज्ञानिक, शिक्षक, डॉक्टर, किसान, कलाकार, सैनिक और नेता बनेगा। यदि बचपन में ही उनमें देशप्रेम, संविधान के प्रति सम्मान और सामाजिक न्याय की समझ विकसित की जाए, तो वे एक मजबूत लोकतंत्र की नींव रखेंगे। गणतंत्र दिवस हमें यह याद दिलाता है कि भारत का संविधान हर बच्चे को समानता, स्वतंत्रता और गरिमा का अधिकार देता है, और समाज का दायित्व है कि इन अधिकारों को व्यवहार में उतारे। शिक्षा इस पूरे विचार की धुरी है। गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा बच्चों को न केवल रोजगार योग्य बनाती है, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक भी बनाती है। ग्रामीण और शहरी, अमीर और गरीब, लड़का और लड़कीकृहर बच्चे को समान शिक्षा का अवसर मिलना चाहिए। डिजिटल युग में बच्चों को तकनीक से जोड़ना आवश्यक है, लेकिन साथ ही उन्हें मानवीय मूल्यों से जोड़ना भी उतना ही जरूरी है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर यह सो. चने की जरूरत है कि क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था बच्चों को केवल प्रतिस्पर्धा सिखा रही है या सहयोग और सह-अस्तित्व का भाव भी जगा रही है। स्वास्थ्य और पोषण बच्चों के भविष्य का दूसरा महत्वपूर्ण स्तंभ है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है। कुपोषण, बाल रोग और मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं बच्चों की प्रगति में बड़ी बाधा बन सकती हैं। एक सशक्त भारत के लिए यह आवश्यक है कि हर बच्चे को पौष्टिक भोजन, स्वच्छ वातावरण और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। जब हम गणतंत्र दिवस पर एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत की बात करते हैं, तो हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आत्मनिर्भरता की शुरुआत स्वस्थ बच्चों से ही होती है।

बच्चों के अधिकारों की रक्षा भी एक महत्वपूर्ण विषय है। बाल श्रम, बाल विवाह, शोषण और भेदभाव जैसी समस्याएं आज भी समाज में मौजूद हैं। एक सच्चे गणतंत्र में बच्चों के लिए भयमुक्त और सुरक्षित वातावरण होना चाहिए। कानून तभी सार्थक होते हैं जब वे जमीन पर लागू हों और समाज उन्हें स्वीकार करे। बच्चों को अपनी बात रखने का अवसर देना, उनकी भावनाओं को समझना और उनके सपनों का सम्मान करना एक जिम्मेदार समाज की पहचान है। संस्कृति और नैतिक मूल्य बच्चों के चरित्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। भारत की विविध संस्कृति, भाषाएं, परंपराएं और इतिहास बच्चों को एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। गणतंत्र दिवस उन्हें यह सिखाने का अवसर है कि विविधता में एकता ही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। जब बच्चे अपने देश की विरासत पर गर्व करना सीखते हैं और साथ ही आधुनिक विचारों को अपनाते हैं, तब एक संतुलित और प्रगतिशील समाज का निर्माण होता है। आज का बच्चा वैश्विक नागरिक भी है। दुनिया तेजी से बदल रही है और भारत के बच्चे अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान बना रहे हैं। विज्ञान, खेल, कला और नवाचार के क्षेत्र में भारतीय बच्चों की उपलब्धियां यह साबित करती हैं कि यदि उन्हें अवसर मिले, तो वे किसी से कम नहीं हैं। गणतंत्र दिवस पर यह गर्व और जिम्मेदारी दोनों का विषय है कि हम अपने बच्चों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करें, लेकिन अपनी जड़ों से जोड़े रखें। पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता भी बच्चों में विकसित करना समय की आवश्यकता है। आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों की कमी सबसे बड़ी चुनौतियां होंगी। यदि बच्चे प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीना सीखें, तो भारत का भविष्य अधिक सुरक्षित और टिकाऊ होगा। गणतंत्र दिवस केवल अतीत की उपलब्धियों को याद करने का दिन नहीं है, बल्कि भविष्य की जिम्मेदारियों को समझने का भी दिन है, और इन जिम्मेदारियों का सबसे बड़ा वाहक आज का बच्चा है। अंततः यह कहा जा सकता है कि बच्चे भारत का भविष्य ही नहीं, वर्तमान की आशा भी हैं। उनकी मुस्कान में देश का कल छिपा है, उनकी आंखों में नए भारत का सपना बसता है।

गणतंत्र दिवस 2026 पर जब तिरंगा लहराता है और राष्ट्रगान गूंजता है, तब यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने बच्चों को केवल बड़े सपने देखने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें साकार करने के लिए भी सक्षम बनाएंगे।

सेहत का ख्याल

# वेट लॉस के लिए अपनाएं इन तरीकों को

**अगर आप वेट कम करना चाहती हैं, तो आपको चलने पर अधिक ध्यान देना चाहिए। वहीं वेट लॉस के लिए वॉकिंग एक बेहतर ऑप्शन है। यदि आप पेट की जिद्दी चर्बी को कम करना चाहती हैं, तो ज्यादा से ज्यादा वॉक करना चाहिए। इससे हमारी बॉडी फैट ऑक्सीडेशन मोड में आ जाती है।**



वेट लॉस के लिए सही डाइट और फिजिकल एक्टिविटी काफी जरूरी है। अगर आप रनिंग, वॉकिंग या एक्सरसाइज आदि नहीं करती हैं, तो सही खानपान होने के बाद भी आपको वेट लॉस में मुश्किल आ सकती है। हालांकि शरीर की जिद्दी चर्बी को कम करने के लिए बहुत सारे लोग रनिंग या वॉकिंग करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनमें से किससे जल्दी फैट बर्न होता है। साथ ही इसका सही तरीका क्या है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि वॉकिंग या रनिंग में से कौन ज्यादा फायदेमंद होता है।

**रनिंग और वॉकिंग क्या ज्यादा बेहतर**

वेट लॉस के लिए अक्सर लोग वॉकिंग या रनिंग करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनमें से किससे फैट ज्यादा तेजी से बर्न होता है और इसको करने का सही तरीका क्या है। एक्सपर्ट की मानें, तो अगर आप सही समय और सही तरीके से रनिंग या वॉकिंग करते हैं, तो यह आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। हालांकि इससे वेट लॉस कैसे और कितना कम होगा, यह सभी के लिए अलग-अलग हो सकता है। जब आप वॉक करते हैं, तो इसमें फैट ऑक्सीडेशन का उपयोग होता है। वहीं रनिंग करने में शरीर स्टोर किए हुए ग्लाइकोजन का इस्तेमाल होता है। ऐसे में जब हम वॉक करते हैं, तो हमारी बॉडी फैट बर्निंग जोन में होता है। वहीं इस दौरान फैटी एसिड्स और फैट सेल्स का ब्रेकडाउन होता है। बाद में यह एटीपी के फॉर्म में ऑक्सीडाइड हो जाते हैं। अगर आसान भाषा में इसको समझा जाए, तो इससे बॉडी में ज्यादा एनर्जी मिलती है। जब आप रनिंग करते हैं, तो बॉडी के पास एनर्जी लेने का पर्याप्त समय नहीं होता है। इस दौरान शरीर को फौरन एनर्जी चाहिए होती है। इसलिए रनिंग के समय ग्लाइकोलिसिस एक्टिवेट होते हैं। हालांकि यह पूरी तरह से एनर्जी के लिए कार्ब्स और लिवर पर निर्भर होते हैं।

एक्सपर्ट के अनुसार, अगर आप वेट कम करना चाहती हैं, तो आपको चलने पर अधिक ध्यान देना चाहिए। वहीं वेट लॉस के लिए वॉकिंग एक बेहतर ऑप्शन है।

यदि आप पेट की जिद्दी चर्बी को कम करना चाहती हैं, तो ज्यादा से ज्यादा वॉक करना चाहिए। इससे हमारी बॉडी फैट ऑक्सीडेशन मोड में आ जाती है। इस दौरान शरीर खुद को एनर्जी देने और चार्ज करने के लिए यह जमा किए फैट का इस्तेमाल करता है। साथ ही यह हार्मोन्स के लिए भी अच्छा होता है। कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ के लिए रनिंग फायदेमंद माना जाता है। वहीं एनर्जी के लिए जमा किए हुए कार्ब्स का इस्तेमाल करती है। ऐसे में रनिंग करने से फैट से ज्यादा कार्ब्स बर्न होते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शांति, प्राकृतिक सौंदर्य और औपनिवेशिक विरासत का अनोखा मेल है कसौली

हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में स्थित कसौली एक छोटा लेकिन बेहद आकर्षक और शांत पहाड़ी स्थल है। समुद्र तल से लगभग 1,900 मीटर की ऊंचाई पर बसा कसौली अपनी हरियाली, शांत वातावरण, औपनिवेशिक इमारतों और मनोरम .श्यों के लिए जाना जाता है। यह एक आदर्श स्थान है उन लोगों के लिए जो भीड़भाड़ और शोरगुल से दूर कुछ सुकून के पल बिताना चाहते हैं।

**कसौली का इतिहास और विशेषता**

कसौली की स्थापना 1842 में ब्रिटिश राज के दौरान एक सैन्य छावनी के रूप में हुई थी। यहां आज भी कई ब्रिटिश-युग की इमारतें और चर्च मौजूद हैं, जो इसके इतिहास को जीवंत बनाए रखते हैं। साथ ही, यहां की प्राकृतिक सुंदरता और साफ-सुथरी जलवायु इसे एक बेहतरीन हिल स्टेशन बनाती है।

**प्रमुख आकर्षण**

1. **मंकी पॉइंट**

कसौली का सबसे ऊंचा स्थान मंकी पॉइंट है, जहां से सतलुज नदी, चंडीगढ़ और शिमला के .श्य साफ दिखाई देते हैं। यहां एक छोटा हनुमान मंदिर भी है, जो धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य दोनों के लिए प्रसिद्ध है।

2. **गिल्बर्ट ट्रेल**

प्राकृतिक प्रेमियों और वॉकिंग के शौकीनों के लिए यह एक आदर्श जगह है। यह पगडंडी देवदार और ओक के पेड़ों के बीच से गुजरती है और यहां की शांति आत्मा को सुकून देती है।

3. **क्राइस्ट चर्च**

1853 में बना यह चर्च कसौली की सबसे पुरानी इमारतों में से एक है। इसकी गोथिक शैली की वास्तुकला और रंगीन कांच की खिड़कियां देखने लायक हैं।

4. **सनसेट पॉइंट**

शाम के समय यहां से सूर्यास्त का .श्य अत्यंत मनमोहक होता है। पहाड़ियों के बीच सूरज को डूबते हुए देखना एक अविस्मरणीय अनुभव है।

5. **कसौली**

यह एशिया की सबसे पुरानी डिस्टिलरी मानी जाती है, जो अब भी संचालित हो रही है। यह ब्रिटिश काल की विरासत को संजोए हुए है।

**कसौली में करने योग्य गतिविधियां**

- प्राकृतिक ट्रेल्स पर वॉकिंग और ट्रेकिंग
- स्थानीय बाजारों में शॉपिंग हस्तशिल्प, ऊनी वस्त्र, जैम आदि
- फोटोग्राफी और बर्ड वॉचिंग
- चर्चों और औपनिवेशिक इमारतों की खोज
- शांत वातावरण में ध्यान और योग

**यात्रा का सर्वोत्तम समय**

मार्च से जून- गर्मियों में ठंडक का आनंद लेने के लिए उपयुक्त।

सितंबर से नवंबर- साफ आसमान और हरियाली देखने के लिए।

दिसंबर से फरवरी- बर्फबारी का आनंद लेने वालों के लिए बेहतरीन समय।

कसौली एक ऐसा पर्यटन स्थल है जहां प्रकृति की गोद में शांति, सौंदर्य और इतिहास का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यह उन लोगों के लिए आदर्श स्थान है जो जीवन की दौड़-भाग से दूर कुछ पल सुकून और ताजगी के साथ बिताना चाहते हैं।



दिल्ली से मुनस्यारी आराम से और बहुत कम पैसे में पहुंच सकते हैं। इसके लिए आप हिमाचल रोडवेज बस सर्विस या फिर प्राइवेट बस लेकर पहुंच सकते हैं। दिल्ली में स्थित कश्मीरी गेट बस स्टैंड से कसोल के लिए डायरेक्ट बस चलती रहती हैं। दिल्ली से कसोल का जाने का बस किराया करीब 400-500 रूपए लगते हैं। हालांकि, प्राइवेट बस का किराया 1000-1500 रूपए से अधिक हो सकता है।

दिल्ली से कसोल के लिए डायरेक्ट ट्रेन नहीं चलती है। इसके लिए आपको जोगिंदर नगर रेलवे स्टेशन पहुंचना होगा। जोगिंदर नगर से बस लेकर आप कसोल पहुंच सकते हैं। इसके अलावा सबसे पास कुल्लू-मनाली एयरपोर्ट है। कुल्लू से लोकल बस या टैक्सी लेकर आराम से पहुंच सकते हैं।

कसोल हिमाचल प्रदेश का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। इसलिए यहां कई होटल और रिसॉर्ट आसानी से मिल जाते हैं। अगर आप सस्ते में रूम बुक करना चाहते हैं, तो फिर आपको मुख्य शहर से कुछ दूरी पर बुक करना चाहिए।

कसोल में ठहरने के लिए आप यशी कसोल कॉटेज, शांति होटल, ग्रीन पार्क कॉटेज, चलो कसोल गेस्ट हाउस और शिवालय गेस्ट हाउस में रूक बुक कर सकते हैं। इस होटल और कॉटेज में करीब 500 से लेकर 800 रूपए में रूम मिल जाते हैं। इन होटल्स में खाने-पीने और वाई-फाई की भी सुविधा मिल जाती है।

कसोल हिमाचल प्रदेश का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। इसलिए यहां खाने-पीने जगहों की भरमार है। यहां आप स्ट्रीट फूड से लेकर बड़े-बड़े रेस्तरां में भी भोजन का स्वाद चख सकते हैं। (उत्तराखंड की सबसे खूबसूरत वैली) कसोल में आप पारंपरिक भोजन खसखस का हलवा, कढ़ी और सिदू का स्वाद चखना ना भूलें। स्ट्रीट फूड में आप आलू टिक्की, समोसे, कचोरी और छोले भटूरे का स्वाद चख सकते हैं। वैसे जिस होटल में रूम बुक करते हैं, उस होटल में भी खाने-पीने की व्यवस्था हो सकती है।

**( साभार प्रीटी )**

# गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

## राज्यपाल महोदया उ0प्र0 के द्वारा सम्मानित किसान को उद्यमी बनाने के लिए संकल्पित मोती की खेती काजू प्रसंस्करण इकाई की स्थापना




मां महिमा राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल कंपनी के निदेशक श्री आनंद कुमार त्रिपाठी और कंपनी के सीईओ डॉक्टर अयूब हुसैन को सम्मानित करते हुए

## किसानों के लिए संदेश (पर्ल्स फार्मिंग हेतु)

प्रिय किसान भाइयों एवं बहनों,

पर्ल्स (मोती) की खेती एक उन्नत, लाभकारी और भविष्य उन्मुख कृषि–तकनीक है, जो कम भूमि और सीमित जल संसाधनों में भी बेहतर आय का अवसर प्रदान करती है। इस खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कुल लागत पर 50 प्रतिशत तक का अनुदान भी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे किसानों का प्रारंभिक निवेश कम होता है।

MNI AGROHUB PVT. LTD.
INNOVATIVE SOLUTIONS FOR AGRICULTURE


उत्तर प्रदेश में MNI Agrohub के माध्यम से पर्ल्स फार्मिंग के प्रोजेक्ट लगातार स्थापित किए जा रहे हैं। वर्तमान में लगभग 150 प्रोजेक्ट प्रक्रियाधीन हैं। अनेक किसान इस खेती को अपनाकर सिर्फ एक फसल में ही अपनी आय को 4 गुना तक बढ़ाने में सफल हुए हैं।

हम सभी किसान भाइयों से आग्रह करते हैं कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लें, वैज्ञानिक विधियों को अपनाएँ, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएँ और बाजार से सही जुड़ाव करें। पर्ल्स फार्मिंग आपके लिए आत्मनिर्भरता, स्थायी आय और समृद्ध भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम है।

आइए– नवाचार अपनाएं, अनुदान का लाभ लें और अपनी आय को कई गुना बढ़ाएं।











कंपनी के निदेशक श्री आनंद कुमार त्रिपाठी कंपनी के सीईओ डॉक्टर अयूब हुसैन को सम्मानित करते हुए



डॉ अयूब हुसैन को सम्मानित करते मुरादाबाद के कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह आई ए एस




कंपनी के सीईओ डॉ अयूब हुसैन को सम्मानित करते डीएम पीलीभीत श्री ज्ञानेंद्र सिंह आईएएस



डॉ अयूब हुसैन को सम्मानित करते डीएम संभल डॉ राजेंद्र पेंसिया आई ए एस

**उत्तर प्रदेश के वे जिले जहाँ परियोजनाएँ पहले से स्थापित की जा चुकी हैं**

मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर, संभल, आगरा, कानपुर, बहराइच, बाराबंकी, उन्नाव, सुल्तानपुर, गोरखपुर, पीलीभीत, बरेली, लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, बिजनौर, अयोध्या, शाहजहाँपुर, लखीमपुर, कन्नौज, बुलंदशहर, गोंडा तथा अलीगढ़।

डॉ. अय्यूब हुसैन
मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ)

एमएनआई एग्रोहब प्रा. लि.
(कृषि के लिए नवाचारी समाधान)

श्री आनंद कुमार त्रिपाठी
निदेशक (Director)

पता : 2/41, विक्रांत खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226010, भारत